

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




10 अल्लू अर्जुन के साथ नेगेटिव रोल में नजर आएंगी रश्मिका मंदाना?... आरोप- पुतिन ने अपने विरोधी को एपिबैटिडीन जहर देकर मारा.... 12

वर्ष : 13 | अंक : 306 | पटना,सोमवार, 16 फरवरी, 2026 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 26.0°C
न्यूनतम तापमान 13.0°C

राजधानी पटना व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 45% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

सोना 1,53,410

चांदी 2,80,000

सेंसेक्स 82,626.76

निफ्टी 25,471.10

# महाशिवरात्रि की धूम, हर हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हुआ शहर

## महाशिवरात्रि महोत्सव में शामिल हुये मुख्यमंत्री

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को खाजपुरा, नेहरू मार्ग स्थित शिव मंदिर के निकट महाशिवरात्रि शोभा यात्रा के अभिनंदन महोत्सव में सम्मिलित होकर भगवान भोलेनाथ, मॉ पार्वती एवं उनकी सवारी भगवान नंदी की आरती कर पूरे बिहार में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर आयोजकों ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर अभिनन्दन किया। शोभा यात्रा में निकली भगवान भोलेनाथ की टोली का भव्य आरती और पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने शिव मंदिर, खाजपुरा में भगवान भोलेनाथ एवं मॉ पार्वती की पूजा-अर्चनाकी। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा, सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, विधायक संजीव चौरसिया, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ चन्द्रशेखर सिंह, राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



## नितिन नवीन ने की खाजपुरा मंदिर में महादेव की पूजा अर्चना

### महाशिवरात्रि महोत्सव में शामिल हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

प्रात : किरण

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बांकीपुर के विधायक नितिन नवीन आज खाजपुरा, नेहरू मार्ग स्थित शिव मंदिर के निकट महाशिवरात्रि शोभा यात्रा के अभिनंदन महोत्सव में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न इलाकों से आई झांकियों का अभिनंदन किया। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन इस दौरान खाजपुरा मंदिर भी गए और भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर देश और बिहार में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर आयोजकों ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर अभिनंदन किया। उन्होंने इस आयोजन की तारीफ करते हुए निकाली गई झांकियों की प्रशंसा की। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने अभिनंदन समिति के संयोजक सह दीघा के विधायक संजीव चौरसिया की तारीफ करते हुए कहा कि प्रति वर्ष समिति द्वारा यह आयोजन किया जाता है और प्रत्येक वर्ष इसका स्वरूप बढ़ता जा रहा है। इसके बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन पटना सिटी गौरी शंकर मंदिर पहुंचे और वहां पूजा अर्चना कर देवों के देव महादेव से आशीर्वाद मांगा। इस क्रम में उन्होंने देश की समृद्धि की कामना की। इस मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री ने देशवासियों को महाशिवरात्रि की दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देशवासियों को महाशिवरात्रि और कश्मीरी पंडित समुदाय की समृद्ध परंपराओं को दशार्ने वाले पवित्र त्योहार हेराथ पोश्ते की शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा, देशभर के मेरे परिवारजनों को महाशिवरात्रि की ढेरों शुभकामनाएं। मेरी कामना है कि आदिदेव महादेव सदैव सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें। उनके आशीर्वाद से सबका कल्याण हो और हमारा भारतवर्ष समृद्धि के शिखर पर विराजमान हो। हेराथ पोश्ते के अवसर पर सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमारे कश्मीरी पंडित समुदाय की समृद्ध परंपराओं को दशार्ता है। यह उत्सव सफलता के नए रास्ते खोले और हर घर को आनंद एवम संतोष से भर दे।

### भारतीय सेना ने बीते वर्ष बचाई 28 हजार से अधिक नागरिकों की जान

नई दिल्ली। बीते वर्ष 2025 में भारतीय थलसेना ने 10 राज्यों में 80 से अधिक स्थानों पर 141 टुकड़ियां तैनात कीं। हालांकि सेना की इन टुकड़ियों की तैनाती का मकसद कोई युद्धक तैयारी नहीं, बल्कि शांति और सहायता था। इन अभियानों के दौरान भारतीय सेना ने 28 हजार 293 नागरिकों को बचाया। वहीं 7,318 लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। यही नहीं, आपदा में फंसे 2,617 व्यक्तियों तक भारतीय सेना ने बेहद आवश्यक राहत सामग्री भी पहुंचाई। युद्धभूमि से अलग सेना के ये प्रयास उसे आपदा राहत का अग्रदूत बनाते हैं। भारतीय सेना ने न केवल देश में बल्कि मुसीबत आने पर विदेशों में भी बचाव अभियान चलाए हैं। म्यांमार में आए भूकंप के बाद भारत सरकार ने मार्च 2025 में ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया था। इसके अंतर्गत म्यांमार में भारतीय थलसेना को तैनात किया गया था। यहां तैनात जवानों ने प्रभावित क्षेत्रों में 60 बिस्तरों वाले फील्ड अस्पताल तैयार किए और मात्र दो सप्ताह के भीतर 2,500 से अधिक भूकंप प्रभावित लोगों को चिकित्सा उपचार प्रदान किया। केंद्र सरकार के मुताबिक, इस दौरान छह विमानों और भारतीय नौसेना के पांच जहाजों के माध्यम से लगभग 750 मीट्रिक टन आपदा राहत सामग्री प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाई गई।

### डीआरडीओ एस्ट्रा एमके2 को जल्द से जल्द भारतीय वायुसेना को सौंपने की तैयारी में

नई दिल्ली। भारत की घातक मिसाइल भारतीय वायुसेना को इस्तेमाल के लिए जल्द दे दी जाएगी। डीआरडीओ ने एस्ट्रा एमके2 के प्रोडक्शन के लिए मंजूरी देने की तैयारी की है। इसकी रेंज 220 किलोमीटर बढ़ाई गई है, जिसके बाद यह आईएएफ का प्राइमरी बीवीरामा बनने के लिए तैयार है। इसके साथ ही भारत की स्वदेशी एयर कॉम्बैट क्षमताओं में बड़े बदलाव होने वाला हैं। डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन इस साल के आखिर में एस्ट्रा एमके2 एयर-टू-एयर मिसाइल के लिए प्रोडक्शन शुरू करने की तैयारी कर रहा है। शुरूआती उम्मीदों से कहीं ज्यादा बेहतर डेवलपमेंट में इस मिसाइल ने अपने ओरिजिनल डिजाइन पैरामीटर्स से कहीं बेहतर कैपेबिलिटी दिखाई है।

### मुख्यमंत्री ने कुर्जी नाला निर्माण योजना तथा आनन्दपुरी नाला निर्माण योजना का किया निरीक्षण

# नाले के ऊपर सड़क बनने से लोगों को यातायात में होगी सहूलियत : नीतीश

## सीएम का निर्देश :निर्माण कार्यों को तेजी से करें पूरा

■ शहर भी साफ-सुथरा और व्यवस्थित दिखेगा

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को आशियाना दीघा रोड में राजीव नगर के पास बनाये जा रहे कुर्जी नाला (राजीव नगर नाला) निर्माण योजना का निरीक्षण किया साथ ही आनंदपुरी नाला का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नाला निर्माण योजना के अंतर्गत नाले का पक्कीकरण कर इसके ऊपर सड़क का निर्माण किया जा रहा है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन कार्यों को तेजी से पूर्ण करें। इन योजनाओं के पूर्ण होने पर जलजमाव की समस्या से निजात मिलेगी एवं नाले के ऊपर टू-लेन सड़क निर्माण से लोगों को सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी। शहर भी साफ-सुथरा और व्यवस्थित दिखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति यात्रा के दौरान हमने 21 फरवरी, 2025 को पटना जिले के विकास कार्यों का जायजा लिया था और उस दौरान जिले की कई विकास योजनाओं की घोषणाएँ की थीं। उसी समय मैंने आनन्दपुरी नाला तथा कुर्जी नाला (राजीव नगर नाला) का निरीक्षण किया था जिसमें काफी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित थे। उनकी समस्याओं को देखते हुए मैंने निर्देश दिया था कि इन नालों को ठीक करते हुए इसके ऊपर सड़क निर्माण किया जाए ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा हो। मुझे खुशी है कि इस पर काम किया जा रहा है।



**नाले का पक्कीकरण एवं इसके ऊपर सड़क निर्माण**

ज्ञातव्य है कि राजीव नगर नाला पटना शहर के जल निकासी हेतु एक महत्वपूर्ण नाला है। इसकी लंबाई 4.26 किलोमीटर है जो दीघा आशियाना रोड से प्रारंभ होकर कुर्जी ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशन पर समाप्त होता है। राजीव नगर नाले का पक्कीकरण एवं इसके ऊपर सड़क निर्माण किया जा रहा है। वहीं आनन्दपुरी नाला पटना शहर के जल निकासी हेतु एक महत्वपूर्ण नाला है। इसकी लंबाई लगभग 4 किलोमीटर है जो बाबा चौक से शुरू होकर अटल पथ एवं एएन कॉलेज के पास से राजापुर पुल ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशन पर समाप्त होता है। आनन्दपुरी नाले का पक्कीकरण एवं इसके ऊपर सड़क निर्माण किया जा रहा है।

**ये रहें मौजूद :**

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष परासर, नगर आयुक्त यशपाल मीणा, जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एस एम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# टी20 वर्ल्ड कप : भारत ने पाक को रिकॉर्ड 61 रनों से रौंदा

### जीत के साथ ही भारतीय टीम सुपर-8 राउंड के लिए किया क्वालिफाई

प्रात : किरण

कोलंबो / एजेंसी। भारत ने टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को रिकॉर्ड आठवीं बार हरा दिया है। श्रीलंका के कोलंबो में खेले गए मुकाबले में भारत ने 61 रनों से जीत दर्ज की। टूनामेंट के इतिहास में यह भारत की पाकिस्तान पर रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सुपर-8 राउंड के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम लगातार 3 जीत के साथ ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में ईशान के तूफानी अर्द्धशतक के दम पर भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 175 रन बनाए थे।

176 रन का टारगेट चेज कर रही पाकिस्तानी टीम 18 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई। उस्मान खान ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट झटके। ईशान किशन ने 40 बॉल पर 77 रन की पारी खेली। इस पारी में 10 चौके और 3 छक्के शामिल हैं। कप्तान सूर्यकुमार ने 32 रन बनाए। सईम अयूब ने 3 विकेट। भारत ने इस जीत के साथ ही टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपने रिकॉर्ड को 8-1 कर लिया है।



**भारत की पारी : 175/7 (20 ओवर)**

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 175/7 का मजबूत स्कोर बनाया।

ईशान किशन ने 40 गेंदों पर 77 रन (10 चौके, 3 छक्के) की तूफानी पारी खेली।तिलक वर्मा (25) और सूर्यकुमार यादव (कप्तान) (32) ने मध्यक्रम संभाला।आखिरी ओवरों में शिवम दुबे (27) और रिंकू सिंह (11 रन 4) ने तेज रन जोड़कर टीम को 175 तक पहुंचाया।पाकिस्तान की ओर से सैम अयूब ने 4 ओवर में 3 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाजी की।

**पाकिस्तान की पारी : 114 ऑलआउट (18 ओवर)**

176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरूआत बेहद खराब रही।2 ओवर के अंदर 3 विकेट गिर गए, इसके बाद पाकिस्तान उबर ही नहीं सका।उस्मान खान (44) ने कुछ संघर्ष किया, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिला।भारतीय गेंदबाजों ने लगातार दबाव बनाए रखा और पाकिस्तानी बल्लेबाजों को खुलने नहीं दिया।जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल , वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट झटके।

## लोस अध्यक्ष को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा और मतदान नौ मार्च को

प्रात : किरण

तवांग/ एजेंसी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा और उसके बाद मतदान नौ मार्च को होगा। रीजीजू ने कहा कि बजट सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च से दो अप्रैल तक निर्धारित है। उन्होंने कहा सत्र दिलचस्प होगा क्योंकि कई अहम विधेयक को संसद में चर्चा और पारित होने के लिए पेश किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर विपक्षी दल सत्र के पहले चरण की तरह विरोध को जारी रखते हैं तो अंततः यह उनके लिए ठीक नहीं होगा। उन्होंने कहा, नौ मार्च को लोकसभा में अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी। नियम के अनुसार इस पर पहले दिन ही चर्चा होती है। चर्चा के बाद मतदान होगा। संसद का बजट सत्र 28 जनवरी को लोकसभा एवं राज्यसभा की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बजट पेश किया। बजट सत्र का अगला चरण नौ मार्च को पुनः शुरू होगा जो दो अप्रैल को समाप्त होगा। अरुणाचल पश्चिम में अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आए रीजीजू ने बताया कि सत्र के दूसरे चरण के दौरान सरकार चर्चा के लिए विशिष्ट मंत्रालयों की पहचान करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा, लोकसभा में हम पांच मंत्रालयों में अनुदान मांगों पर चर्चा करेंगे और राज्यसभा में हम पांच अन्य मंत्रालयों के कामकाज पर चर्चा करेंगे। राज्यसभा में अनुदान की मांगों पर नहीं बल्कि मंत्रालयों पर चर्चा होगी। मंत्री ने बताया कि सरकार राज्यसभा में चर्चा के लिए पांच मंत्रालयों का चयन करेगी और फिर लोकसभा के लिए पांच मंत्रालयों का चयन करेगी। उन्होंने कहा कि बजट सत्र का दूसरा चरण रोचक होगा और कहा, यदि विपक्ष सदन की कार्यवाही में खलल डालता है तो हम बिना किसी चर्चा के उसे पारित करा देंगे।

यह उनके लिए करारा झटका होगा। जब उनसे पूछा गया कि सत्र का यह चरण विशेष रूप से रोचक क्यों होगा, तो उन्होंने कहा, हम कुछ महत्वपूर्ण विधेयक लाएंगे।

## देश में बिजली उत्पादन क्षमता में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी, 10 महीनों में 52,537 मेगावाट जुड़ी



प्रात : किरण

नई दिल्ली /एजेंसी। देश में चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले 10 महीनों में बिजली उत्पादन क्षमता में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी हुई है। इस वित्तवर्ष में अब तक का सबसे बड़ा इजाफा करते हुए बिजली उत्पादन 11 फीसदी से ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई है। देश के कुल बिजली उत्पादन में 52,537 मेगावाट की बढ़ोत्तरी के साथ कुल बिजली उत्पादन 5,20,510.95 मेगावाट हो गया। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के अनुसार, इस साल 31 जनवरी तक बढ़ी कुल क्षमता में 39,657 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा से है। इसमें 34,955 मेगावाट सौर ऊर्जा और 4,613 मेगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। मंत्रालय ने बताया कि यह एक साल में अब तक की सबसे बड़ी क्षमता वृद्धि है।

इससे पहले 2024-25 में 34,054 मेगावाट क्षमता जोड़ी गई थी। देश की कुल स्थापित क्षमता में 2,48,541.62 मेगावाट जीवाश्म ईंधन आधारित है। जबकि 2,71,969.33 मेगावाट क्षमता गैर-जीवाश्म स्त्रोतों से है। गैर-जीवाश्म स्त्रोतों में 8,780 मेगावाट परमाणु ऊर्जा शामिल है। वहीं 2,63,189.33 मेगावाट क्षमता नवीकरणीय ऊर्जा से है।

# देश को गुमराह कर रहे हैं राहुल गांधी : शाह

## कहा- बहस कर लें, किसानों का नुकसान किसने किया

प्रात : किरण

गांधीनगर/ एजेंसी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में भारत की पहली सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर जमकर प्रहार किया और यूएस ट्रेड डील पर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी देश को गुमराह कर रहे हैं कि यूरोपीय यूनियन, इंग्लैंड के साथ एफटीए और अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में पीएम मोदी ने किसानों के हित को नुकसान पहुंचाया है। मैं राहुल गांधी को चैलेंज देना चाहता हूं, कोई भी मंच तय कर लीजिए, भाजपा के युवा मोर्चा का अध्यक्ष आकर बहस कर लेगा कि किसानों का नुकसान किसने किया है। उन्होंने कहा कि मैं देश के किसानों से कहना चाहता हूं कि राहुल गांधी झूठ बोल रहे हैं और आपको गुमराह कर रहे हैं। इंग्लैंड और यूरोपीय यूनियन के साथ हुए एफटीए और अमेरिका से हुई ट्रेड डील में पीएम मोदी ने किसानों के हितों की सुरक्षा की है। तीनों समझौतों में डेयरी क्षेत्र को भी पूरी तरह सुरक्षा देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। इसके माध्यम से हमारे कृषि उत्पाद और मत्स्य उत्पादों को दुनिया के बाजार में पहुंचाने का रास्ता भी खोला है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं फिर से एक बार भारत के मछुआरों, पशुपालकों और किसानों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कभी भी आपके हितों के साथ समझौता नहीं किया है, न ही कर सकते हैं, यह असंभव है। यह काम तो मनमोहन सिंह की सरकार ने डंकल प्रस्ताव पर साइन करके किया था। देश की जनता ने 2014 में कांग्रेस को टाटा बाय-बाय कर दिया, पीएम मोदी आए और उस समझौते को बदल दिया। मनमोहन सरकार ने पूरे विश्व के लिए भारत का कृषि बाजार खोल दिया था। आज पीएम मोदी किसानों की सुरक्षा के लिए चट्टान की तरह खड़े हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने 70 साल में एक बार कर्जमाफी का झुनझुना पकड़ाकर किसानों को गुमराह किया। पीएम मोदी ने 10 साल से 6,000 रुपए प्रति वर्ष देकर किसानों को लोन लेने की नौबत ही न आए, ऐसी व्यवस्था की। कांग्रेस का नेतृत्व हमेशा झूठ बोलकर जनता को गुमराह करता रहा है। कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी संसद में किसानों की बात करते हैं।



# भारतीय किसानों के साथ विश्वासघात हो रहा : राहुल

प्रात : किरण

नई दिल्ली / एजेंसी। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से पांच सवाल किए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस डील के नाम पर भारतीय किसानों के साथ विश्वासघात हो रहा है। गांधी ने कहा कि यह मुद्दा देश की कृषि के भविष्य से जुड़ा है। उन्होंने पीएम मोदी से सवाल करते हुए लिखा कि किसानों को जवाब तो मिलने ही चाहिए। यह सिर्फ आज की बात नहीं है। ये भविष्य की भी बात है। क्या हम किसी दूसरे देश को भारत की कृषि उद्योग पर लंबे समय की पकड़ बनाने दे रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट 5 सवाल किए। ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स इम्पोर्ट करने का क्या मतलब है? क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय जानवरों को जीएम अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिलर अनाज (चारा) खिलाए जाएंगे? क्या इससे हमारे डेयरी प्रोडक्ट प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे? अगर हम जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देते हैं, तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा? वे एक और कीमतों का झटका कैसे झेल पाएंगे? जब आप अतिरिक्त उत्पाद कहते हैं, तो उसमें क्या-क्या शामिल है? क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोलने के दबाव का संकेत है? गैर-व्यापार बाधाएं हटाने का क्या मतलब है? क्या भविष्य में भारत पर जीएम फसलों पर अपने रुख को ढीला करने, खरीद को कमजोर करने या एमएसपी और बोनस को कम करने का दबाव डाला जाएगा? एक बार यह दरवाजा खुल गया तो हर साल इसे और ज्यादा खुलने से हम कैसे रोकेंगे? क्या इसकी रोकथाम होगी, या हर बार सौदे में धीरे-धीरे और भी फसलों को मेज पर रख दिया जाएगा?



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### हांडी साहब गुरूद्वारा में सलाना उत्सव का किया गया आयोजन

दानापुर। नगर के अंतर्गत जो बोले सो निहाल के गुंज से हांडी साहब गुरूद्वारा गुंजयमान हो उठा। सलाना उत्सव को लेकर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने काफी संख्या में सिक्ख श्रद्धालु के साथ दुर दराज के लोग गुरूद्वारा पहुंच मत्था टेकते रहे। इससे पूर्व रविवार को सलाना उत्सव को लेकर शुरू हुआ 48 घंटे का अखंड पाठ का समापन हुआ। जिसके बाद बाहर से आयी कीर्तन मंडली ने कीर्तन किया। कीर्तन के समापित के बाद कथा का आयोजन किया गया। सलाना उत्सव को लेकर अटूट लंगर चला। इसके साथ ही तीन दिवसीय उत्सव सम्पन्न हो गया। वही सलाना उत्सव पर दूर दराज से आये लोग यहां के इतिहास की जानकारी लेते हुए गुरूगोविंद सिंह के काल्यावस्था के चरण चिन्ह का दर्शन किये व मत्था टेका। बताया जाता है कि फरवरी के तीसरे रविवार को ही गुरू गोविंद सिंह बाल्यावस्था में आनंदपुर साहिब जाने के क्रम में अपना पहला पड़ाव यही जमुनी माई के घर में डाला था। उनकी हांडी की बनी खिचड़ी पुरी संगत के साथ उन्होने खाया था। उसी से इस गुरूद्वारा का नाम हांडी साहब गुरूद्वारा पड़ा।

### केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान खगौल स्थित बाबा योगेश्वर नाथ धाम पहुंचे

दानापुर। खगौल नगर के अंतर्गत केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान बाबा योगेश्वर नाथ धाम पहुंचे व विधि-विधान बाबा का जलाभिषेक कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। श्री पासवान ने कहा कि इस मंदिर से उनका पुराना और गहरा लगाव है। बाबा योगेश्वर नाथ महादेव की कृपा और आशीर्वाद से ही जीवन में इतनी ऊंचाई और बुलंदी प्राप्त हुई है। उन्होने मंदिर परिषद में महाशिवरात्रि के पर एक प्रतिभाशाली बच्ची खुशी द्वारा सुंदर कलाकृति प्रस्तुत करने पर उसे सम्मानित किया। मंदिर के पुजारी विजय बाबा ने पूजा अर्चना सम्पन्न करायी। उधर कृषिमंत्री राम कृपाल यादव लखनीबिगहा स्थित शिवशंकर महावीर मंदिर पहुंचे व भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियो के सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मंदिर के अध्यक्ष भिखारी पांडेय समेत मंदिर कमेटी के लोग उपस्थित थे। श्री यादव ने स्थानीय लोगो व मंदिर कमेटी के लोगो से मुलाकत कर महाशिवरात्रि की शुभकामना दी।

### खगौल में शिवरात्रि पर भगवान शिव की बारात निकली

दानापुर। खगौल नगर के अंतर्गत गाजे बाजे व आकर्षक झांकी के बीच खगौल में शिवरात्रि पर भगवान शिव की बारात निकाली गयी। लाल चौक स्थित राम लखन लाल, ठाकुरबाड़ी मंदिर से निकली शिव बारात में भारी संख्या में श्रद्धालु झुमते नाचते शामिल हुए। बारात में भूत प्रेत बेताल के साथ भगवान शिव की बारात शोभा यात्रा हर हर महादेव का उद्घोष के साथ निकली। भगवान भोलेनाथ पार्वती व गणपति की झांकी देखते ही बन रही थी। इसके साथ ही हनुमान, भगवान विष्णु के अलावे देवी देवताओं के साथ-साथ बारात में छोटे-छोटे बच्चे भूत प्रेत का रूप धारण किये नाचते हुए शामिल थे। इसे देखने के लिए सड़कों के दोनों किनारे लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। जगह-जगह शिव भक्तों ने भगवान शिव की आरती उतारी और फूलो की बारिस कर बारात का स्वागत किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार उर्फ बिट्टू ने बताया कि लगभग 67 वर्षों से महाशिवरात्रि पर शिवरात्रि पर शिवजी की बारात शोभायात्रा नगर वासियों के सहयोग से निकाली जाती है। शिव जी के बारात के साथ पार्वती की पालकी भी शामिल थी। जिसे बड़े ही आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जिसे श्रद्धालु कांधे पर उठाकर शोभायात्रा में शामिल थे। शिवरात्रि पर शोभा यात्रा के बाद भगवान शिव पार्वती विवाह उत्सव हुआ। जिसमें महिलाओं भजन कीर्तन के साथ साथ विवाह गीत पर झुम उठे। शोभा यात्रा में कृषिमंत्री रामकृपाल यादव भी शामिल हुए। इसके अलावे मुख्य रूप से वार्ड पार्षद रेखा देवी, जुली शाहा, पूर्व पार्षद संगीता कुमारी, पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार, अजनीश प्रभाक, राज नाथ राय, संतोष पाल, अभय कुमार यादव, अजय कुमार, शंकर कुमार, विकाश कुमार, गोपी कुमार, सुनील कुमार समेत भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

# 3 वर्षीय बच्चे के लिवर कैंसर का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न






**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस के अवसर पर, पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग (बाल शल्य चिकित्सा विभाग) ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विभाग के डॉक्टरों ने हेपेटोब्लास्टोमा से पीड़ित एक बच्चे का सफल इलाज किया है। यह बच्चों में पाया जाने वाला एक दुर्लभ और आक्रामक लिवर कैंसर है।

बच्चे की राइट हेमीहेपेटेक्टोमी की गई, जो एक अत्यंत जटिल सर्जरी है। सात घंटे से अधिक चले इस ऑपरेशन में लिवर के पूरे दाहिने हिस्से को सुरक्षित रूप से निकाल दिया गया। इस तरह के जटिल ऑपरेशन भारत के चुनिंदा विशेषज्ञ केंद्रों में ही संभव हैं, क्योंकि इसके लिए बाल कैंसर सर्जरी में उच्च स्तर की विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।लिवर कैंसर के साथ-साथ, बच्चे में जन्मजात विसंगतियां भी पाई गई थीं, जिनमें मेकल्स डाइवर्टिकुलम और इनगुइनल हर्निया शामिल थे। सर्जिकल टीम ने एक ही ऑपरेशन के दौरान इन दोनों समस्याओं को भी सफलतापूर्वक ठीक कर दिया। यह टीम के व्यापक और बहु-विषयक दृष्टिकोण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

यह सफल ऑपरेशन पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग की टीम द्वारा किया गया, जिसमें डॉ. अमित कुमार सिन्हा, डॉ. सौरव श्रीवास्तव, डॉ. अमित कुमार, डॉ. राशि, डॉ. दिगंबर चौबे और डॉ. गौरव शामिल थे। गैस्ट्रोसर्जरी विभाग से डॉ. उत्पल आनंद और डॉ. बसंत, तथा पीडियाट्रिक एनेस्थीसिया से डॉ. चांदनी का विशेष सहयोग रहा। उनकी विशेषज्ञता इस लंबी और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण सर्जरी की सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण थी। इसके अलावा, रेडियोथेरेपी विभाग की डॉ. प्रितांजलि सिंह और रेडियोलॉजी विभाग के डॉ. राजीव प्रियदर्शी एवं डॉ. माधुरी द्वारा की गई सटीक प्री-ऑपरेटिव प्लानिंग ने इस सफलता में बड़ी भूमिका निभाई।

अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस के अवसर पर, पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग कैंसर और अन्य जटिल बीमारियों से जूझ रहे बच्चों को विश्व स्तरीय और आधुनिक इलाज देने के अपने संकल्प को फिर से दोहराता है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों के लिए उच्च स्तरीय और बेहतर इलाज देश के भीतर ही आसानी से उपलब्ध हो सके।

## सदकर्मों की पहचान कर जीवन सफल करें : महंत ब्रजेश मुनि महाराज

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। राजधानी के मीठापुर स्थित कबीरपंथी आश्रम सह कबीर साई मंदिर परिसर में कबीर मिशन ट्रस्ट द्वारा साप्ताहिक सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम महंत ब्रजेश मुनि महाराज के पावन सानिध्य में सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महंत ब्रजेश मुनि महाराज ने कहा कि मनुष्य यदि अपने जीवन में सदकर्मों की पहचान कर उन्हें अपनाए, तो उसका जीवन स्वतः सफल और सार्थक बन सकता है। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में माता-पिता को देवतुल्य माना गया है – ह्लमातृ देवो भव, पितृ देवो भवह्व – और आज का दिन माता-पिता पूजन के रूप में हमें उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है। अक्सर लोग माता-पिता के महत्व को तब समझते हैं जब वे जीवन से दूर हो जाते हैं। महंत जी ने संत परंपरा का उल्लेख करते हुए कबीर के संदेशों को याद दिलाया। उन्होंने कहा कि सद्गुरु कबीर ने मयार्दाओं की रक्षा और आत्मचिंतन का मार्ग बताया है। ह्लतेरा साईं तुझ मेंह्व का भाव समझाते हुए उन्होंने कहा कि जिस परम तत्व की खोज मनुष्य बाहर करता है, वह उसके अपने अंतर्मन में ही विराजमान है। आत्मजागृति से ही संतुष्टि, समृद्धि और ज्ञान की प्राप्ति संभव है। सत्संग के दौरान श्रद्धालु भक्तों ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में सतगुरु कबीर साहेब की आरती की गई तथा प्रसाद और महाप्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर संत करसन मुनि सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पटना में राज्य स्तरीय अंतर-प्रमंडल दिव्यांग खेल प्रतियोगिता का हुआ संपन्न

पटना। खेल विभाग, बिहार तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन, पटना द्वारा पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय (अंतर प्रमंडल) दिव्यांग खेल प्रतियोगिता भव्य एवं सफल आयोजन के साथ संपन्न हो गई। प्रतियोगिता में राज्य के सभी नौ प्रमंडलों से चयनित लगभग 250 दिव्यांग खिलाड़ियों ने अपने प्रशिक्षकों, स्काउट एवं टीम प्रभारियों के साथ भाग लेकर अद्भुत खेल प्रतिभा, आत्मविश्वास और संघर्षशीलता का परिचय दिया।प्रतियोगिता के अंतर्गत एथलेटिक्स स्पधाएँ बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित की गईं, जिनमें खिलाड़ियों को उनकी दिव्यांगता के आधार पर मानसिक दिव्यांग, शारीरिक दिव्यांग, मूकबधिर तथा ड्वार्फ (लघु कद) श्रेणियों में विभाजित कर प्रतिस्पधाएँ कराई गईं। प्रतियोगिता का वातावरण खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों की तालियों से गूंजता रहा।इस आयोजन का विशेष आकर्षण दृष्टि बाधित खिलाड़ियों के लिए आयोजित क्रिकेट एवं फुटबॉल मुकाबले रहे। इन मैचों में खिलाड़ियों ने सीमाओं को चुनौती देते हुए शानदार टीम भावना, समन्वय और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आनंदी कुमार, क्रीड़ा कार्यपालक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, ओम प्रकाश, जिला खेल पदाधिकारी, पटना, झंडु कुमार, अंतर्राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी तथा डॉ. शिवाजी कुमार, अध्यक्ष, बिहार पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया ।

## लोजपा (रा) ने स्व. रामविलास पासवान पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में किया प्रदर्शन

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) रविवार को राजधानी के कारगिल चौक पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और राजद का पुतला दहन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और एक स्वर में बयान की कड़ी निंदा की। बता दें राजद विधायक कुमार सर्वजीत के द्वारा लोजपा संस्थापक पद्मभूषण स्व. रामविलास पासवान को बेचारा शब्द कहकर विधानसभा में संबोधित किया गया था।इस मौके पर लोजपा (रा) खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रा तिवारी ने कड़े शब्दों में कहा कि स्व. रामविलास पासवान देश की राजनीति के एक सम्मानित, जनप्रिय एवं दूरदर्शी नेता थे। उनके विरुद्ध की गई अमर्यादित टिप्पणी राजनीतिक शिष्टाचार और सामाजिक मयार्दा के खिलाफ है।

उन्होंने कहा कि ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयान किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होंगे और संबंधित व्यक्ति को तत्काल सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। कहा कि स्व. पासवान का संपूर्ण जीवन समाज के गरीब, शोषित एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा है। ऐसे महान व्यक्तित्व का अपमान पूरे समाज का अपमान है।

वहीं प्रदेश महासचिव मुकेश कुमार एवं भोला कुमार थापा ने संयुक्त रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अविलंब माफी नहीं मांगी गई तो पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को और व्यापक रूप देगी। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार, उपाध्यक्ष रंजन कुमार, पटना जिलाध्यक्ष विक्की साहनी, पटना महानगर अध्यक्ष अमित गुप्ता, पटना महानगर महासचिव रमेश कुमार एवं बांका जिला सचिव मनोज कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 17 फरवरी को पटना में कर्पूरी ठाकुर की 38वीं पुण्यतिथि समारोह की तैयारी तेज, फतुहा प्रखंड से अधिक संख्या में भागीदारी की अपील




फतुहा। राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष अरविन्द कुमार ने प्रखंड, ग्राम पंचायत, सभी राजद पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि दिनांक 17.02.2026 मंगलवार को सुबह 11 बजे पटना के गांधी मैदान स्थित बापू सभागार में भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की 38वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम की जानकारी पटना जिला राजद अध्यक्ष दीनानाथ यादव, बिहार प्रदेश राजद अध्यक्ष मंगनीलाल मंडल एवं स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ. रामानन्द यादव ने दी है। समारोह में राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव सहित पार्टी के तमाम विधायक, पूर्व विधायक, विधान परिषद सदस्य, लोकसभा एवं राज्यसभा सदस्य के शामिल होने की संभावना है। प्रखंड अध्यक्ष अरविन्द यादव ने सभी राजद साथियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर फतुहा प्रखंड का नाम पटना जिला में रोशन करने की अपील की है।

## समाजसेविका लाडो बानी पटेल ने दिव्यांग भाई-बहनों संग मनाया जन्मदिन,पौधारोपण से दी पर्यावरण की सीख



**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना । बिहार की लाडली और लोकप्रिय बाल कलाकार लाडो बानी पटेल का 10वां जन्मदिन इस वर्ष चकाचौंध वाली पार्टियों से दूर, सेवा और समर्पण का एक अद्भुत उदाहरण बना। नन्हीं लाडो ने अपना यह विशेष दिन 500 से अधिक लोगों के बीच मनाया, जिसमें 200 से अधिक दिव्यांग भाई-बहन विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

**जब दिव्यांग भाई-बहनों को मिला अपनों सा प्यार**

उत्सव के दौरान लाडो ने न केवल अपना केक काटा, बल्कि दिव्यांग बच्चों के लिए अलग से विशेष केक की व्यवस्था भी की, ताकि वे भी इस खुशी को महसूस कर सकें। वहां आए बच्चों ने भावुक होकर कहा, ह्लआज हमें ऐसा महसूस हुआ जैसे यह हमारा ही जन्मदिन है।

**मानवता उत्सव पैलेस का आगाज और सेवा का संकल्प**

इस पावन अवसर पर लाडो द्वारा ह्लमानवता उत्सव पैलेसह्व का विधिवत शुभारंभ किया गया। साथ ही, प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए शिव शक्ति मंदिर परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में यूनिक सोलर के डायरेक्टर धीरज कुमार ने अपना विशेष सहयोग दिया।

लाडो बानी फैन्स क्लब (छइत्रह्व) ट्रस्ट के सदस्यों, सचिव प्रवीण पूनियाँ और इंद्रजीत प्रसाद ने अपनी टीम के साथ इस भव्य आयोजन की कमान संभाली और इसे सफल बनाया।

## पालीगंज में एक व्यक्ति का शव बरामद

पालीगंज प्रखण्ड सह अनुमंडल अंतर्गत सिगोड़ी थाना क्षेत्र के रेगनिया डीह गांव के पास से बृद्ध का शव बरामद हुई है। जानकारी के अनुसार पालीगंज के सिगोड़ी थाना क्षेत्र के रेगनिया डीह गांव के पास रविवार को ग्रामीणों की नजर एक बृद्ध की शव पर पड़ी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। शव की पहचान रेगनिया डीह गांव निवासी 70 वर्षीय तुलसी गिरी के रूप में हुआ। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सिगोड़ी थाने की पुलिस शव को कब्जे में ले लिया। वही पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतक दो दिनों पूर्व पशुओं के चारा के लिए घास लाने गांव से बाहर खेत में गया था। जहां से वह गायब हो गया था। जिसका शव रविवार को गांव के पास से ही बरामद हुई है।

इस मामले में सिगोड़ी थाने की पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## एसकेएमवी कॉलेज के इंटरशिप कर रहे इंटर्न को मिला प्रमाण पत्र

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना- पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के एसकेएमवी कॉलेज फतुहा के प्रेम यूथ फाउंडेशन में इंटरशिप कर रहे इंटर्न को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया । मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि माया यादव पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर फतुहा ने युवाओं को संबोधित करते हुये कहा कि आप अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे तथा परिश्रम करें । शॉटकट के चक्कर मे कदापि न पड़े अपराधी एवं अराजक तत्वों से सतर्क रहें । शिक्षा हमारी सबसे बड़ी ताकत है । एनजीओ हेल्पलाइन के निदेशक सीए संजय कुमार झा ने कहा कि नई शिक्षानिति 2020 के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए इन्टरशिप अनिवार्य किया गया।यह छात्रों के सर्वानिंग विकाश के लिए मिल का पत्थर साबित हो रहा है।अब समय आ गया है कि मैकॉले शिक्षा पद्दित को जड़ से समाप्त किया जाए।वहीं प्रेम युथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। शिक्षा का मतलब सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं है। इंटरशिप कार्यक्रम में इंटर्न को जीवन कौशल युवा नेता नेतृत्व एवम वयक्तित्व विकाश जलवायु परिवर्तन साइबर सुरक्षा आपदप्रबन्धन की जानकारी दी जा रही है।उन्होंने बताया की इंटर्न को श्री कृष्ण विज्ञान केंद्र गांधी संग्रहालय प्राणी सर्वक्षण विभाग साइबर थाना का एक्सपसेर विजिट कराया जा रहा है।उन्होंने कहा कि विकशित भारत 2047 को साकार करने में युवायों का महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रोग्राम ऑफिसर सुरजीत कुमार ने इन्टरशिप कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारे साथ इन्टरशिप करना एक महत्वपूर्ण अवसर है । युवाओं के प्रतिभा को पहचान कर हम उन्हें राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाने का अवसर देते है ।

## बीजेपी के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मिलकर बधाई शुभकामनाएं देते जदयू प्रदेश नेता आशुतोष सिंह



पटना। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नीतिन नवीन से मिलकर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई शुभकामना देते जनता दल यू के प्रदेश नेता अधिवक्ता आशुतोष सिंह बधाई शुभकामना देते हुए कहा कि बिहार के लिए गौरव की बात है कि हमारे बिहार के रहने वाले भाजपा नेता नीतिन नवीन को विश्व के सबसे बड़े पार्टी भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है इससे बिहार के रहने वाले में बहुत ही खुशी महसूस हो रहा है,इस अवसर पर अधिवक्ता आशुतोष सिंह जदयू के प्रदेश नेता ने कहा कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन सिन्हा को बनने से एनडीए गठबंधन बहुत ही मजबूत होगी और आगे बिहार के लिए बीजेपी जदयू नीतीश कुमार एनडीय गठबंधन से बहुत कुछ मिलने वाला है,बीजेपी जदयू एनडीए गठबंधन ने यह जनता को बता चुका है की एक छोटा साधारण कार्यकर्ता भी देश का राष्ट्रीय अध्यक्ष पार्टी का बन सकता है और एक गरीब कार्यकर्ता भी देश का प्रधानमंत्री राष्ट्रपति बन सकता है,हमारे एनडिय गठबंधन में परिवारवाद से कोशो दूर है,इंडिया गठबंधन कांग्रेस समाजवादी पार्टी,राजद जैसा परिवारवाद की पार्टी नहीं है कि उनके परिवार के लोग ही मुलायम सिंह यादव के पुत्र अखिलेश यादव हि बनेगे,राजद लालु यादव के पुत्र तेजस्वी यादव हि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे यह साधारण व्यक्ति नीतिन नवीन जैसे कार्यकर्ता को बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया,आने वाले चुनाव में बहुत ही एनडिये गठबंधन को फायदा होने वाली है

# पटना ने एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन 6 का आयोजन किया गया

**प्रातः किरण संवाददाता**




पटना। भारत के लखनऊ, चंडीगढ़, भोपाल, विशाखापत्तनम, बेंगलुरु, गुवाहाटी, कोलकाता, अहमदाबाद, तिरुवनंतपुरम और जयपुर जैसे शहरों में जोश भरने के बाद एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन 6 का आयोजन पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में किया गया। ह्लरन फॉर अ ग्रीनर इंडियाह्व संदेश के साथ आयोजित इस मैराथन में 4,500 से अधिक प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के समर्थन में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रतिष्ठित अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई, जिनमें अनुराग जोशी झ्र सीजीएम, एसबीआई पटना सर्कल, रविंद्र कुमार श्रीवास्तव झ्र जीएम, साउथ बिहार, आर. नटराजन झ्र जीएम, नॉर्थ बिहार, विवेक चंद्र जायसवाल झ्र जीएम, झारखंड, देवेश मित्तल झ्र डीजीएम एवं सीडीओ, एसबीआई पटना सर्कल, सुजीत कुमार अरविंद झ्र क्षेत्रीय निदेशक, आरबीआई पटना, कुमार राजेश रंजन झ्र सीजीएम (बैंकिंग लोकपाल), आरबीआई पटना तथा गौतम सिंह झ्र सीजीएम, नाबार्ड शामिल रहे। 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और हाफ मैराथन श्रेणियों में एम्स-प्रमाणित मार्ग पर आयोजित इस दौड़ में पेशेवर धावकों, छात्रों, परिवारों, कॉर्पोरेट टीमों और रक्षा बलों के कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आरजे शशि और आरजे अंजली ने कार्यक्रम में ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। ईको-फर्स्ट पहल के तहत ऑर्गेनिक टी-शर्ट, प्लांटेबल बीआईबी, पुनः उपयोग योग्य गुडी बैग, ब्लैक अल्कलाइन वॉटर और समर्पित वेस्ट मैनेजमेंट व्यवस्था के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन 6 के साथ पटना ने एक बार फिर हरित और सतत भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

## प्रसव पूर्व जांच में आई तेजी; जोखिम भरी गर्भावस्थाओं को चिन्हित कर जीवन बचाने में जुटा स्वास्थ्य विभाग

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। बिहार में मातृ स्वास्थ्य की दिशा में एक अत्यंत उत्साहजनक और सकारात्मक तस्वीर उभरकर सामने आई है। अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के बीच के हालिया आंकड़े इस बात की तस्दीक कर रहे हैं कि राज्य का स्वास्थ्य तंत्र अब गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पहले से कहीं अधिक सजग और सक्रिय हो गया है। विशेष रूप से ह्लहाई रिस्क प्रेगनेंसीह्व (एचआरपी) यानी उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान करने के मामले में बिहार के विभिन्न जिलों ने जो तत्परता दिखाई है, वह मातृ मृत्यु दर को कम करने के संकल्प की ओर एक बड़ा मील का पत्थर साबित हो रही है।समय पर पहचान से सुरक्षित प्रसव की बढ़ी उम्मीदेंपटना एम्स में एडिशनल प्रोफेसर सह स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ इंदिरा प्रसाद का मानना है कि जोखिम वाली गर्भावस्थाओं का समय रहते पता चलना ही सुरक्षित प्रसव की पहली और सबसे महत्वपूर्ण शर्त है। जब एक गर्भवती महिला में जोखिम के लक्षणों की पहचान प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) के दौरान ही कर ली जाती है, तो चिकित्सा तंत्र को जटिलताओं के प्रबंधन के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है। अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक के आंकड़ों से यह स्पष्ट हो रहा है कि पूर्णिया जिला इस मुहिम में सबसे अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जहाँ 13.3 प्रतिशत की दर के साथ जोखिम वाली गर्भवतियों की पहचान की गई है। यह वृद्धि केवल कागजी आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि यह धरातल पर हो रहे उस बदलाव का संकेत है जहाँ एनीमिया, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी प्रसवकालीन चुनौतियों की अब घर-घर जाकर और स्वास्थ्य केंद्रों पर नियमित रूप से निगरानी की जा रही है।जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य कार्यकताओं की सक्रियता का परिणामगया, शेखपुरा और मधुबनी जैसे जिलों ने भी इस दिशा में शानदार प्रदर्शन किया है।

## बिहटा में स्वामी सहजानंद के नाम पर रेलवे-स्टेशन एवं हवाई अड्डा का हो निर्माण : संयुक्त किसान मोर्चा

**प्रातः किरण संवाददाता**




पटना। बिहटा में स्वामी सहजानंद के नाम पर रेलवे-स्टेशन एवं हवाई अड्डा का हो निर्माण।स्वामी जी ने भगवान को सब जगह ढूंढा,मगर उन्हें किसानों में दर्शन हुआ । स्वामी सहजानंद सरस्वती की 137 वीं जयंती के अवसर पर पटना के विद्यापति मार्ग स्थित स्वामी जी के स्मारक पर स्वामी सहजानंद सरस्वती स्मारक समिति द्वारा आयोजित समारोह में सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष पूर्व सांसद श्रीमती गिरिजा देवी,किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह के साथ उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर आयोजित किसान,किसानी एवं स्वामी सहजानंद सरस्वती तब और अब विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता समिति की अध्यक्षया पूर्व सांसद गिरिजा देवी ने की और मंच संचालन समिति के सचिव सुधीर कुमार ने किया। स्वागत भाषण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने की। विचार गोष्ठी में विषय प्रवेश करते हुए बिहार राज्य दुग्ध उत्पादक संघ के अध्यक्ष अशोक प्रसाद सिंह ने स्वामी जी के गुजरे 76 साल के दौरान उनका सपना आज भी अधूरा है। अन्न,वस्त्र उपजाने

वालों का देश पर शासन आज तक नहीं हो सका। हमारे पुरखों ने अकुत कुबार्नी देकर जो आजादी हासिल की उससे जो साझी संस्कृत और साझी विरासत और एक संविधान,लोकतंत्र एवं धर्मनिरपेक्षता जो हमें हासिल हुआ।आज उन सारे मूल्यों, मान्यताओं,भाईचारा और हमारा संविधान एवं लोकतंत्र पर खतरा पैदा हो गई। केंद्र सरकार ने अमेरिका से जो व्यापार समझौता किया है, उसमें कृषि उत्पाद एवं मांसाहारी अमेरिकन गाय का दूध के उत्पाद यहाँ आएंगे, तब मोदी जी का सनातन धर्म और गौ माता का क्या होगा? गोष्ठी को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार ने कहा कि बिजली बिल विधेयक,कीटनाशक बिल एवं बीज बिल के द्वारा किसानों से किसानी छीनने की फिर एक साजिश देश में चल रही है। केंद्र सरकार किसानों से छीन कर खेती को अपने कॉर्पोरेट मित्रों को देना चाहती है। उन्होंने कहा की किसान विरोधी तीन काले कानूनों को वापस लेने के लिए 302 एमपी वाली मोदी सरकार को किसानों ने घुटना टेकने के लिए मजबूर किया था।

आज फिर अल्पमत की केन्द्र की 240 एमपी वाली मोदी सरकार को किसान विरोधी सारे कदमों को वापस लेने के लिए हम मजबूर करेंगे।स्वामी जी के बताए रास्ते पर हम चलकर मोदी सरकार की साजिश को बेनकाब करेंगे। पटना के वरिष्ठ बुद्धिजीवी अक्षय कुमार ने सहकारिता आंदोलन को तेज करने की जरूरत को महसूस किया।किसानों की एकताबद्ध आंदोलन का उन्होंने आह्वान किया।

# महाशिवरात्रि पर्व : जलाभिषेक को लेकर शिवालयों में उमड़ी भीड़

## चौतरफा हर-हर गंगे, ॐ नमः शिवाय की गूंज, भक्तों में दिखा उत्साह

प्रातः किरण संवाददाता





पटना। राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में महाशिवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। देवों के देव महादेव की आराधना के इस विशेष दिन पर शिव भक्तों में विशेष उत्साह दिखा। हर हर महादेव की उद्घोष से पूरे शहर का माहौल शिवमय रहा। महादेव के जलाभिषेक के लिए मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। राजधानी पटना से लेकर ग्रामीण इलाकों तक शिवालयों को भव्य रूप से सजाया गया है और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। खाजपुरा, राजवंशी नगर, अशियाना नगर, राजाबाजार, शास्त्रीनगर, पटेल नगर, इंद्रपुरी, राजीव नगर, दीघा, पाटलिपुत्रा, कुर्जी, गोसाई टोला, राजापुर, मैनपुरा, दुजरा, आनंदपुरी, बोरिंग कैनाल रोड, बोरिंग रोड, कृष्णापुरी, पुनाईचक, मीठापुर, गर्दनीबाग, सरिस्ताबाद, जक्कनपुर, अशोक नगर, लोहिया नगर, पोस्टल पार्क, कंकड़बाग, राजेन्द्र नगर, अशोक राजपथ, कदमकुआं, बारी पथ, लोहानीपुर, गांधी मैदान, लोदीपुर, किदवईपुरी, कृष्णानगर, मंदिरी, चकराम स्थित शिवालयों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

**महामृत्युंजय पाटनेश्वर मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें :**

शहर के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। पाटलिपुत्र इंडस्ट्रियल एरिया स्थित महामृत्युंजय पाटणेश्वर महादेव मंदिर में अहले सुबह से ही दर्शन के लिए कतारें लगनी शुरू हो गईं। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया है। मंदिर प्रशासन की ओर से व्यापक व्यवस्था की गई, ताकि श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। भक्त बोल बम और हर हर महादेव के जयकारों के साथ देर शाम तक जलाभिषेक करते रहे।

**महामृत्युंजय पाटनेश्वर महादेव मंदिर में भंडारे का आयोजन :**

मंदिर के व्यवस्थापक संजय सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया है। यहां सुबह से ही शिव भक्त दूध, दही, बेलपत्र और गंगाजल अर्पित कर रहे हैं। मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रवेश और निकास के लिए अलग अलग लेन बनाया गया, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने बताया कि शाम 4:00 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। कलाकारों ने एक से एक बढ़कर भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। सुरीली भक्ति गीतों पर भक्त देर रात तक झूमते रहे। मंदिर परिसर सहित पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। मान्यता है कि इस रात पूजा-अर्चना से पापों का नाश होता है, मोक्ष की प्राप्ति होती है और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यह पर्व योग, ध्यान और आंतरिक शांति का महत्व भी सिखाता है।

**कीर्तन व भजन का आयोजन**

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर कुर्जी बालू पर स्थित माधव निवास में हर भोला, हर भोला, भोला-भोला हर-हर... हर शिव, हर शिव, शिव-शिव हर-हर..के उच्चारण से कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में शिव शिष्याओं ने भाग लिया। भजन कीर्तन के बाद आरती हुई के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

## शक्तिधाम में पूरे भक्ति और आस्था के साथ मना महाशिवरात्रि

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बैंक रोड स्थित शक्तिधाम शिव महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भक्ति, श्रद्धा और आस्था से परिपूर्ण भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि महाशिवरात्रि का पर्व यहां प्रतिवर्ष पूर्ण श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि अत्यंत धूमधाम, उत्साह और धार्मिक वातावरण के बीच सम्पन्न हुई। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं, जो हर हर महादेव के जयघोष के साथ शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर रहे थे। मंदिर परिसर को फूलों एवं आकर्षक रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया था। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक एवं मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान से सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की। दिन भर चले इस धार्मिक आयोजन में महाशिवरात्रि की विशेष कथा का पाठ किया गया, वहीं संध्या टेकरीवाल द्वारा प्रस्तुत भक्तिमय भजनों ने वातावरण को पूर्णतः शिवमय बना दिया। महाशिवरात्रि का यह पावन पर्व शक्तिधाम में आस्था, एकता और भक्ति का अद्भुत संगम बनकर उभरा। शिव-शक्ति के इस दिव्य मिलन को देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। संपूर्ण आयोजन आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक भावनाओं से ओतप्रोत रहा। इस अवसर पर मंदिर का भव्य श्रृंगार विकास पोद्दार द्वारा किया गया, जबकि प्रसाद व्यवस्था की जिम्मेदारी रोहन झुनझुनवाला ने निभाई। एम पी जैन ने बताया कि पूजा कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश मोदी, ओम पोद्दार, अक्षय अग्रवाल, सूर्य नारायण, मनोज अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, विमल माधोगढ़िया, दीपक भुवानिया, गोपाल गोयनका, सरवन गोयनका, रमेश अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालु एवं सहयोगी सक्रिय रूप से जुटे रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### किसानों का हित एनडीए सरकार की प्राथमिकता : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि किसानों का हित एनडीए सरकार की पहली प्राथमिकता है। डबल इंजन की सरकार में किसानों के हित में लगातार कार्य किये जा रहे हैं। इसके सकारात्मक परिणाम भी हर तरफ दिख रहे हैं, किसानों की आय में लगातार इजाफा हो रहा है। किसान समृद्ध हुए हैं। इस वर्ष केंद्र और बिहार के बजट में भी कृषि पर फोकस किया गया है। बिहार बजट में किसानों के लिए जननायक कपूरी ठाकुर किसान सम्मान निधि योजना का एलान किया गया है। बिहार के किसानों को केंद्र सरकार की ओर से हर वर्ष मिलने वाली सम्मान निधि में राज्य की एनडीए सरकार ने तीन हजार रुपए का इजाफा किया है, अर्थात अब बिहार के किसानों को प्रति वर्ष सम्मान राशि के रूप में 9000 रुपये मिलेंगे। श्री मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एनडीए सरकार ने किसानों की न सिर्फ आय बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाये हैं, अपितु भूमि संबंधी विवादों को दूर करने दिशा में भी बड़ी पहल की है। दाखिल खारिज का कार्य मिशन मोड में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि राज्य में फार्मर रजिस्ट्री को लेकर 50 प्रतिशत का आंकड़ा पार कर लिया गया है।

### लालू प्रसाद, राबड़ी देवी सहित राजद परिवार के नेताओं ने महाशिवरात्रि की दी बधाई

पटना। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डॉ मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पुर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव,राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव,राज्यसभा सांसद संजय यादव,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, बनु यादव,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार सिंह, राष्ट्रीय सचिव कार्तिकेय कुमार सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डॉ तनवीर हसन, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता,इसराइल मंसूरी, शिवचंद्र राम,प्रदेश राजद के प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, विधान पार्षद मो कारी शोऐब, डॉ उर्मिला ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद सहित अन्य नेताओं ने देशवासियों और राज्य वासियों को महाशिवरात्रि की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। नेताओं ने ईश्वर से कामना है कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि लेकर आए।

### बॉलीवुड रेट्रो थीम पर इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र का भव्य होली मिलन समारोह

पटना। फाल्गुन मास की मधुर शुरूआत के साथ रंगों और उल्लास से सराबोर वातावरण में इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंद्राणी ग्रुप ने अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ बॉलीवुड रेट्रो होली थीम पर सखियों को आमंत्रित किया, जिसने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया। समारोह के दौरान हास्य कविताओं की मनमोहक प्रस्तुति, बॉलीवुड के सदाबहार गीतों पर रंगारंग नृत्य और लक्ष्मी व सुनीता के चटकीले चुटकुलों ने उपस्थित सदस्यों का भरपूर मनोरंजन किया। मंच का संचालन गुंजन अग्रवाल ने अपने फिल्मी अंदाज में किया, जिसे सभी ने खूब सराहा। मौके पर क्लब की अध्यक्ष शीतू गांधी ने सभी सदस्यों को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश दिया। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम में पीडीसी श्वेता सिन्हा, डी.ई. नीलू अरोड़ा, पीपी बबीता बिदेसरिया सहित क्लब की अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य–नीतू बिरला, कंचन रॉय, सुनीता अग्रवाल, पुष्पा सिंह, प्रीति कश्यप, सुमन माहेश्वरी, निशा विद्यार्थी, सचिव नीलांजना, एडिटर रेखा, आईएसओ सुधा बिदेसरिया, श्रुति, मधु, बॉबी, कल्पना, शिल्पी, जसविंदर, डॉ. उषा, स्वाति मोदी, शिखा सिंह सहित अन्य–उत्साहपूर्वक उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के समापन पर क्लब की उपाध्यक्ष अपर्णा भारती ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस यादगार आयोजन के लिए इंद्राणी ग्रुप की सराहना की। यह होली मिलन समारोह आपसी स्नेह, उमंग और रंगों की मिठास से भरपूर एक अविस्मरणीय स्मृति बन गया।

### नीतीश मॉडल ने बदली आधी आबादी की तस्वीर : अंजुम आरा

पटना। जद यू प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा ने सोशल मीडिया संवाद करते हुए कहा कि बिहार में महिला सशक्तिकरण की जो ऐतिहासिक गाथा पिछले दो दशकों में लिखी गई है, वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व, मजबूत नीतिगत निर्णयों और अटूट राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम है। वर्ष 2005 से पहले बिहार की आधी आबादी राजनीतिक, आर्थिक और प्रशासनिक निर्णयों से लगभग वंचित थी। पंचायतों में उनकी भागीदारी सीमित थी, सरकारी नौकरियों में उनकी उपस्थिति नगण्य थी और आर्थिक संसाधनों तक उनकी पहुंच बेहद कम थी।

## पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी : चिराग

➤ दरंभगा मामला : लोजपा आर प्रमुख ने पीड़ितों से अस्पताल में की मुलाकात

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। विगत दिनों दरभंगा जिले के हरिनगर गाँव में घटित अत्यंत दुःखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण घटना के पश्चात लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को दरभंगा स्थित दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पीटल पहुँचकर उपचाररत पीड़ितों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों का हालचाल जाना तथा उनके परिजनों से संवाद कर उन्हें ढांढस बंधाया। श्री चिराग पासवान ने आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार एवं पार्टी हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि घायलों के समुचित उपचार, दवाओं की उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे। साथ ही, पीड़ित परिवारों को आवश्यक प्रशासनिक सहयोग शीघ्र उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। श्री पासवान ने इस घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की तथा कहा कि इस कठिन समय में पीड़ित परिवार के साथ मै खड़ा हैं। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुन्दन कुमार ने दी।

## फुलवारीशरीफ छात्रा हत्याकांड में आंदोलनकारियों पर मुकदमा दर्ज करना निंदनीय

पटना। भाकपा माले के राज्य सचिव कुणाल ने फुलवारीशरीफ छात्रा हत्याकांड के खिलाफ चल रहे जनआंदोलन का नेतृत्व कर रहे पूर्व विधायक गोपाल रविदास सहित 65 लोगों पर मुकदमा दर्ज किए जाने की कड़ी निंदा की है।

उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से न्याय की मांग उठा रहे आंदोलनकारियों पर एफआईआर करना सरकार की दमनकारी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कोचिंग छात्रा के साथ दरिंदगी और निर्मम हत्या की घटना ने पूरे समाज को झकझोर दिया है। इस जघन्य अपराध के खिलाफ जनता स्वाभाविक रूप से आक्रोशित है और न्यायिक जांच व दोषियों की गिरफ्तारी की मांग कर रही है। लेकिन अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाय सरकार और प्रशासन आंदोलन को दबाने की कोशिश कर रहे हैं।

## सैकड़ों लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन
## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने दिलाई सदस्यता



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। सदाकत आश्रम स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव सह बिहार प्रभारी शाहनवाज आलम के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व उपाध्यक्ष सबीह महमूद, गया के समाजसेवी सनउल्लाह खान, विस्फी के समाजसेवी मिस्बाहुल होदा (अरमान) तथा केवटी के अवकाश प्राप्त शिक्षक अब्दुल वाकी सहित उनके सैकड़ों समर्थकों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा देश को जोड़ने और समाज के हर वर्ग के सम्मान व अधिकार की लड़ाई लड़ने की है।

उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में युवाओं, बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों का कांग्रेस से जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि जनता भाजपा-जदयू सरकार की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त है और कांग्रेस के नेतृत्व में बदलाव चाहती है। बिहार प्रभारी शाहनवाज आलम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नए साथियों से संगठन को मजबूत करने और जनता की आवाज बनने का आह्वान किया।

पार्टी में शामिल इन नेताओं ने कांग्रेस की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हसीब अनवर, राशिद फाकरी, मुदस्सीर शम्स, अजय राम सहित कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नौकरी और रोजगार के नाम पर लोगों को किया जा रहा गुमराह : गगन
## बोलें– विभागों में हुई नियमित बहाली और रिक्तियों का आंकड़ा जारी करे

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बिहार की एनडीए सरकार द्वारा नौकरी और रोजगार दिए जाने के दावे को चुनौती देते हुए सरकार से श्वेत पत्र जारी किए जाने की मांग की है। श्री गगन ने कहा है कि एनडीए नेताओं द्वारा लगातार यह दावा किया जा रहा है कि 2020 और 2025 के बीच पच्चास लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार दिया गया है , जो सरासर झूठ है। यदि एनडीए नेताओं के दावे में थोड़ी भी सच्चाई है तो वे विभाग वार बतावें कि किस-किस विभाग में कब-कब कितनी नौकरियां दी गई। साथ हीं यह भी बतावें कि राज्य के किस-किस प्रखंड में किन-किन लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया। एनडीए नेताओं में यदि थोड़ी भी नैतिकता है तो 2005 से लेकर अबतक कितने युवाओं को नौकरी दी गई और इस बीच कितने लोग सेवानिवृत्त हुए। साथ हीं शपथ के साथ 1990 से 2005 के बीच विभिन्न विभागों में हुई नियमित बहाली और रिक्तियों का आंकड़ा जारी करें। राजद प्रवक्ता ने कहा है कि एनडीए के नेता केवल झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करते रहे हैं।

जबकि सच्चाई ठीक इसके विपरित है। राजद शासनकाल में सभी विभागों में स्वीकृत पदों पर रिक्तियों के विरुद्ध नियमित बहाली हुआ करता था। 2022 में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद तत्कालीन उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के दबाव में विभिन्न विभागों में नियमित बहाली की प्रक्रिया शुरू हुई। जहां तक रोजगार देने का दावा किया जा रहा है वह तो और भी रोचक है।

## लोजपा आर का पटना में राजद के खिलाफ रोषपूर्ण प्रदर्शन

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) रविवार को प्रदर्शन कियाा। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि राजद विधायक सर्वजीत पासवान के द्वारा लोजपा संस्थापक,पद्म भूषण रामविलास पासवान जी को बेचारा शब्द कहकर विधानसभा में संबोधित किए जाने पर विरोध स्वरूप आज पटना के कारगिल चौक से लोजपा (रा) के जमुई सांसद सह प्रदेश संगठन प्रभारी अरुण भारती, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक दल के नेता राजू तिवारी, पार्टी के वरिष्ठ नेता सह गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉः सत्यानंद शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र कुमार मुन्ना, युवा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान, प्रदेश संयोजक वेद प्रकाश पांडे,प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु पासवान, सुरेंद्र विवेक, अनुसूचित जाति/ जनजाति प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान, पार्टी के विधायक अमित रानू, विष्णु देव पासवान, संगीता देवी, अरुण शाह, विमल राजवंशी, कुमार गौतम मुरारी,प्रदेश प्रवक्ता रंजन सिंह, निशांत मिश्रा, सोनम पासवान, अति पिछड़ा प्रदेश अध्यक्ष शंकर शर्मा, महिला सेल अध्यक्ष शोभा पासवान, लेबर सेल प्रदेश अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, विधि प्रदेश अध्यक्ष अमित कुमार सिंन्हा, अल्पसंख्यक सेल प्रदेश अध्यक्ष सलीम साहिल, प्रदेश छात्र कार्यकारी अध्यक्ष सत्य प्रकाश पासवान ,पार्टी के पटना पश्चिमी जिला अध्यक्ष चंदन यादव, पूर्वी जिला अध्यक्ष रंजीत यादव ,प्रदेश महासचिव कुमार विवेक आनंद, नंद पासवान,प्रदेश सचिव दिलीप यादव, संसदीय बोर्ड के प्रधान महासचिव मनीष सिंह ,युवा के प्रधान महासचिव प्रकाश कुशवाहा,युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य पांडे, युवा प्रदेश सचिव कुंदन सिंह, महिला सेल पटना अध्यक्ष निभा पासवान, कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश भारती तथा पार्टी का अन्य पदाधिकारी आदि थे ।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती समारोह 22 फरवरी को
### मिलर हाई स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम का तेजस्वी करेंगे उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में 22 फरवरी को आयोजित संत शिरोमणि गुरु रविदास के राजस्तरीय जयंती समारोह के उद्घाटनकर्ता होंगें। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 649वां राज्यस्तरीय जयंती समारोह व्यापक स्तर पर करने की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन। आज संत शिरोमणि गुरू रविदास जी के राजस्तरीय 649 वाँ जंयती समारोह की भव्य तैयारी के लिए विधायक आवास, वीरचंद पटेल पथ पटना( विधायक सूबेदार दास ) में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता मिश्री राम ने तथा संचालन पूनम दास ने किया। इस बैठक के मुख्य अतिथि रविदास चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राजद अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री शिवचन्द्र राम ने कहा कि संत शिरोमणि गुरू रविदास का 649वाँ राज्यस्तरीय जंयती समारोह धूम-धाम से 22 फरवरी को मिलर हाई स्कूल मैदान पटना में आयोजित की जाएगी तथा इस कार्यक्रम का उद्घाटन राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष,नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव करेंगे।

श्री शिवचंद्र राम ने कहा कि 22 फरवरी को बिहार भर के संत रविदास जी के मानने वाले लोग पटना में जुटेंगे और मिलर स्कूल मैदान से अपने हक और अधिकार की लड़ाई को लेकर शंखनाद करने का काम करेंगे। बैठक मे आए बिहार भर के लोगो ने संकल्प लिया कि आधी रोटी खाएंगे,बेटा-बेटी को पढ़ाएंगे।आधी रोटी खाएंगे, नशामुक्त समाज बनाएंगे।

## लालू प्रसाद और तेजस्वी ने हमेशा शोषितों व वंचितों के सम्मान की बातें की हैं : राजद
### लालू प्रसाद ने स्व रामविलास पासवान को राज्यसभा में भेजने का किया काम

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल ने हमेशा दलितों शोषितों , वंचितों के सम्मान,हक और अधिकार की लड़ाई लड़ी है। और सभी को पता है कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने स्वर्गीय रामविलास पासवान को राज्यसभा में उस समय अपने कोटे से भेजने का कार्य किया जब लोजपा के पास एक भी विधायक नहीं था और स्वर्गीय रामविलास पासवान स्वयं हाजीपुर लोकसभा से चुनाव में पराजित हो गए थे। तब उस समय लालू प्रसाद ने स्वर्गीय रामविलास पासवान को राष्ट्रीय जनता दल की ओर राज्यसभा में भेजने का काम किया। एजाज ने आगे कहा कि स्वर्गीय रामविलास पासवान के निधन के बाद केंद्र की भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने उनके आवास 12 जनपथ को न सिर्फ खाली करवाने का कार्य किया, बल्कि उनके स्वर्गीय रामविलास पासवान जी के आदमकद प्रतिमा और बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र को दिल्ली की सड़कों पर न सिर्फ फिंकवाने का काम किया, बल्कि दिल्ली पुलिस के द्वारा सामानों को जिस तरह से बुटों से रौंदा गया और उन्हें जिस तरह से अपमानित किया गया,वह बातें चिराग पासवान भूल गए। इतना ही नहीं उस समय लालू प्रसाद और तेजस्वी ने सामने आकर के न सिर्फ चिराग पासवान के साथ अपनी हमदर्दी का इजहार किया बल्कि उन्हें आश्वस्त किया कि राष्ट्रीय जनता दल उनके साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ा रहेगा और उनके संकल्पों में दलित शोषितों, वंचित यू कोहकर अधिकार दिलाने के साथ-साथ रामविलास पासवान जी के प्रति प्रति हमेशा से अनुभूति रही है ।

## निर्बाध, तेज और सुरक्षित सेवाओं के लिए 8 घंटे चला बिहारभूमि पोर्टल का मेंटेनेंस
### सर्वर मेंटेनेंस डिजिटल भूमि सेवाओं को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम : मंत्री

● **क्षेत्रफल का मानकीकरण, हेक्टेयर से एकड़ एवं डिसमिल में रूपांतरण हुआ**

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। डिजिटल भूमि सेवाओं को और अधिक निर्बाध, तेज एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से रविवार को बिहारभूमि पोर्टल पर निर्धारित सर्वर मेंटेनेंस कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक चले इस आठ घंटे के तकनीकी उन्नयन अभियान के दौरान पोर्टल की सभी ऑनलाइन सेवाएं अस्थायी रूप से बाधित रहीं। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि विभाग की सभी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। बिहारभूमि पोर्टल पर किया गया निर्धारित सर्वर मेंटेनेंस डिजिटल भूमि सेवाओं को और अधिक सुरक्षित, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि आम नागरिकों को भूमि से संबंधित सभी सेवाएं तेज, त्रुटिरहित और सुरक्षित रूप में उपलब्ध हों। इसी उद्देश्य से पोर्टल की कार्यक्षमता को सुदृढ़ करने तथा डेटा सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए तकनीकी उन्नयन का कार्य किया गया। इस दौरान क्षेत्रफल का मानकीकरण, हेक्टेयर से एकड़ एवं डिसमिल में रूपांतरण के साथ तकनीकी सत्यापन के उपरांत कुल रकबा निर्धारण एवं अभिलेख अद्यतन भी किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने नागरिकों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डिजिटल अवसंरचना को मजबूत बनाकर हम राजस्व प्रशासन को और अधिक जवाबदेह एवं जनोन्मुखी बना रहे हैं। भविष्य में भी तकनीकी सुधारों के माध्यम से सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर वृद्धि की जाएगी।

**तकनीकी क्षमता उन्नयन और डेटा सुरक्षा सुदृढ़ीकरण की दिशा में विभाग का महत्वपूर्ण कदम**

विभाग के अधिकारियों के अनुसार, मेंटेनेंस का मुख्य उद्देश्य पोर्टल की तकनीकी क्षमता को अपग्रेड करना, सर्वर की कार्यक्षमता को बेहतर बनाना तथा डेटा सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करना था। इस अवधि में



सर्वर अपग्रेडेशन, सुरक्षा प्रोटोकॉल सुदृढ़ीकरण, सिस्टम ऑप्टिमाइजेशन और बैकएंड संरचना में आवश्यक सुधार किए गए, ताकि भविष्य में उपयोगकताओं को अधिक तेज, पारदर्शी और त्रुटिरहित सेवाएं मिल सकें। निर्धारित सर्वर डाउनटाइम के दौरान महत्वपूर्ण डेटाबेस उन्नयन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस निर्धारित अवधि में तकनीकी टीम द्वारा डेटा शुद्धिकरण एवं मानकीकरण से संबंधित कई अहम कार्य भी पूरे किए गए। राज्य में अभिलेखों की रिपोर्टिंग को एकरूप एवं मानकीकृत बनाने के उद्देश्य से 43,430 जमाबंदी अभिलेखों में दर्ज क्षेत्रफल को हेक्टेयर से परिवर्तित कर एकड़ एवं डिसमिल में अपडेट किया गया। इससे राजस्व अभिलेखों की पारदर्शिता और उपयोगिता में वृद्धि होगी।

**तकनीकी सत्यापन के उपरांत कुल रकबा निर्धारण एवं अभिलेख अद्यतन**

साथ ही समीक्षा के दौरान 10,81,815 ऐसे जमाबंदी अभिलेख चिन्हित किए गए, जिनमें व्यक्तिगत प्लॉट का क्षेत्रफल दर्ज था, किंतु कुल रकबा अंकित नहीं था। तकनीकी सत्यापन के उपरांत संबंधित सभी प्लॉटों के क्षेत्रफल का योग कर कुल रकबा निर्धारित किया गया और अभिलेखों में अद्यतन किया गया। मेंटेनेंस के दौरान जमीन से संबंधित ऑनलाइन सेवाएं, दस्तावेज अवलोकन, आवेदन की स्थिति जांच तथा अन्य डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। हालांकि, निर्धारित कार्य समय पर पूरा होने के बाद सभी सेवाएं पुनः सामान्य रूप से बहाल कर दी गईं। विभाग ने कहा है कि डिजिटल अवसंरचना को सुदृढ़ करने की यह पहल राजस्व प्रशासन को आधुनिक और जनोन्मुखी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आम नागरिकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए विभाग के अधिकारियों ने अस्थायी असुविधा के लिए खेद भी प्रकट किया है।

## अहंकार साधना के मार्ग की बड़ी बाधा : माँ विजया

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। अहंकार साधना के मार्ग की सबसे बड़ी बाधा है। थोड़ी सी भी उपलब्धि प्राप्त होते ही बड़े-बड़े भक्त और साधकों को भी अहंकार हो जाता है। अहंकार एक बड़े शत्रु की भांति साधकों को साधना के मार्ग से डिगा देता है। इसलिए प्रत्येक साधक को सद्गुरु में प्रीति रखते हुए, निरन्तर यह प्राथना करनी चाहिए कि बड़ी से बड़ी आध्यात्मिक उपलब्धि के बाद भी अहंकार न आए ! यह बातें रविवार को ९ माल रोड के प्रांगण में निर्मित विशाल पण्डाल में, आध्यात्मिक संस्था अंतर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि- महोत्सव में अपना आशीर्वचन देती हुई संस्था की अध्यक्ष और ब्रह्मनिष्ठ सद्गुरुमाता माँ विजया जी ने कही । उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य में परमात्मा स्वयं विराजते होते हैं। प्रत्येक मनुष्य में शिव और शक्ति का वास है। इस्सयोग की साधना से शिव और शक्ति एकत्व को प्राप्त करते हैं। साधना से शक्ति आती ही है। किंतु अर्जित शक्तियां निरंतर इंद्रियों के माध्यम से निकलती भी रहती है। जिस प्रकार सूर्य की किरणों को मैग्निफाइंग ग्लास के माध्यम से एक स्थान पर केंद्रित कर वस्तु में आग लगायी जा सकती है, उसी प्रकार आंतरिक-साधना से मन की शक्तियों को संचित और केंद्रित कर अद्भुत लगने वाली उपलब्धियाँ प्राप्त की जा सकती है। माताजी ने कहा कि मन बहुत शक्तिशाली किंतु चंचल है। यही सभी समस्याओं का कारण भी है, और इसी में निदान भी है। संस्था के संयुक्त सचिव छोटे भैया श्री श्री संदीप गुप्ता ने अपने उद्गार में शिव-विवाह के रोचक प्रसंगों की चर्चा करते हुए कथात्मक व्याख्यान दिया और इस्सयोग की महिमा बतायी।

## संक्षिप्त खबरें

### कुरियर संघ ने रखी कई मांग

विभूतिपुर/समस्तीपुर। कुरियर संघ ने कई मांग रखी है। जिसमें नियमित टीकाकरण कुरियर का मानदेय मई 2025 से जनवरी 2026 तक का भुगतान करने, व्यक्तिगत परिचय पत्र का वितरण करने, प्रत्येक माह के अंतिम तिथि तक नियमित मानदेय का भुगतान करने, प्रत्येक वैक्सीन बॉक्स पर 110 से बढ़ाकर दैनिक मजदूरी भुगतान करने की मांग रखी है। उक्त बात की जानकारी कुरियर संघ के जिला अध्यक्ष अंजनी कुमार एवं जिला मंत्री दिलीप कुमार ने दी है।

### गुमशुदगी को लेकर थाना में दिया आवेदन

विभूतिपुर/समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के चकहबीब वार्ड 09 निवासी मो. शमीम ने अपने 29 वर्षीय पुत्र मो. निसार के गुमशुदगी को लेकर थाना में लिखित आवेदन देकर मदद की गुहार लगाया है। बताया है कि मेरा पुत्र मानसिक रूप से थोड़ा विक्षिप्त है। 27 जनवरी की दोपहर घर से कहीं निकल गया। अपने स्तर से काफी खोजबीन किया परंतु कहीं पता नहीं चल पाया।

### महाशिवरात्रि पर शिवालय दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत महाशिवरात्रि के अवसर पर विभिन्न शिव मंदिरों में शिवालय के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं के भीड़ लगी रही। प्रखंड क्षेत्र के मुस्तफापुर, कल्याणपुर, भरपुरा, भुतहा चौक, चकहबीब, नरहन, विभूतिपुर प्रखंड मुख्यालय सहित अन्य शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखी गई। सभी मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना शुरू हो गई। मंदिरों को साफ सफाई के अलावा सुंदर ढंग से सजाया गया है। जगह-जगह शिव विवाह बारात की झांकी भी निकल गई है। रात्रि में शिव विवाह का झांकी प्रस्तुत किया गया।

### देशी एवं विदेशी शराब बरामद

विभूतिपुर/समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के सिंघिया घाट से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर 7 लीटर देसी एवं 2 लीटर 970 एम एल विदेशी शराब बरामद की है। बिहार मध निषेध अधिनियम के तहत सअनि दीनानाथ चौधरी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। आगे की कार्रवाई जारी है। उक्त बात की जानकारी थाना अध्यक्ष सुनील कुमार झा ने दी।

### अलग-अलग कांडो के चार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

विभूतिपुर/समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से विभूतिपुर पुलिस ने अलग-अलग कांडों के चार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने सिंघिया घाट फुलवरिया से परमेश्वर दास के पुत्र मंटून कुमार, बिहारी महतो के पुत्र सुरेंद्र चौधरी, दुको दास का पुत्र योगेंद्र दास एवं चोचाही भरपुरा से किशुन शर्मा के पुत्र विजय कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उक्त बात की जानकारी थाना अध्यक्ष सुनील कुमार झा ने दी।

### प्रतियोगिता परीक्षा के मेधावियों को किया गया सम्मानित

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिंघियाघाट स्थित एक निजी परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर मेधावियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सोनू कुमार ने की। कार्यक्रम के दौरान दशमी वर्ग के प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो आदि भेंटकर सम्मानित किया गया। जिसमे प्रथम टॉपर कोमल कुमारी, द्वितीय लक्ष्मी कुमारी, तृतीय साक्षी कुमारी समेत 60 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रामप्रीत सिंह ने छात्रों के बीच अपनी स्व रचित पुस्तकें वितरित किया। मौके पर धीरज, विजय, शिवकांत, बिट्टू, सौरभ आदि थे।

### शिव बारात में निकाली गई भूत बैताल की आकर्षक झांकी

मुजफ्फरपुर। जिले के बन्दरा प्रखंड अंतर्गत सकरी मन स्थित बाबा जीवनेश्वरनाथ महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत चल रहा अष्टयाम महायज्ञ रविवार की शाम विधिवत हवन-पूजन के साथ सम्पन्न हो गया।सन्ध्या में बाबा का महासृंगार किया गया एवं इससे पहले शिव बारात निकाली गई। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा। उपमुखिया शिवनाथ सिंघानियां ने बताया कि महोत्सव की शुरूआत मंगलवार की सुबह सुंदरकांड पाठ से हुई थी, जिसके बाद अष्टयाम, अखंड हवन-यज्ञ लगातार जारी रहा और रविवार को पूणार्हुति के साथ इसका समापन किया गया। इसके बाद भगवान महादेव सहित अन्य देवी-देवताओं और भूत-प्रेत बैताल की आकर्षक झांकी गांवों में निकाली गई, जिसने श्रद्धालुओं का ध्यान खींचा। झांकी देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग उमड़े। मंदिर में बाबा जीवनेश्वरनाथ का भव्य श्रृंगार और आरती भी की गई। रात्रि में आमंत्रित कलाकारों द्वारा महाकाल की झांकी की विशेष प्रस्तुति आयोजित है।पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव के जयघोष से भक्तिमय बना है।

# अग्निवीर भर्ती रैली 17 फरवरी से 4 मार्च तक ,7040 अभ्यर्थी होंगे शामिल

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर।भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के अंतर्गत जिले में आयोजित होने वाली भर्ती रैली की तैयारी पूरी हो गई है। अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन 17 फरवरी से 4 मार्च तक मुजफ्फरपुर स्थित चक्कर मैदान में किया जाएगा। इस भर्ती रैली में शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए कुल 7040 अभ्यर्थी शामिल होंगे। भर्ती प्रक्रिया को सफल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने अधिकारियों की टीम के साथ चक्कर मैदान का भ्रमण किया तथा कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने नोडल पदाधिकारी अपर सामाहर्ता आपदा को नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने तथा भर्ती प्रक्रिया को सुचारू एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने का निर्देश दिया। इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी को भी लगातार मॉनिटर करते रहने को कहा।अग्निवीर भर्ती रैली के दौरान पांच ट्रेडों के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। इनमें अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर ट्रेड्समैन (दसवीं पास) तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन (आठवीं पास) शामिल हैं। शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को अगले दिन मेडिकल परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा।अग्निवीर भर्ती रैली के सफल आयोजन को लेकर समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में सेना, जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक पूर्व में ही आयोजित की गई है तथा अधिकारियों को दायित्व का निर्धारण पूर्व में ही किया जा चुका है। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ अपने-अपने दायित्वों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करें तथा आपस में समन्वय बनाए रखें। उन्होंने अधिकारियों को सेना भर्ती कार्यालय के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने को कहा, ताकि रैली में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह नियमानुसार संपन्न हो सके। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को मैदान में मेडिकल टीम गठित कर तैनात करने तथा दवा डॉक्टर और एंबुलेंस की तैनाती करने को कहा है। साथ ही कार्यपालक अभियंता विद्युत को मार्ग में लूज वायर को दूर करने तथा बिजली व्यवस्था सुचारू रखने का निर्देश दिया है।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर कावरियों ने गंगाजल से किया बाबा सिद्धेश्वरनाथ का जलाभिषेक

प्रात: किरण संवाददाता



मनीगाछी(दरभंगा)। प्रखंड के टटुआर पंचायत अंतर्गत विशौल गांव स्थित प्राचीन बाबा सिद्धेश्वरनाथ महादेव मंदिर में सिमरिया से पैदल एवं वाहन से गंगाजल लाकर सैकड़ों कमरथुओं ने बुधवार को जलाभिषेक किया। मंदिर में जलाभिषेक करने वाले भक्तों की कतार देर शाम तक लगी रही। प्रातः काल गांव के मध्य विद्यालय के समीप स्थित तालाब से भव्य कलश यात्रा की शक्ल में जल लाकर 108 कुंवारी कन्याओं ने बाबा सिद्धेश्वरनाथ पर अर्पित किया। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने रंग-बिरंगी झांकियों एवं ढोल-नगाड़े के साथ पैदल कांवर यात्रियों का गांव की सीमा पर अगवानी की और हर हर महादेव के जयघोष के साथ मंदिर के प्रांगण में पहुंचे। मंदिर प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष सह टटुआर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रो जीवकांत मिश्र ने बताया कि परंपरा के अनुसार महाशिवरात्रि के अवसर पर पं राकेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में पंडितों द्वारा रात्रि में चारों पहर शिव विवाह की पूजन रस्म की अदायगी की जाएगी। साथ ही महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान पं राधेश्याम झा के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा वाचन की रसधार 17 फरवरी तक निरंतर बहेगी। उधर, श्रीमद्भागवत कथा वाचन यज्ञ के पांचवें दिन महाशिवरात्रि के अवसर पर कथावाचक पं राधेश्याम झा ने महाशिवरात्रि के महात्म्य का वर्णन करते कहा कि शिवपुराण की कोटिरुद्रसंहिता में बताया गया है कि महाशिवरात्रि व्रत करने से व्यक्ति को भोग एवं मोक्ष दोनों ही प्राप्त होते हैं। महाशिवरात्रि व्रत करने से महान पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि मोक्ष की प्राप्ति कराने वाले चार संकल्प का नियमपूर्वक पालन करना चाहिए ये चार संकल्प हैं- शिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा, रुद्रमंत्र का जप, शिवमंदिर में उपवास तथा काशी में देहत्याग। उन्होंने बताया कि शिवपुराण में मोक्ष के चार सनातन मार्ग बताए गए हैं। इन चारों में भी शिवरात्रि व्रत का विशेष महत्व है। अतः इसे अवश्य करना चाहिए। क्योंकि यह सभी के लिए धर्म का उत्तम साधन है। निष्काम अथवा सकामभाव से सभी मनुष्यों, वर्णों, स्त्रियों, बालकों तथा देवताओं के लिए यह महान व्रत परम हितकारक माना गया है। प्रत्येक मास के शिवरात्रि व्रत में भी फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी में होने वाले महाशिवरात्रि व्रत का शिवपुराण में विशेष महात्म्य है।

# लनामिवि वाणिज्य विभाग में रिसर्च पर होगा नेशनल कांफ्रेंस



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग में शोध पर पांच दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आगामी 7-11 अप्रैल 2026 को होगा। संगोष्ठी का मुख्य विषय-वस्तुह्न समकालीन समय मे व्यवसायिक शोधह्न (बिजनेस रिसर्च इन कन्टेम्पररी टाइम्स) रखा गया है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी ने रविवार को संगोष्ठी का फ्लायर रिलीज करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण संगोष्ठी है। विशेषकर मिथिला विश्वविद्यालय को भारत सरकार के पीएम- ऊषा योजना के अंतर्गत एक बहुविषयक शिक्षा और शोध विश्वविद्यालय (मेरू) के रूप मे श्रेणीबद्ध होने के कारण इस संगोष्ठी का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि शोध अब इस विश्वविद्यालय की आत्मा बन गई है और विश्वविद्यालय द्वारा शोध कार्य को प्रत्येक स्तर पर बढ़ावा दिया जा रहा है। कुलपति ने आगे कहा कि यह एक बहुविषयक संगोष्ठी है और वाणिज्य, प्रबंधन के अलावा सामाजिक विज्ञान संकाय के शिक्षक, शोधार्थी और छात्र-छात्राएं इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर इसको व्यापक रूप से सफल बनाएंगे। वाणिज्य के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर हरे कृष्ण सिंह और विभागाध्यक्ष डॉ राज कुमार साह ने बतलाया कि इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों मे स्थित महत्वपूर्ण संस्थानों से विद्वान अपना योगदान देंगे। संगोष्ठी के समन्वयक व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ दिवाकर झा ने कहा कि यह संगोष्ठी अपने तरह का पहला आयोजन है, जिसे पांच दिनों का रखा गया है जो शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी सभी के लिए समान रूप से उपयोगी है। गुणात्मक शोध की दिशा में यह आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभागीय शिक्षिका डॉ निर्मला कुशवाह ने बताया कि कान्फ्रेंस का ब्रॉसर तथा रजिस्ट्रेशन के लिए गूगल फार्म विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस मौके पर कुलपति के निजी सचिव डॉ सैयद मोहम्मद जमाल अशरफ भी मौजूद थे।

# ब्रह्माकुमारी संस्था एक महान कार्य को लेकर चल रही है : हरि सहनी

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लहेरियासराय, दरभंगा सेवाकेंद्र के तत्वावधान में एक भव्य शोभा यात्रा लहेरियासराय ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र से निकाली गई जिसका विधिवत उद्घाटन विधान परिषद सदस्य एवं पूर्व मंत्री दैवी भ्राता हरि सहनी,लहरियासराय थाना के आरक्षी निरीक्षक, डीएमसीएच के पूर्व अधीक्षक डॉक्टर शिला साहू, दरभंगा जिला ब्रह्माकुमारीज के प्रमुख आरती बहन के संयुक्त तत्वाधान में हरी झंडी दिखाकर हुआ । इस यात्रा में करीब 400 भाई बहनो ने भाग लिया। यह यात्रा लोहिया चौक होते हुए लाइटहाउस ,नाका नंबर 6, कोतवाली थाना, मिजार्पुर, आयकर चौराहा होते हुए श्यामा माई मंदिर के बगल में नागेंद्र झा स्टेडियम में समाप्त हुआ ।जहां शिवज्योतिलिंगम मेला का विधिवत उद्घाटन हुआ गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में जिसमें मुख्य रूप से विश्वविद्यालय थाना के प्रभारी सुधीर कुमार उपस्थित रहे। तत्पश्चात शिव ध्वजारोहण हुआ। दरभंगा जिला के मुख्य प्रभारी बी के आरती बहन जी ने बताई की इस यात्रा का मूल उद्देश्य था लोगों को संदेश देना की दरभंगा में जो पहली बार द्वादश ज्योर्तिलिंगम दर्शन मेला का आयोजन किया गया है इसका आप सभी प्रतिदिन 23 फरवरी तक लाभ लेंगे प्रातः 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक तथा भगवद् गीता के आध्यात्मिक रहस्य प्रवचन माला कार्यक्रम जो 16 से 22 फरवरी तक चलेगा संध्या 3 बजे से 8 तक जिसके मुख वक्ता होंगे सुप्रसिद्ध भगवद् गीता विशेषज्ञा राजयोगिनी कंचन दीदी जी। ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय से शक्तिराज भाई पधारेंगे जो हम सभी को विशेष तनाव मुक्त खुशनुमा जीवन जीने की कला एवं राजयोग मेडिटेशन का अनुभूति करायेगे। इन्हीं बातों को संदेश देने के लिए और परमपिता परमात्मा शिव बाबा का सत्य परिचय देने के लिए इस महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर यह यात्रा निकाली गई थी । अपने उद्बोधन में इस झांकी के उद्घाटन करता विधान परिषद के सदस्य एवं पूर्व मंत्री हरि सहनी जी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था एक महान कार्य को लेकर के चल रही है लोगों के चरित्र को बनाने की कला, लोगों की जीवन में सच्ची सुख शांति लाने के उपाय कर रहे हैं। आज भोला बाबा का दिन है हमें विश्वास है भोला बाबा के आशीर्वाद से यह संस्था अपने महान कार्य की और और आगे बढ़ेंगे। शोभा यात्रा दरभंगा जिला ब्रह्माकुमारीज प्रमुख आरती बहन जी , दरभंगा दोनार सेवाकेंद्र के प्रभारी उर्मिला बहन, कादिराबाद सेवाकेंद्र की प्रभारी पूजा बहन के नेतृत्व में निकाली गई जिसमें रितु बहन, विभा बहन, अनु बहन , सुधाकर भाई, रमेश चावला भाई, रामविलास भाई, भास्कर भाई , शिवजी भाई, परशुराम भाई, भारती भाई ,उमेश भाई अमरजीत भाई आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।झांकी में कुमारी अनु, कुमारी प्रिया, कुमारी सोनम, कुमारी प्रियतम बनी लक्ष्मी नारायण एवं श्री राधे कृष्ण के रूप में अभूतपूर्व शोभायमान लग रहे थे साथ-साथ शंकर बने सुभाकर भाई सबके आकर्षण के केंद्र थे

# मधुबनी में 6 दिनों में हत्या कांड का खुलासा मुख्य आरोपी मुठभेड़ में घायल



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। राजनगर थाना क्षेत्र में 10 फरवरी को हुई गोली मारकर हत्या की घटना का पुलिस ने छह दिनों के भीतर सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में मुख्य अभियुक्त मो० अरसद पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया, जबकि कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से दो देशी पिस्टल, आठ जिंदा कारतूस, एक खोखा तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं ।प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 फरवरी को राजनगर थाना अंतर्गत राघोपुर बलाट स्थित बघी बांध के समीप जयराम मंडल (पुत्र- श्रीचन्द मंडल, निवासी- समाधी टोल) की अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजनगर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-02 एवं पुलिस अधीक्षक मधुबनी घटनास्थल पर पहुंचे तथा जांच प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-02 के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी अनुसंधान, सीसीटीवी फुटेज, सीडीआर विश्लेषण एवं फॉरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्तों की पहचान सुनिश्चित की गई ।मुठभेड़ में मुख्य आरोपी गिरफ्तार15 फरवरी की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर राजनगर थाना क्षेत्र केरामपट्टी-बलाट रोड में वाहन जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी मो० अरसद ने देशी पिस्टल से फायरिंग की, जिसके बाद आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके विरुद्ध लूट, छिनतई एवं चोरी के लगभग आधा दर्जन मामले दर्ज बताए गए हैं ।अलग अभियान में तीन और दबोचे गएउसी दिन दिवा गश्ती के दौरान रामपट्टी-रांटी रोड स्थित सवार्डीह पुल के समीप वाहन जांच के क्रम में तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान एक देशी पिस्टल एवं तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए ।गिरफ्तार अभियुक्तों में अमन अमीर, गुलाम नबी (दोनों निवासी- गौसनगर, थाना- राजनगर, जिला- मधुबनी) तथा मो० दानिस (निवासी- गरौल, थाना- अलीनगर, जिला- दरभंगा) शामिल हैं ।दोनों मामलों में राजनगर थाना में सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# बाबा उदयनाथ महादेव मंदिर प्रांगण सुक्की में उमड़ी आस्था की भीड़

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। प्रखंड क्षेत्र के सुक्की स्थित बाबा उदयनाथ महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर पहुंचे और भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं मंगलकामना की प्रार्थना की। सुबह मंगला आरती के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजन, रुद्राभिषेक और सामूहिक आरती का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र और धतूरा अर्पित कर अपनी आस्था व्यक्त की। मंदिर परिसर की आकर्षक सजावट की गई थी। फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी रोशनी से पूरा वातावरण अलौकिक प्रतीत हो रहा था। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल और प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई थी। स्थानीय युवाओं एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से आयोजन सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। महिलाओं की सहभागिता उल्लेखनीय रही। उन्होंने सामूहिक पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली एवं क्षेत्र की उन्नति की कामना की ।इस अवसर पर समाजसेवी अमरेश सिंह ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भाव को सुदृढ़ करते हैं। मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और संस्कारों से जुड़ने का अवसर मिलता है ।कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, पंचायत प्रतिनिधि तथा विभिन्न वर्गों के श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, हालांकि देर शाम तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार, बाबा उदयनाथ महादेव मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। विशेष अवसरों पर यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है ।समग्र रूप से यह धार्मिक आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया, जिसने पूरे क्षेत्र में सकारात्मक और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया।

# सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाला गिरफ्तार मारपीट मामले में दो बालक निरुद्ध

मधुबनी । फुलपरास थाना क्षेत्र में अपराध की योजना को पुलिस ने समय रहते विफल करते हुए दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर अवैध हथियार लहराकर दहशत फैलाने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मारपीट की घटना में शामिल दो बालकों को विधि-विरुद्ध निरुद्ध किया गया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कुल दो देशी कट्टा एवं चार मोटरसाइकिल बरामद की है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 फरवरी 2026 को फुलपरास थाना अध्यक्ष को सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो प्राप्त हुआ, जिसमें एक युवक अवैध हथियार के साथ प्रदर्शन कर रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, फुलपरास के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी अनुसंधान के आधार पर युवक की पहचान गोढ़ियारी निवासी ज्योतिष कुमार (पिता- भुवनेश्वर मंडल) के रूप में की गई। पुलिस टीम द्वारा उसके घर पर छापामारी कर एक देशी कट्टा बरामद किया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने एक अन्य कट्टा अपने सहयोगी मणिप्रकाश यादव को देने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है तथा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है। इसी क्रम में 13 फरवरी को ही फुलपरास थाना को सूचना मिली कि गोढ़ियारी गांव में राम नरेश यादव के घर पर 10-12 युवक 4-5 मोटरसाइकिल पर सवार होकर पहुंचकर मारपीट कर रहे हैं तथा उनके पास हथियार भी हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से दो बालकों को अभिरक्षा में लिया। घटनास्थल से चार मोटरसाइकिल एवं एक देशी कट्टा बरामद किया गया ।जांच में पता चला कि 12 फरवरी को आयोजित श्राद्ध भोज के दौरान मोटरसाइकिल तेज चलाने को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद आक्रोश में अगले दिन आरोपित युवक अपने साथियों के साथ मारपीट करने पहुंचा था। बरामद हथियार को विधिवत जब्त कर लिया गया है तथा दोनों बालकों को विधि-विरुद्ध निरुद्ध कर सुसंगत धाराओं में कांड दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन अथवा अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री गंभीर अपराध है। मधुबनी पुलिस डिजिटल एवं जमीनी स्तर पर सतर्क है तथा शांति भंग करने वाले किसी भी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। अवैध हथियारों के नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

# एनसीसी सी सर्टिफिकेट परीक्षा में 598 कैडेट हुए शामिल

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।एनसीसी ग्रुप मुख्यालय मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में रविवार को तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, झपहां में एनसीसी सी प्रमाण पत्र की लिखित परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा में चार एनसीसी बटालियनों के कुल 598 कैडेटों ने भाग लेकर अनुशासन, तैयारी और आत्मविश्वास का परिचय दिया ।परीक्षा में 2 बिहार बटालियन एनसीसी, मुजफ्फरपुर, 7 बिहार बटालियन एनसीसी, छपरा, 25 विद्या बटालियन एनसीसी, मोतिहारी तथा 32 बिहार बटालियन एनसीसी के कैडेट शामिल हुए। परीक्षा केंद्र पर सभी कैडेटों की लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई। सुरक्षा, अनुशासन और परीक्षा की गोपनीयता को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई।

परीक्षा के दौरान एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, मुजफ्फरपुर के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन को मजबूती प्रदान की। इस अवसर पर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर संजीव मेहरोत्रा स्वयं मौजूद रहे और उन्होंने परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उनके साथ कर्नल बिक्रम अजीत सिंह, कर्नल सुरेन पांडेय तथा कर्नल के.के. मिश्रा सहित सभी संबंधित बटालियनों के पीआई स्टाफ, सिविल स्टाफ और अधिकारी उपस्थित रहे ।अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कैडेटों से संवाद भी किया। उन्होंने कैडेटों को एनसीसी के मूल्यों—अनुशासन, नेतृत्व, राष्ट्रसेवा और चरित्र निर्माण—को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। अधिकारियों ने कहा कि सी सर्टिफिकेट परीक्षा कैडेटों के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो आगे चलकर उनके करियर और व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होती है।

# महाशिवरात्रि पर बाबा गरीबनाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बाबा गरीबनाथ धाम में महाशिवरात्रि के अवसर पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। उत्तर बिहार के देवघर के रूप में प्रतिष्ठित इस धाम में जलाभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर के बाहर करीब 2 किलोमीटर तक भक्तों की लंबी लाइन लग गई । मंदिर की ओर जाने वाली सभी सड़कें केसरिया रंग में रंगी नजर आ रहीथीं। अहले सुबह ब्रह्ममुहूर्त में मंदिर के कपाट खुलते ही बोल बम और हर-हर महादेव के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालु सुबह से ही लंबी कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करने लगे । बाबा गरीब नाथ धाम को उत्तर बिहार का सबसे बड़ा धार्मिक केंद्र माना जाता है। मान्यता है कि यहां मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है, यही कारण है कि मुजफ्फरपुर के अलावा सीतामढ़ी, वैशाली, शिवहर, और चंपारण जैसे पड़ोसी जिलों से भी लाखों श्रद्धालु यहां खिंचे चले आते हैं। भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े और व्यापक इंतजाम किया था। मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। शहर के प्रवेश मार्गों पर विशेष बैरिकेडिंग की गई थी, ताकि यातायात बाधित न हो और पैदल आ रहे श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम के जरिए हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही थी। इसी के साथ विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और सेवा दलों के वॉलिंटियर्स ने मोर्चा संभाल रखा था। सुदूर गांव देहात में भी शिवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया ।बंदरा के मतलुपुर स्थित बाबा खगेश्वरस्थान में जलाभिषेक के लिए दिनभर लोगों की भीड़ लगी रही। इनमें सर्वाधिक संख्या महिलाओं की थी।

# मधुबनी में स्टूडियो 24 सलून का हुआ उद्घाटन




मधुबनी। नगर के गांधी बाजार मेन रोड में स्टूडियो 24 सलून के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्यातिथि के रूप में पूर्व उप मेयर प्रत्याशी समाजसेवी, काजोल पूर्वे के द्वारा प्रतिष्ठान का फीता काट, दीप प्रज्वलित, केक काट कर उदघाटन किया गया। कार्यक्रम में श्रवण मंडल, प्रहलाद पूर्वे, राजीव ठाकुर, पंकज ठाकुर, अनुराधा कुमारी , मनीष राउत सहित बहुत महानुभाव वो मातृ शक्ति उपस्थित थी। प्रतिष्ठान की प्रोपराइटर रश्मि सिंह सभी अतिथियों का स्वागत की।

# जकात सेंटर इंडिया के तत्वावधान में जनजागरूकता अभियान

मुजफ्फरपुर ।जकात सेंटर इंडिया के तत्वावधान में चंदवारा स्थित एक विवाह भवन में एक भव्य सार्वजनिक संबोधन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य लोगों के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाओं की भी सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरूआत तिलावत-ए-कुरआन से हुई, डॉ. महमूदुल हसन अध्यक्ष, जकात सेंटर इंडिया, मुजफ्फरपुर ने उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने जकात की अहमियत और उसके सामूहिक व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि जकात को संगठित तरीके से जमा और वितरित किया जाए तो समाज से गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक - आर्थिक असंतुलन को काफी हद तक समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जकात सेंटर की स्थापना का उद्देश्य जरूरतमंदों की सम्मानजनक सहायता और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। सैयद अहमद सचिव, जकात सेंटर इंडिया, मुजफ्फरपुर ने तीन वर्षों की कार्य-रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि संस्था ने पिछले तीन वर्षों में 180 लोगों को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने में सफलता प्राप्त की है, 29 जरूरतमंद छात्रों को शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई एवं लगभग 80 विधवाओं, असहाय एवं परित्याग महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये पेंशन के रूप में दिए जा रहे हैं। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि इस्लामिक विद्वान रिजवान अहमद रफीकी ने कुरआन के शिक्षा के तहत बताया कि अल्लाह तआला ने माल को जमा कर रोक कर रखने वालों के लिए कड़ी चेतावनी दी है और यह कि माल अल्लाह की अमानत है, जिसमें गरीबों और अभिवंचितों का हक तय है। उन्होंने सूरह तौबा की आयत का हवाला देते हुए कहा कि जो लोग सोना-चाँदी जमा करके रखते हैं और अल्लाह की राह में खर्च नहीं करते, उनके लिए दर्दनाक दंड की चेतावनी है। उन्होंने कहा कि जकात अदा करने से माल कम नहीं होता, बल्कि अल्लाह के वादे के मुताबिक उसमें बरकत और बढ़ोतरी होती है। मीडिया प्रभारी मोहम्मद इश्तेयाक ने जकात के सामूहिक व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यदि इसे संगठित रूप से लागू किया जाए तो समाज से गरीबी दूर करने में उल्लेखनीय सफलता मिल सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर परिषद मधेपुरा में आजीविका समूह की महिलाओं का प्रदर्शन

मधेपुरा। दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) की सीआरपी एवं आजीविका समूह से जुड़ी महिलाओं ने शनिवार को नगर परिषद कार्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने कार्यपालक पदाधिकारी तनया कुमारी से मिलकर ज्ञापन सौंपते हुए मानदेय बढ़ाने, लंबित भुगतान करने, नियुक्ति/आईडी कार्ड जारी करने तथा सेवाएं पूर्ववत बहाल करने की मांग की। महिलाओं ने कहा कि नगर मिशन प्रबंधक एवं सामुदायिक संगठकों को हटाए जाने के बाद योजना की प्रगति प्रभावित हुई है। मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी गई।

### लायंस क्लब ने बच्चों के बीच बांटी शिक्षण सामग्री

मधेपुरा। उत्क्रमित मध्य विद्यालय जयरामपुर में शनिवार को लायंस क्लब द्वारा बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल व स्केल सहित पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम क्लब अध्यक्ष प्रणय कुमार साहा की माताजी स्वर्गीय आशा देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों को टूथब्रश, टूथपेस्ट व चॉकलेट भी दिए गए। कार्यक्रम में डॉ. अनंत कुमार, डॉ. रोहित भगत, मिथिलेश कुमार सहित क्लब सदस्य एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

### छोटी शिनवाड़ा में 18 से 20 फरवरी तक 48 घंटे का अखंड रामधुनी यज्ञ

मधेपुरा । उदाकिशुनगंज प्रखंड अंतर्गत खारा पंचायत के छोटी शिनवाड़ा (चबियारी) गांव में 18, 19 एवं 20 फरवरी को 48 घंटे का अखंड रामधुनी यज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर गांव में श्रद्धा एवं उत्साह का माहौल बना हुआ है तथा कमिटी के सदस्य तैयारी में जुटे हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 18 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके उपरांत 48 घंटे तक अखंड रामधुनी यज्ञ, राम नाम संकीर्तन, पूजा-अर्चना एवं भजन-कीर्तन का आयोजन लगातार किया जाएगा। आयोजन के दौरान सहरसा एवं नेपाल से आए कलाकारों द्वारा भक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होंगे। यज्ञ की तैयारी सामाजिक कार्यकर्ता शंभु चौधरी, लक्ष्मी मुखिया, दिनेश मुखिया, सज्जन मुखिया, शुभंकर मुखिया एवं मिथलेश मुखिया के नेतृत्व में की जा रही है। ग्रामीणों के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी अंतिम चरण में है।

### पूर्णियां एक्सपो में एनजेए के वरीय उपाध्यक्ष सम्मानित

मधेपुरा । 256वें पूर्णियां जिला स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आवाज 24 मीडिया एंड इंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पूर्णियां एक्सपो 2026 के अंतर्गत इंटरनेशनल ट्रेड फीस्ट कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्षा सह आवाज 24 की मैनेजिंग डायरेक्टर पूजा मिश्रा ने किया। र्यक्रम में विद्या बिहार के सचिव राजेश मिश्रा एवं समाजसेवी पल्लवी मिश्रा का पूजा मिश्रा द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। आवाज 24 के एडिटर एंड चीफ ओमप्रकाश मिश्रा तथा डायरेक्टर राजीव कुमार की मौजूदगी में कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्या बिहार, पूर्णियां के सचिव राजेश मिश्रा ने की। पूर्णियां के रंगभूमि मैदान में 13 फरवरी से आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को विशिष्ट अतिथि के रूप में नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन, बिहार के वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष चंदन कुमार झा (सी.के. झा), सचिव धर्मेंद्र कुमार मिश्रा तथा संघ के उदाकिशुनगंज संरक्षक एवं कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर मु. शकील अख्तर शामिल हुए। इस अवसर पर उदाकिशुनगंज अनुमंडल के एनजेए के पूर्व कोषाध्यक्ष रजनीकांत ठाकुर एवं अनुराग हर्ष को बुके, अंगवस्त्र एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष चंदन कुमार झा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम पत्रकारों और समाज के बीच सकारात्मक संवाद को मजबूत करते हैं। उन्होंने परिसर में लगे आकर्षक स्टॉल एवं प्रायोजकों की भी प्रशंसा की। साथ ही आवाज 24 की तीसरी वर्षगांठ एवं पूर्णियां जिले के 256वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के स्कूली बच्चों ने शानदार नृत्य प्रस्तुतियां दीं, जिसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया। श्री झा ने पत्रकार साथियों से संगठन से जुड़कर एकता को मजबूत करने और निष्पक्ष पत्रकारिता जारी रखने का आह्वान किया इस अवसर पर दर्जनों प्रायोजकों के प्रतिनिधियों सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर बाबा गोरखनाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

## हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हुआ पूरा क्षेत्र

प्रात : किरण संवाददाता



आजमनगर /कटिहार। आस्था, विश्वास और अटूट श्रद्धा का संगम आजमनगर प्रखंड स्थित सुप्रसिद्ध बाबा गोरखनाथ धाम में देखने को मिला। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महादेव के जलाभिषेक के लिए भक्तों का ऐसा रेला उमड़ा कि मंदिर परिसर से लेकर मुख्य सड़कों तक केवल केसरिया रंग और भक्ति का उत्साह ही नजर आ रहा था। अहले सुबह से ही श्रद्धालु हाथ में गंगाजल, सुगंधित पुष्प, बेलपत्र, भांग और धतूरा लिए बाबा के दरबार में अपनी हाजिरी लगाने के लिए कतारबद्ध हो गए।बाबा गोरखनाथ धाम की महिमा दूर-दूर तक फैली है। यहाँ स्थापित भव्य श्वेत शिवलिंग का विशेष महत्व है। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से महाशिवरात्रि के दिन इस शिवलिंग पर जलाभिषेक करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। सुबह के 3 बजे से ही मंदिर के पट खुलते ही हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर की व्यवस्था और भक्तों के धैर्य की परीक्षा लेती दिखीं, लेकिन महादेव के दर्शन की लालसा में हर चेहरा खिला हुआ था। इस वर्ष भी शिवरात्रि के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में अविवाहित युवक-युवतियों ने मनचाहे जीवनसाथी की प्राप्ति के लिए उपवास रखकर जलाभिषेक किया। वहीं, नवविवाहित जोड़ों ने महादेव और माता पार्वती की संयुक्त पूजा कर अपने सुखमय दांपत्य जीवन और परिवार की खुशहाली के लिए मंगलकामना की। मंदिर परिसर में स्थित पवित्र शिवगंगा में स्नान कर भक्तों ने अपनी काया और मन को शुद्ध किया और वहां से जल भरकर बाबा को अर्पित किया। हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखा। जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई थी ताकि कतारें व्यवस्थित रहें। स्थानीय पुलिस बल के साथ-साथ मंदिर समिति के स्वयंसेवक भी चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल और प्राथमिक चिकित्सा की भी व्यवस्था की गई थी। मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि भीड़ का अनुमान पहले से था, इसलिए सुरक्षा और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।समिति के सदस्यों का मानना है कि शिवरात्रि के अगले दिन भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहेगा। इसे देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है और सीसीटीवी कैमरों के जरिए भीड़ पर नजर रखी जा रही है।

### शिवभक्ति में डूबा पुरैनी, महाशिवरात्रि पर मंदिरों में लगी लंबी कतारें

मधेपुरा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित बाबा पुरान्धर नाथ मंदिर सहित आसपास के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अहले सुबह से ही श्रद्धालु हाथों में बेलपत्र, दूध, गंगाजल एवं फूल-मालाएं लेकर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए मंदिरों में लंबी कतारों में खड़े नजर आए। पूरे क्षेत्र में हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। महाशिवरात्रि को लेकर मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग-बिरंगी झालरों और फूलों से सजे मंदिर श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने रहे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन एवं मंदिर समिति द्वारा सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण की विशेष व्यवस्था की गई, जिससे पूजा-अर्चना शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकी। इस अवसर पर कई स्थानों पर भजन-कीर्तन, रुद्राभिषेक एवं रात्रि जागरण का आयोजन किया

# महाशिवरात्रि पर सिंहेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

● एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक, जाम व निकासी व्यवस्था से श्रद्धालु परेशान

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को सिंहेश्वर धाम में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बाबा सिंहेश्वर नाथ के दरबार में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने कामना लिंग पर जल, दूध, बेलपत्र एवं पूजन सामग्री अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। अहले सुबह से मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंजता रहा। श्रद्धालु विभिन्न मार्गों से पैदल और वाहनों द्वारा मंदिर पहुंचते रहे। बिहार के विभिन्न जिलों के अलावा नेपाल के तराई क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने गर्भगृह का पट सुबह ही खोल दिया। शिवगंगा तट से मुख्य द्वार तक श्रद्धालु बेरिकेडिंग में कतारबद्ध होकर दर्शन के लिए इंतजार करते दिखे। न्यास प्रबंधन के अनुसार पहले दिन एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। पूरे नगर में दिनभर भक्ति और उत्सव का माहौल बना रहा। सुरक्षा के दावे, लेकिन यातायात व्यवस्था रही बेपटरी महाशिवरात्रि को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, बावजूद इसके बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था चरमराई रही। नो-इंट्री व्यवस्था प्रभावी नहीं रहने से बड़ी गाड़ियों के प्रवेश के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। ई-रिक्शा, ऑटो और ठेलों की अनियंत्रित आवाजाही से बाजार क्षेत्र में अव्यवस्था बनी रही। वहीं मंदिर परिसर में निकासी व्यवस्था पर्याप्त नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने भीड़ प्रबंधन और यातायात नियंत्रण को लेकर प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाया और व्यवस्था में सुधार की मांग की।

# कोलासी पुल के पास मिला अज्ञात शव



प्रात : किरण संवाददाता

कटिहार। जिले के कोढ़ा प्रखंड से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ कोलासी पुल के समीप कारी कोसी नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और घटनास्थल पर स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना कोलासी पुलिस को दी। सूचना पाकर कोलासी पुलिस शिविर प्रभारी श्रवण कुमार अपने दलबल के साथ मौके पर पहुँचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जानकारी सदर डीएसपी टू रंजन कुमार सिंह को दी गई, जिसके बाद वे भी घटनास्थल पर पहुँचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से शव को नदी से बाहर निकाला। डीएसपी रंजन कुमार सिंह के आदेशानुसार, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस शव की शिनाख्त करने और मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी ।

# ऑपरेशन मुस्कान ने बिखेरी चमक, 100 लोगों को लौटाए उनके खोए हुए मोबाइल

प्रात : किरण संवाददाता



कटिहार। मोबाइल सिर्फ एक उपकरण नहीं, बल्कि आज के दौर में इंसान की जरूरत और यादों का पिटारा है। जब यह खोता है, तो चेहरे की मुस्कान भी साथ ले जाता है। लेकिन कटिहार पुलिस के ऑपरेशन मुस्कान ने एक बार फिर जिले के नागरिकों के चेहरों पर खुशी लौटा दी है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत तकनीकी अनुसंधान टीम और विभिन्न थानों के सहयोग से कुल 100 चोरी या गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिन्हें उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द कर दिया गया।बरामद किए गए इन 100 मोबाइल हैंडसेट की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जब पीड़ितों को उनके खोए हुए फोन वापस मिले, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी के निर्देश पर गठित विशेष टीम, जिसमें जिले के विभिन्न थानों के अपर थानाध्यक्ष और तकनीकी अनुसंधान इकाई के विशेषज्ञ शामिल थे, ने लगातार इन मोबाइलों को ट्रैक किया। टीम ने न केवल कटिहार, बल्कि पड़ोसी जिलों जैसे पूर्णिया, अररिया और किशनगंज तक जाल बिछाकर इन फोनों को सफलतापूर्वक बरामद किया। पुलिस की यह उपलब्धि केवल यहीं तक सीमित नहीं है। आंकड़ों पर गौर करें तो ऑपरेशन मुस्कान के तहत अब तक 8 बार मोबाइल वितरण शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। पूर्व में 1400 मोबाइल लौटाए गए थे और ताजा वितरण के साथ यह आंकड़ा अब 1500 तक पहुंच गया है। बरामद किए गए इन सभी फोनों का कुल बाजार मूल्य लगभग 2 करोड़ 35 लाख रुपये है।पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा ताकि आम जनता का पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हो सके। पुलिस ने आम जन से अपील की है कि मोबाइल खोने या चोरी होने पर तुरंत इसकी सूचना संबंधित थाने या पोर्टल पर दें, ताकि समय रहते तकनीकी कार्रवाई शुरू की जा सके।

# कटिहार के शिक्षक प्रेम कुमार परदेशी को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान

प्रात : किरण संवाददाता

कटिहार। शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रयोगों और सकारात्मक बदलावों की गूंज अब राष्ट्रीय स्तर पर सुनाई दे रही है। इसी कड़ी में जिले के मनसाही प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसंतपुर के शिक्षक प्रेम कुमार परदेशी ने अपनी विशिष्ट शिक्षण शैली और नवाचारी प्रयासों से जिले का मान पूरे देश में बढ़ाया है। उन्हें छत्तीसगढ़ के ह्यनवाचारी गतिविधि समूहह्ण द्वारा प्रतिष्ठित ह्यराष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षणिक संप्रवाह 2025-26ह्ण से नवाजा गया है। बताते चलें कि यह समूह भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कार्यरत शिक्षकों का सबसे बड़ा स्वप्रेरित मंच है। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना, शिक्षकों का सशक्तिकरण करना और एक सकारात्मक शैक्षिक वातावरण का निर्माण करना है। प्रेम कुमार परदेशी को यह सम्मान शिक्षा के प्रति उनके समर्पण और कक्षा में किए गए आधुनिक नवाचारों के लिए प्रदान किया गया है। अपनी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शिक्षक प्रेम कुमार परदेशी ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि अपने कार्यक्षेत्र में और अधिक ऊर्जा व उत्साह के साथ काम करने की प्रेरणा है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने विद्यार्थियों और सहयोगी शिक्षकों को दिया है।गौरतलब है कि प्रेम कुमार परदेशी का शैक्षणिक सफर उपलब्धियों से भरा रहा है। इससे पूर्व उन्हें जिला स्तरीय टीएलएम प्रतियोगिता 2023-24 में गणित विषय और 2024-25 में अंग्रेजी विषय में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। वहीं, वर्ष 2025-26 की अंग्रेजी टीएलएम प्रतियोगिता में उन्होंने तृतीय स्थान हासिल किया। शिक्षा विभाग द्वारा उन्हें उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए टीचर ऑफ द मंथ (जनवरी 2025) के खिताब से भी नवाजा जा चुका है। उनकी इस नवीनतम राष्ट्रीय उपलब्धि पर विद्यालय परिवार सहित जिले के शिक्षा जगत में हर्ष का माहौल है।

# ट्रक ने बाइक सवार को मारी ठोकर दो की हालत नाजुक

प्रात : किरण संवाददाता



आजमनगर /कटिहार। थाना क्षेत्र के आजमनगर-कुशिदा मार्ग पर माराडांगी गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बंगाल की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित 18 चक्का ट्रक ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार दोनों युवक लहूलुहान होकर सड़क पर जा गिरे। घायलों की पहचान शीतलमनी पंचायत के कोढोबाड़ी गांव निवासी इरशाद और मसलेक के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की सक्रियता से दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आजमनगर पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर फैजुर रहमान ने बताया कि इरशाद के सिर में गंभीर चोट आई है और उसकी स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। वहीं, मसलेक का पैर बुरी तरह फ्रैक्चर हो गया है। दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार अपने घर कोढ़ाबाड़ी की ओर जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे हाईवा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। घटना को अंजाम देने के बाद चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है और फरार चालक की तलाश में जुटी है। इस हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों में गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बंगाल सीमा से सटे होने के कारण इस मार्ग पर भारी वाहनों का अवैध संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। लंबे समय से सड़क चौड़ीकरण की मांग के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिसके कारण यह मार्ग अब एक्सीडेंट जोन बनता जा रहा है।

# डीडीसी ने किया प्रखंड मुख्यालय का निरीक्षण

● योजनाओं की प्रगति पर की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

बरारी/कटिहार। शनिवार को डीडीसी अमित कुमार ने प्रखंड मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मनरेगा कार्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।बैठक में बीडीओ धीरेन्द्र कुमार धीरज, बीपीआरओ राज कुमार सिंह एवं पीओ श्यामदेव कुमार मौजूद रहे। डीडीसी ने बीडीओ से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा लक्ष्य के अनुरूप कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं बीपीआरओ से स्वच्छता अभियान की प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने साफ-सफाई एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने को कहा। मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी (पीओ) को लंबित ई-केवाईसी कार्यों को अविलंब पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया, ताकि लाभुकों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके।डीडीसी ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

कटिहार। बिहार में पूर्ण शराबबंदी को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए मद्य निषेध विभाग लगातार मुस्तैद है। इसी कड़ी में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कटिहार मद्य निषेध टीम ने नगर थाना क्षेत्र के संग्राम चौक (ड्राइवर टोला) में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। इस दौरान टीम ने मौके से दो शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान दीपक जायसवाल और विकास झा के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि विभाग को यह सूचना मिली थी कि संग्राम चौक इलाके में पश्चिम बंगाल निर्मित शराब की एक बड़ी खेप पहुंचाई गई है, जिसे खपाने की तैयारी चल रही थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उनके पास से कुल 49.650 लीटर शराब जब्त की गई। बरामद खेप में 24 लीटर देशी शराब और 25.650 लीटर विदेशी शराब शामिल है। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है

# अवैध कब्जे पर चला प्रशासन का डंडा 19 फरवरी तक घर खाली करने का आदेश



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा ।कुमारखंड प्रखंड क्षेत्र में अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। रामनगर महेश पंचायत के वार्ड संख्या-13 में जमीन विवाद मामले में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी कर दिया है और कब्जाधारियों को 19 फरवरी तक घर खाली करने की मोहलत दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनिल ततमा, सुनील कुमार एवं सुधीर कुमार (पिता–बिरन ततमा) की निजी जमीन पर गांव के ही धीरेन्द्र दास, गजेंद्र दास और सुरेन्द्र दास (पिता–रघुनि दास) द्वारा कथित रूप से अवैध कब्जा कर मकान बना लिया गया था। पीड़ित पक्ष द्वारा प्रशासन से शिकायत किए जाने के बाद मामले की सुनवाई हुई, जिसमें डीसीएलआर मधेपुरा ने अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया। प्रशासनिक टीम ने किया सीमांकन डीसीएलआर के निर्देश पर 13 फरवरी 2026 को कुमारखंड अंचलाधिकारी आकांक्षा कुमारी एवं श्रीनगर थाना प्रभारी राघवेंद्र नारायण भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन की मौजूदगी में सरकारी अमीन द्वारा जमीन की पैमाइश कराई गई तथा जमीन के चारों कोनों पर खंभा गाड़कर सीमांकन कर दिया गया, जिससे जमीन की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो गई। 19 फरवरी तक मिली मोहलत प्रशासन द्वारा अवैध निर्माण हटाने की प्रक्रिया शुरू किए जाने पर विपक्षी पक्ष ने समय की मांग की। मानवीय आधार पर प्रशासन ने 19 फरवरी 2026 तक स्वयं अतिक्रमण हटाने का अंतिम अवसर दिया है। 20 फरवरी को होगी सख्त कार्रवाई अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा तक अतिक्रमण नहीं हटाने पर 20 फरवरी को पुलिस बल के साथ पहुंचकर बलपूर्वक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी कब्जाधारियों की होगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध कब्जाधारियों के बीच हड़कंप मच गया है। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

# कन्याओं ने किया महाशिवरात्रि मेला का उद्घाटन, जनप्रतिनिधि रहे अनुपस्थित

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा ।बिहार के प्रसिद्ध सिंहेश्वर महाशिवरात्रि मेला का उद्घाटन इस वर्ष भी परंपरागत तरीके से 9 कुंवारी कन्याओं द्वारा किया गया। पूर्व निर्धारित उद्घाटनकर्ता कोशी प्रमंडल के आयुक्त के कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाने के कारण उद्घाटन की जिम्मेदारी कन्याओं को सौंपी गई। द्घाटन समारोह के अवसर पर डीआरडीए मंच से लोगों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक रंजन ने कहा कि महाशिवरात्रि मेले को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा की व्यापक एवं पुख्ता व्यवस्था की गई है। मेला परिसर में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक पदाधिकारी अपने दलबल के साथ लगातार निगरानी कर रहे हैं। पूरे मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं, ताकि असामाजिक तात्वों पर कड़ी नजर रखी जा सके। जलाधिकारी ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में मेला पहुंचने की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग शांतिपूर्वक बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर मेले का आनंद लें। संबोधन के बाद डीएम ने जनसंपर्क विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉलों का उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त मीना बाजार, बाल विकास परियोजना तथा कृषि विभाग द्वारा लगाए गए लगभग 30 कृषि सामग्री एवं कृषि यंत्रों के स्टॉल का भी उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम से दूर रहे जनप्रतिनिधि महाशिवरात्रि मेला उद्घाटन समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही। आरोप है कि जिला प्रशासन एवं न्यास समिति की ओर से जनप्रतिनिधियों को उद्घाटन कार्यक्रम का निमंत्रण नहीं दिया गया। इसी कारण प्रमुख इस्तियाक आलम, मुखिया संघ अध्यक्ष सह सुखासन पंचायत के मुखिया किशोर कुमार पप्पू, नगर पंचायत अध्यक्षा पुनम कुमारी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग नहीं लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतने बड़े धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता आवश्यक होती है, जिससे आयोजन की गरिमा और जनभागीदारी और अधिक मजबूत होती है।

# पुलवामा हमले के शहीदों की याद में कैंडल मार्च



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा ।पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 वीर जवानों की स्मृति में स्थानीय युवाओं द्वारा शनिवार देर शाम भव्य कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान युवाओं, सामाजिक कार्यकताओं एवं आम नागरिकों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कैंडल मार्च प्राथमिक विद्यालय गणेशपुर से प्रारंभ होकर समाज कल्याण चौक, बड़ी हाट, थाना चौक, शंकर गोशाला, अग्रसेन धर्मशाला, राय ब्रदर्स दुर्गा मंदिर एवं बाबा पुरान्धर नाथ मंदिर होते हुए पुनः अपने प्रारंभिक स्थल पर पहुंची। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने भारत माता की जय और शहीदों अमर रहो के नारों से वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। मार्च के समापन पर दो मिनट का मौन रखकर शहीद जवानों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने कहा कि आज का दिन देश के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज है। वर्ष 2019 में आतंकियों द्वारा सीआरपीएफ के काफिले पर किए गए कायराना हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। वक्ताओं ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका साहस, समर्पण और देशप्रेम आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बाना रहेगा। इस अवसर पर अमरेश कुमार गांधी, सूरज भगत, आलोक कुशवाहा, हरिओम झा, अरविंद कुमार, अमन कुमार, हिमांशु, दीपक, नीरज, बंटी सहित अन्य देशप्रेमी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय बजट 2026-27 को आत्मनिर्भर भारत का बजट बताया

● यह बजट 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने मे मील का पत्थर साबित होगा - केंदीय मंत्री सतीश चन्द्र दुबे

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर बगहा में भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सतीश चंद्र दुबे ने बजट को ह्यआत्मनिर्भर भारत का बजटह्ल और ह्यविकसित भारत का संकल्प पत्रह्ल करार दिया। उन्होंने कहा कि यह बजट देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ किसानों, युवाओं और मध्यम वर्ग के सपनों को साकार करने की दिशा में ठोस कदम है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि बजट में कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने, किसानों की आय बढ़ाने और आधुनिक तकनीक से खेती को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया है। सिंचाई, भंडारण और ग्रामीण अवसंरचना के विकास के लिए प्रावधान बढ़ाए गए हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।युवाओं के लिए कौशल विकास, स्टार्टअप और रोजगार सृजन से जुड़े प्रावधानों को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करना है। शिक्षा और डिजिटल इनोवेशन को बढ़ावा देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। सतीश चंद्र दुबे ने बताया कि बुनियादी ढांचे, सड़क, रेलवे और कनेक्टिविटी पर विशेष फोकस से क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि यह बजट 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मील का पत्थर साबित होगा।

## महाशिवरात्रि के मधेनजर जटाशंकर प्रवेश द्वार पर की गई वाहन जांच सख्त



बगहा। महाशिवरात्रि के मौके पर शिवालयों मे श्रधालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी। जिसे देखते ही वन विभाग ने वीटीआर के प्रवेश द्वार जटाशंकर चेकनाका पर वन विभाग द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। अग्नय समान के साथ साथ अग्नयास्त्र के वीटीआर जंगल मे किसी भी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। बतादें की वीटीआर जंगल के बिचो बीच जटाशंकर शिवालय स्थापित है जिसका जिक्र पुराणो मे उक्केरित है इसलिए श्रधालु दूर दूर से इस मंदीर मे श्रधालु पूजा अर्चना के लिए आते हैं। वहीं वन विभाग वन संपदा की सुरक्षा के मधेनजर वन प्रवेश द्वार जटाशंकर चेकनाका पर वाहन जांच अभियान तेज किया।

## बगहा एसडीएम और रामनगर एसडीपीओ ने पूजा स्थलों का निरीक्षण कर नीलकंठ महादेव का जलाभिषेक किया

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। बगहा के बाबा विश्वभर नाथ पक्की बवली समेत रामनगर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। इस दौरान बगहा एसडीएम चांदनी कुमारी और रामनगर एसडीपीओ रागिनी कुमारी ने भी नीलकंठ महादेव को जलाभिषेक किया और पूजा स्थल की व्यवस्था समेत मेला का निरीक्षण किया। रामनगर में करीब 2 किलोमीटर तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई थी जो भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे।बगहा एसडीएम और रामनगर एसडीपीओ ने मंदिर का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। चौक-चौराहों पर पुलिस की मुस्तैदी देखी गई और भारी वाहनों को रोकने के लिए बैरिकेडिंग की गई थी। महाशिवरात्रि पर लाखों श्रद्धालुओं ने बगहा और रामनगर समेत वाल्मीकिनगर में भगवान शिव को जलाभिषेक कर अपने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान पुलिस और प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। खुद दोनों वरिय महिला पुलिस प्रशासन की आलाधिकारी दर्शन करने शिव मंदिर पहुंचे हैं और जिलेवासियों को बधाई और शुभकामनायें दीं हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्सौल में आवश्यक रख रखाव हेतु विद्युत आपूर्ति 3 घंटे तक रहेगी बाधित

रक्सौल। रक्सौल में सोमवार को शीतलपुर और टाउन 3 फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 09 बजे से दिन के 12 बजे तक तथा आईसीपी, बियाडा, रेलवे, इंडस्ट्रीयल तथा कौड़ीहार फीडर की विद्युत आपूर्ति उपरोक्त अवधि के दौरान एक घंटे के लिए बाधित रहेगी। सहायक विद्युत अभियंता सुनील रंजन ने बताया कि विद्युत शक्ति उपकेंद्र में पावर ट्रांसफर्मर के अर्थिंग केबल के मरम्मत हेतु उपरोक्त फीडरो कि विद्युत आपूर्ति 3 घंटे तक बाधित रहेगी, जिसके कारण रक्सौल शहर, कौड़ीहार, आईसीपी, बियाडा, शीतलपुर, इंडस्ट्रील फीडरो के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों कि विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से इस अवधि के पहले अपने जरूरी कार्य निपटाने कि अपील करते हुए कहा है कि ट्रांसफर्मर के रख रखाव का काम निर्धारित समय में पूरा कर लिया जायेगा।

### नौजवान मजदूर की सड़क दुर्घटना में मौत

गरखा। प्रखंड के नाराव गाँव निवासी मजदूर की शनिवार देर रात सड़कभरण दुर्घटना में मौत हो गई मृतक अपने साला की शादी समारोह में सामिल होने मकेर थाना क्षेत्र के मसूरिया गाँव गया था ' समारोह में शामिल होने के बाद अपने गाँव लौट रहा था ' रास्ते में दरियापुर मनचितवा पुल के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से घटना स्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई ' मृतक हेम नारायण साह का 33 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार साह बटाया गया है ' घटना की सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु छपरा भेज दिया ' मृतक की दो साल पहले शादी हुई थी पिछले साल एक लड़का पैदा लिया ' सुनील चार भाई बहनों में सबसे बरा था ' माता पिता और पत्नी तथा बच्चे पर से साया उठने के बाद हर तरफ चर्चा है कि अब परिवार का भरण पोषण कौन करेगा ' माँ-बाप, भाई-बहन और पत्नी का रोते रोते दात लग जा रहा है।

### जय प्रकाश विश्वविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

छपरा सदर। रविवार को राज्यपाल सचिवालय के निदेर्शानुसार जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ एव राष्ट्रीय सेना योजना के संयुक्त तत्वाधान में रिस्टोरिंग चाइल्डहुड प्रीवेंटिंग ड्रग एब्यूज एंड रेटिंग्रेशन ऑफ चिल्ड्रेन इन वेड ऑफ केयर एंड प्रोटेक्शन विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु विभिन्न महाविद्यालयों से आए छात्र एवं छात्राओं में उत्साह देखा गया।

मुख्यरूप से हरिराम महाविद्यालय मैरवा, एच० आर० महाविद्यालय अमनौर, पी०एन० कॉलेज परसा, एम०एम० महाविद्यालय गोपालगंज, कमला राय महाविद्यालय गोपालगंज, बी० पी० एस० महाविधालय भोरे, राजेन्द्र महाविद्यालय छपरा, गोपेश्वर महाविद्यालय हथुआ, पी०जी० (जन्तु विज्ञान विभाग) जयप्रकार विश्वविद्यालय छपरा के छात्र व छात्राए इसमे सम्मिलित हुए। प्रोफेसर डॉ० हरिशचन्द्र कार्यक्रम समन्वयतु राष्ट्रीय सेवा योजना एवं प्रोफेसर डॉ. उदय शंकर ओझा सांस्कृतिक सचिव ने कुलपति परमेन्द्र कुमार वाजपेयी के प्रति अभार प्रकट करते हुए कहा कि कुलपति ने इस कार्यक्रम को इतने कम समय में करवाने हेतु आदेश देने की कृपा प्रदान किया। इसके लिए हम सभी अभारी है।

## कोर्ट के फैसले से पहले यूसीसी के विरोध में सर्वण समाज की चौथी बैठक



बगहा। बगहा में यूसीसी कानून के विरोध में सर्वण समाज के लोगों ने चौथी बार बैठक आयोजित की। यह कार्यक्रम बथवरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्रहर रुपौलिया गांव में आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।बैठक का नेतृत्व संगठन के अध्यक्ष तुषार सिंह ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए इस कानून को काला कानून बताते हुए इसका कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 19 मार्च को फैसला सुनाया जाना है। यदि फैसले में कोई संशोधन नहीं किया जाता है तो बड़े स्तर पर आंदोलन और विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।वक्ताओं ने समाज के लोगों से एकजुट रहने की अपील करते हुए गांव-गांव जाकर जनजागरण अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सर्वण समाज लगातार बैठकों और कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को संगठित कर अपनी आवाज बुलंद कर रहा है। बैठक में हृदय दुबे, आशीष मिश्रा, विशाल पांडेय, चंद्रशेखर राव, मंटू दुबे समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि पर दरौंदा में उमड़ी आस्था की लहर, उजाय के श्री गौरी शंकर बाबा मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

प्रात : किरण संवाददाता



दरौंदा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में श्रद्धालु शिवभक्ति में डूबे नजर आए। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लग गई और पूरा वातावरण ह्यहर-हर महादेवह्ल व ह्यबम-बम भोलेह्ल के जयघोष से गूंज उठा। उजाय स्थित ऐतिहासिक श्री गौरी शंकर बाबा मंदिर में तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। करीब 100 वर्ष पुराने इस प्राचीन मंदिर में हजारों भक्तों ने लंबी कतारों में लगकर शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखते ही बन रहा था। मंदिर परिसर में पंडित सचिन मिश्रा एवं ओम प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में विधि-विधान से रुद्राभिषेक कराया गया। पूरे दिन भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय बना रहा। उजाय का यह श्री गौरी शंकर बाबा मंदिर क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है, जहां हर वर्ष महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन समिति और स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। थाना अध्यक्ष विकास कुमार सिंह की देखरेख में पुलिस बल एवं चौकीदारों की तैनाती की गई थी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और कतारें व्यवस्थित बनी रहें। मंदिर कमेटी के अनुसार दिन में मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें सरपंच मिथलेश सिंह, पैक्स अध्यक्ष संजीव सिंह उर्फ छोटे सिंह, प्रहलाद सिंह, राजेश सिंह, रितेश सिंह उर्फ बजरंगी, प्रदीप सिंह, राहुल सिंह, बुलेट सिंह, अमित सिंह, ऋषभ सिंह, अंकित गुप्ता, शिवम बाबा, अनमोल कुमार, रवि कुमार एवं राजीव कुमार भारती सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा।

## महाशिवरात्रि के मौके पर श्रधालुओं ने त्रिवेणी धाम की परिक्रमा



प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रधालुओ ने त्रिवेणी धाम स्थित दर्जनों शिवालयों की परिक्रमा के दौरान जत्था वाल्मीकिनगर पहुंचा। महंत केशवदास महाराज ने बताया की हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी नेपाल के त्रिवेणी स्थित नागाकुट्टी से परिक्रमा शुरू हुई, जो विभिन्न शिवालयों की परिक्रमा करते हुए वाल्मीकिनगर स्थित शिवालयों की परिक्रमा कर पूजा अर्चना की। इसी क्रम मे परिक्रमा के दौरान अल्पकाल के लिए परिक्रमा तीन आरडी स्थित राइश मिल मे विश्राम कर अल्पाहार कर वापस नेपाल के नागाकुट्टी लौट गई। इस परिक्रमा मे सैकड़ो की संख्या मे श्रधालु शामिल हुए।

## कृषि कनेक्शन के लिए 16 से 27 फरवरी तक विभिन्न पंचायतों में लगेंगे विशेष शिविर

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, रक्सौल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न सेक्शनों के किसानों के लिए अच्छी खबर है। रक्सौल कार्यपालक अभियंता अजय कुमार ने बताया कि कृषि कार्य हेतु नए बिजली कनेक्शन देने और संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए 16 फरवरी से 27 फरवरी तक विभिन्न पंचायतों में विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कार्यपालक अभियंता के अनुसार, विभाग ने किसानों की सुविधा के लिए विस्तृत शेड्यूल जारी किया है ताकि उन्हें कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। आदापुर सेक्शन में 16 से 18 फरवरी तक। इसमें 16 को मझरिया, आंध्रा, औरैया, बरवा, मूर्तियां, लक्ष्मीपुर पोखरिया व पुरैनिया पंचायतों में शिविर आयोजित की जाएगी। जबकि 17 फरवरी को भवानीपुर, सिरिसिया कला, श्यामपुर, भेड़िहारी, नरकटिया, बेलवा, गम्हारिया कला तथा 18 फरवरी को हरपुर, डुबहा, नकरदेई, भटनहिया, बखरी, रामपुर, कोरिया पंचायतों में शिविर लगेगी। विभिन्न पंचायतों में शिविर लगेंगे। बनकटवा सेक्शन में 19 और 20 फरवरी को जिसमें 19 को बनकटवा के हीरमणि, बिजबनी नॉर्थ, जीतपुर, नीमोइया वेस्ट, इनरवा फुलवार और 20 फरवरी को बरवा कला, कुदरकट, भिजवानी ईस्ट, बगही बेलवा, भेलवा व झंझरा सहित अन्य क्षेत्रों में कैंप का आयोजन होगा। छौड़ादानो सेक्शन में 21 फरवरी को महुआवा, दरपा, तिनकोनी और खैरवा पंचायतों में किसान इसका लाभ उठा सकेंगे। वहीं घोड़ासहन सेक्शन में 23 फरवरी को कदमावा, गुरमिया, विजय और श्रीपुर सहित विभिन्न पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। इधर रामगढ़वा सेक्शन में 24 फरवरी को पखनहिया, सिंगासनी, अमौदेई, शिवनगर और बेला सहित कई पंचायतों में कैंप आयोजित होंगे। रक्सौल (ग्रामीण) सेक्शन में 25 फरवरी को परसौना तपसी, जोकियारी, हरनाही और भेलाही जैसी पंचायतों में शिविर लगेंगे। सुगौली सेक्शन में 26 और 27 फरवरी को सुगांव, फुलवारिया, बगही और पचरुखा ईस्ट सहित अन्य पंचायतों में कैंप के साथ इस अभियान का समापन होगा। कार्यपालक अभियंता अजय कुमार ने अपील की है कि किसान भाई अपनी नजदीकी पंचायत में निर्धारित तिथि पर पहुंचकर कृषि कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। हमारा लक्ष्य है कि खेती के सीजन से पहले अधिक से अधिक किसानों को बिजली का लाभ मिले।

## निमार्णाधीन मकान की छत पर पानी टंकी चढ़ाने के क्रम में दीवार गिरा, एक मजदूर की मौत

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। बगहा के मस्तान टोला में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में 20 वर्षीय मजदूर मो. कैश की मौत हो गई। वह एक निमार्णाधीन मकान की छत पर पानी की टंकी चढ़ाने का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक मकान की दीवार भरभराकर गिर गई और वह मलबे में दब गया।मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने उसे गंभीर अवस्था में मलबे से बाहर निकाला और तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया। अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सक डॉ. विजय कुमार ने बताया कि युवक के सिर में गंभीर चोट आई थी और अधिक रक्तस्राव हो रहा था, इसलिए उसे तत्काल उच्च चिकित्सा केंद्र भेजा गया।परिजनों के अनुसार, बेतिया ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जीएमसीएच पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई मो. इब्राहिम ने बताया कि कैश अविवाहित था और मेहनत-मजदूरी कर परिवार का सहारा बना हुआ था।

## हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा छपरा, शिव विवाह शोभा यात्रा बनी आस्था और परंपरा का संगम

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर में शिव विवाह शोभा यात्रा का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन किया गया। हाथी-घोड़ा, गाजे -बाजे , आकर्षक झांकियों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ निकली शिव बारात ने पूरे शहर को शिवमय कर दिया। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभा यात्रा को देखने और उसमें शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा, जिससे शहर के प्रमुख मार्गों पर आवागमन प्रभावित रहा। बता दें कि महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह का प्रतीक पर्व है। इसी धार्मिक मान्यता के तहत निकाली गई शिव विवाह शोभा यात्रा का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार करना, धार्मिक परंपराओं को जीवंत रखना और सामाजिक समरसता को मजबूत करना रहा। शिव बारात में शामिल श्रद्धालु बाराती के रूप में ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते हुए नजर आए ।बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग- सभी वर्गों की सहभागिता ने इस आयोजन को और भी भव्य बना दिया। शोभा यात्रा के दौरान भगवान शिव के विभिन्न पारंपरिक और लोक स्वरूपों की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। कहीं कैलाशपति भोलेनाथ तपस्वी रूप में तो कहीं दूल्हा बने शिव, बारातियों के साथ सजे-धजे रथ पर विराजमान दिखे । माता पार्वती, गणेश, नंदी और भूत-प्रेतों के रूप में सजी झांकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा, रंग-बिरंगी रोशनी और सुसज्जित रथों ने शोभा यात्रा की भव्यता को और बढ़ा दिया। शिव विवाह शोभा यात्रा के स्वागत में शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और मार्गों पर भंडारों का आयोजन किया गया। स्थानीय व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, रोटरी इंटरनेशनल क्लब, इनर व्हील क्लब सहित कई संस्थाओं ने श्रद्धालुओं के लिए जलपान और प्रसाद की व्यवस्था की। बारात में शामिल भक्तों और दर्शकों ने उत्साहपूर्वक भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सेवा और समर्पण की यह भावना महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक संदेश को साकार करती नजर आई। महाशिवरात्रि को लेकर शहर के प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। धर्मनाथ मंदिर, कटहरी बाग मंदिर सहित अन्य शिवालयों में जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे दिन मंदिर परिसरों में भजन-कीर्तन और जयकारों से वातावरण भक्तिरस में डूबा रहा। शोभा यात्रा के मार्ग में सदर अस्पताल, डाकबंगला रोड, थाना चौक, साहिबगंज सरकारी बाजार और कटहरी बाग तक सबसे अधिक जाम की स्थिति बनी रही। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और आम लोगों की संख्या अधिक होने के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। हालांकि, लोगों ने इसे आस्था का उत्सव मानते हुए धैर्य और सहयोग का परिचय दिया। इस बड़े धार्मिक आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में दिखाई दिया। शोभा यात्रा मार्गों पर हर चौक-चौराहे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। ट्रैफिक नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे। प्रशासन की चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था के कारण कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिव विवाह शोभा यात्रा को देखने के लिए शहर ही नहीं, आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। खासकर युवाओं और छात्रों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।

## 26 फरवरी को राजेन्द्र कॉलेज में आयोजित होंगे पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन सह सम्मान समारोह

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। लंबे अर्शे बाद आगामी 26 फरवरी को जेपीविवि के प्रीमियर कॉलेज राजेन्द्र महाविद्यालय में पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो(डॉ) उदय शंकर पांडेय द्वारा इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु 12 सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया है। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार को संयोजक एवं भौतिकी के प्राध्यापक डॉ सुनील प्रसाद को सह संयोजक बनाया गया है। इस कमिटी में शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ प्रशांत कुमार, दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ देवेश रंजन , वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ अर्चना उपाध्यक्ष, हिंदी विभाग के डॉ ऋचा मिश्रा, डॉ बेठियार सिंह साहु, अर्थशास्त्र विभाग के डॉ इकबाल जफर अंसारी, डॉ इश्तेयाक अहमद, डॉ गौरव शर्मा , शिक्षकेत्तर प्रतिनिधि हरिहर मोहन एवं आयूब खान का नाम शामिल है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में प्राचार्य डॉ यूएस पांडेय के प्रयास से राजेन्द्र कॉलेज एलुमिनाई एसोसिएशन का पंजीयन कराया जा चुका है। जो संस्था के विकास एवं उन्नयन हेतु आवश्यक सुझाव एवं पहल करेगा। ज्ञात है कि एल्यूमिनी मीट किसी स्कूल, कॉलेज या यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्रों का एक मिलन समारोह है, जो पुरानी यादों को ताजा करने, नेटवर्क बढ़ाने और संस्थान से संबंध मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। यह कार्यक्रम पेशेवर सलाह, करियर विकास, मेंटरशिप और पुरानी दोस्ती को फिर से जीवंत करने का एक शानदार मंच प्रदान करता है। राजेन्द्र कॉलेज का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। यहाँ से शिक्षा ग्रहण कर कई लोग देश-विदेश के कई महत्वपूर्ण पदों पर आसीन होकर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं।

## धनी धर्मनाथ मंदिर में स्काउट-गाइड ने संभाली कमान श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे रहे 50 स्वयंसेवक

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के सुप्रसिद्ध धनी धर्मनाथ मंदिर में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को सुगम दर्शन कराने और उनकी सहायता के लिए भारत स्काउट और गाइड, सारण के स्वयंसेवकों ने मुस्तैदी से मोर्चा संभाला। मंदिर प्रशासन द्वारा भेजे गए आग्रह पत्र के आलोक में जिला मुख्य आयुक्त के निर्देशानुसार कुल 50 स्काउट और गाइड की प्रतिनियुक्ति की गई थी। यह पूरा सेवा कार्य जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज के कुशल दिशानिर्देश और जिला प्रशिक्षक प्रणव सिंह के सफल नेतृत्व में संपन्न हुआ। मंदिर परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर गर्भगृह तक स्वयंसेवकों ने कतारबद्ध तरीके से श्रद्धालुओं को दर्शन कराने में सहयोग किया। विशेष रूप से बुजुर्गों, दिव्यांगों और बच्चों की सहायता के लिए स्काउट्स और गाइड्स हर मोड़ पर तैनात दिखे। इन स्वयंसेवकों ने निभाई मुख्य भूमिकाः सेवा कार्य में सीनियर स्काउट आशुतोष कुमार, सोनू गुप्ता, हार्दिक और मोहित ने अपनी सक्रियता दिखाई, वहीं गाइड विभाग से खुशी ठाकुर, राधा रानी, नंदनी और दृष्टि समेत अन्य स्वयंसेवकों ने अनुशासन के साथ अपनी ड्यूटी निभाई। मंदिर प्रशासन ने भारत स्काउट और गाइड के इस निस्वार्थ सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि स्वयंसेवकों के सहयोग से भीड़ नियंत्रण में काफी मदद मिली और श्रद्धालुओं को सुरक्षित दर्शन प्राप्त हुए। जिला संगठन आयुक्त अमन राज ने बताया कि स्काउटिंग का मूल मंत्र ही ह्यसेवाह्ल है और ऐसे आयोजनों में युवा स्वयंसेवक समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा से करते हैं।

## महाशिवरात्रि पर सरयू गंगा के संगम पर भगवान शिव का पार्थिव शिवलिंग बनाकर किया पूजा अर्चना

प्रात : किरण संवाददाता

रिविलगंज। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सरयू और गंगा के संगम के तट पर संगम स्नान कर भगवान शिव का पार्थिव शिवलिंग बनाकर जलाभिषेक एवं श्रृंगार कर रिविलगंज के नागरिकों ने पूजा अर्चना किया । संगम स्नान कर पूजा करने के दौरान विजय अवस्थी गुड्डू, मनोज साह, अभिषेक शर्मा, गुंजन अवस्थी, पप्पू प्रसाद ने सामूहिक रूप से कहा कि यदि बिहार सरकार की अनुशंसा हो तो पूरे सारण वासियों को संगम स्नान की लिए प्रयागराज जाने की आवश्यकता नहीं होगी रिविलगंज में ही सरयू और गंगा के संगम स्नान कर सकते है । आगे उन्होंने बताया कि अगर किसी भी नागरिकों को संगम स्नान करना है तो रिविलगंज से नौका की व्यवस्था है न्यूनतम शुल्क पर संगम स्नान करवाया जाता है । आज महाशिवरात्रि पर जहां प्रयागराज में लाखों लोग जुटे है संगम स्नान के लिए परंतु हनुमान जी के ननिहाल में अधिकांश लोगों को मालूम भी नहीं है कि रिविलगंज में भी सरयू और गंगा का संगम है यदि सारण जिले के लोगों को बताया जाए कि रिविलगंज में भी संगम है तो लोगों को संगम स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हो जाएगा और उनके पैकेट पर ज्यादा बोझ नहीं आएगा । संगम स्नान के बाद भगवान भोले का पूजा पाठ पूरे विधि से किया गया जिसमें मौके पर विजय अवस्थी गुड्डू, मनोज साह, अभिषेक शर्मा, पप्पू प्रसाद, शैलेन्द्र चौहान, प्रदीप प्रसाद, धर्मवीर चौधरी, बिट्टू प्रसाद, धर्मेंद्र राय, जितेंद्र राय, अंकित मिश्रा राहुल मिश्रा, राम बाबू बिंद, अंकित कुमार इत्यादि उपस्थित थे

## क्लब के सदस्यों ने किया श्रद्धालुओं के बीच ठंडई का वितरण

छपरा कार्यालय। लायंस क्लब ऑफ छपरा सारण का परमानेंट प्रोजेक्ट लायंस अन्नपूर्णा भोजन सेवा के चेयर पर्सन लायन अमर कुमार एवं उनकी टीम के लायन वासुदेव गुप्ता, मनोज वर्णवाल, बृजेंद्र किशोर, रणधीर जायसवाल आदि सदस्यों द्वारा साहेबगंज में स्टाल लगाकर श्रद्धालुओं को दो ड्राम ठंडई (जिसमें प्रचुर मात्रा में ड्राई फ्रूट्स, केसर आदि डाला गया था ), 30 किलो काजू कतली, कई कार्टून बिस्किट्स तथा मिनरल वाटर की सेवा प्रदान किया गया। ये सामान पाकर श्रद्धालु लोग काफी आनंदित एवं प्रसन्न महसूस कर रहे थे और लायंस क्लब और अन्नपूर्णा भोजन सेवा के सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद दे रहे थे। सभी श्रद्धालुओं को लायन नवीन कुमार, बासुदेव गुप्ता एवं मोनू कुमार द्वारा चंदन टीका लगाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पी डी जी लायन डॉ एस के पाण्डेय, अध्यक्ष लायन संजय कुमार आर्या, डॉ ओम प्रकाश गुप्ता, डॉ नागेंद्र कुमार, मुकेश कुमार ,डॉ मनोज संकल्प, डॉ विक्की आनंद, आनंद अग्रहरि पत्नी सहित, आशुतोष शर्मा, भी एन गुप्ता, रजनीश कुमार, संदीप कुमार, प्रमोद जी सहित लियो अध्यक्ष विशाल भास्कर, विकाश पटेल, लियो परवीन, सुप्रीम कुमार, मोनू कुमार सचिव, पी आर ओ सूर्य प्रकाश सहित सभी अधिकारी सहित सभी सदस्य उपस्थित थे। जानकारी जनसंपर्क पदाधिकारी लायन गणेश पाठक ने दी

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### महाशिवरात्रि पर उमड़ा जनसैलाब भक्तों की उमड़ी भीड़

पीरो। महाशिवरात्रि पर बैरिया मेला के नाम से प्रसिद्ध खपड़िया बाबा की तपोस्थली बहरी महादेव धाम, पीरो में आस्था का ऐसा ज्वार उमड़ा कि पूरा इलाका घंटों तक हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा। तड़के तीन बजे से ही श्रद्धालुओं की अंतहीन कतारें लग गईं और लाखों महिला-पुरुष भक्तों ने जलाभिषेक कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि की कामना की। बहरी महादेव पूजा समिति के अध्यक्ष अमरजीत कुमार सिंह ने दावा किया कि इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या ने नया इतिहास रच दिया। पीरो अनुमंडल के साथ तरारी, चरपोखरी, अगिआंव और जगदीशपुर प्रखंड से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भीड़ इतनी विकराल रही कि व्यवस्था संभालना पूजा समिति के सैकड़ों स्वयंसेवकों और पुलिस बल के लिए बड़ी चुनौती बन गया। स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, थानाध्यक्ष दीपक कुमार साह और एसआई सोमर बिद समेत कई अधिकारी खुद मैदान में डटे रहे। मेले में बच्चों का उत्साह भी चरम पर रहा। झूले, खिलौने और मेले की रौनक ने माहौल को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया। शाम छह बजे बनारस से आए पुजारियों द्वारा भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। भीड़ प्रबंधन में जुटे कार्यकताओं की उपसभापति प्रत्याशी मनीष यादव ने खुलकर सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। महाशिवरात्रि को लेकर पूरे अनुमंडल के मंदिरों में देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही।

### गांव के छोटे दुकानदार का बेटा बना सीआईएसएफ जवान

चरपोखरी। कहते हैं कि अगर घर में ही सही उस्ताद मिल जाए तो मैदान जीतना आसान हो जाता है।सियाडीह गाँव के शिवशंकर प्रसाद के पुत्र उत्तम कुमार ने इसे साबित कर दिखाया है।जिन्हें हाल ही में केंद्र स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के तहत सीआईएसएफ का नियुक्ति पत्र सौंपा गया।इस कामयाबी के पीछे की असली कहानी उनके बड़े भाई गौतम कुमार की है जिन्होंने बिना किसी महँगी कोचिंग या एकेडमी के खुद कोच बनकर छोटे भाई को दिन-रात पसीना बहाना सिखाया।उनकी इसी कड़ी ट्रेनिंग का नतीजा है कि आज छोटा भाई देश की सेवा के लिए तैयार है।इसको लेकर घर मे खुशी का माहौल है।

### मैट्रिक की कदाचार मुक्त परीक्षा की योजना तैयार

आरा। भोजपुर जिले में 17 फरवरी 2026 से शुरू होने वाली बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा के लिए 36 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जो दो पालियों में आयोजित की जाएगी। इन केंद्रों में 41,410 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनके लिए 100 मजिस्ट्रेट और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।आरा अनुमंडल में 26, जगदीशपुर में 6 और पीरो अनुमंडल में 4 केंद्र हैं, जिनमें 19 महिला और 17 पुरुष केंद्र शामिल हैं।समय पहली पाली सुबह 9:30 से 12:45 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:00 से 5:15 बजे तक होगी।परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले केंद्र पर पहुंचना होगा और चप्पल पहनकर जाना अनिवार्य है।कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए 100 मजिस्ट्रेट तैनात, जिसमें 70 स्टैटिक और 16 गश्ती मजिस्ट्रेट हैं। परीक्षा 17 से 25 फरवरी 2026 तक संचालित की जाएगी।

### सहार में महाशिवरात्रि को धूमधाम से पूजा किया गया

आरा। सहार में महाशिवरात्रि को धूमधाम से पूजा किया गया और कहा जाता हैं की महाशिवरात्रि को शिव जी और उनकी पत्नी पार्वती जी के मिलन का भी उत्सव है। महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का एक पवित्र त्योहार है, जो भगवान शिव को समर्पित है। उत्तर भारत में महाशिवरात्रि हिंदू पंचांग के अंतिम महीने (फाल्गुन) में मनाई जाती है, और महाशिवरात्रि का भगवान शिव से जुड़ा है, जिसमें मुख्य रूप से समुद्र मंथन के दौरान विष पीने और दुनिया को बचाने की कथा, भगवान शिव और पार्वती के विवाह की कथा, और शिव के लिंग स्वरूप में प्रकट होने की घटना शामिल है, और सहार में महाशिवरात्रि का पूजा धूम धाम से श्रद्धालु द्वार किया गया।

### पेरहाप में सात बीघा पुआल में लगी आग, भारी नुकसान

आरा । सहार (भोजपुर)। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के पेरहाप गांव में रविवार की दोपहर अचानक आग लगने से लगभग सात बीघा रखे पुआल जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार यह पुआल देवकुमार साह, पिता स्वर्गीय करीमन साह का बताया जा रहा है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक धुआं उठता देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते पूरा पुआल जल गया। ग्रामीणों ने बाल्टी और पानी के सहारे आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, परंतु आग पर काबू नहीं पाया जा सका।घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन एवं अग्निशमन विभाग को दी गई।

## 15 फरवरी 1932 तारापुर गोलीकांड में शहादत हासिल करने वालों के सम्मान में उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री ने शहीद स्मारक पर किया झंडोत्तोलन

● पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह 8 :40 बजे समारोह पूर्वक किया गया झंडोत्तोलन



प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर) । 15 फरवरी 1932 को तारापुर थाना भवन पर तिरंगा झंडा फहराने के क्रम में अंग्रेजों द्वारा चलाई गई गोलीकांड में शहादत हासिल करने वाले वीरों के सम्मान में रविवार की सुबह 8:40 पर उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री मंत्री सम्राट चौधरी ने समारोह पूर्वक झंडोत्तोलन के बाद राष्ट्रीय गान किया। समारोह के मौके पर उपमुख्यमंत्री सहित पूर्व विधायक राजीव कुमार सिंह लोजपा के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार डीआईजी राकेश कुमार जिला पदाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर एसपी सैयद इमरान मसूद ने समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम मौके पर आईपीएस सह डीएसपी संकेत कुमार एसडीएम राकेश रंजन कुमार अधिवक्ता हरे कृष्ण वर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। गौरतलब है कि शहीद हुए वीरों की याद में लगाए गए मूर्ति एवं खूबसूरत पार्क का उपमुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया । सुबह से ही समारोह स्थल के आसपास बज रहे गीत जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुर्बानी के बीच समारोह में आए लोगों की यादें ताजा हो जा रहे थे। बता दें कि 15 फरवरी 1932 को अंग्रेज सरकार की क्रूरता एवं गोलीकांड में कुल 34 वीरों ने अपनी शहादत दिया । जिसमें 13 वीरों की पहचान की गई ।वहीं 21 अमर शहीदों जिनके नामों की जानकारी नहीं हो पाई । झंडोत्तोलन के बाद उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि शहीद स्मारक जीर्णोद्धार के कामों को लेकर क्षेत्र के नौजवानों समाजसेवियों ने लगभग 70 से 75 वर्षों से आवाज उठाते आ रहे थे । जिसे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कॉल टेंशन किया था ।जिसे आज राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी वीर शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं । इसके पूर्व उपमुख्यमंत्री ने पुराने थाना भवन जीर्णोद्धार कार्य को लेकर इसका विधिवत शिलान्यास भी किया । इस मौके पर जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र सिंह कल्लू मुखिया वीर कुंवर सिंह प्रमुख अश्वनी राज राजद नेता जितेंद्र कुशवाहा पूर्व मुखिया जितेंद्र शर्मा डॉक्टर पप्पू एजाज मोहम्मद भोलू मोहम्मद मुजाहिद मंगल सिंह सहित सैकड़ों से अधिक की संख्या में क्षेत्र के शिक्षाविद समाजसेवी युवा मौजूद थे ।

## महाशिवरात्रि पर नि :शुल्क सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर(मुंगेर)। सोमवार को नगर के मारवाड़ी टोला स्थित होटल प्रज्ञा में महाशिवरात्रि के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार की हवेली खड़गपुर शाखा की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एसडीम राजीव रोशन , प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी एवं थानाध्यक्ष राजेश कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मुख्य पार्षद दीपा केशरी और पूर्व उपमुख्य पार्षद शंभू केशरी विशेष रूप से मौजूद थे। वैदिक मंत्रोच्चार और संगीतमय भाव के साथ सूरमा कुमारी के साथ प्रकाश मुर्मू एवं पार्वती कुमारी संग रवि कुमार का निःशुल्क विवाह सम्पन्न कराया गया। भागवताचार्य गायत्री विकास भारती और उनकी संगीत टोली ने विवाह गीत और विवाह से जुड़े तमाम तथ्यात्मक प्रसंग से लोगों को अवगत कराया। युग गायिका शालिनी तिवारी, उदगाता नंदन निराला के साथ नाल पर बसंत बिहार और पैड पर कुदेश कुमार ने संगत किया। भागवताचार्य विकास भारती ने विवाह परंपरा को लेकर विवाह के सभी रस्मो रिवाज का व्यवहारिक व वैज्ञानिक आधार समझाते हुए विवाह सम्पन्न कराया। उन्होंने कहा कि शंख लक्ष्मी का भाई है। समुद्र के गर्भ से शंख और लक्ष्मी निकली।समुद्र के गर्भ से चंद्रमा निकला। इसलिए शंख पानी विवाह में काफी अहम माना जाता है। विवाह में वर-वधू के लिए आवश्यक वैवाहिक सामग्री, कन्यादान सामग्री तथा सामूहिक भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई। मुख्य अतिथि प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी ने कहा कि सादगी, समानता और संस्कार आधारित वैवाहिक परंपरा को बढ़ावा दिया देने के उद्देश्य से गायत्री परिवार की ओर से यह नेक कार्य काफी सराहनीय है।इसके पूर्व समाज में समरसता और जरूरतमंद परिवारों की सहायता के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में दो योग्य वर-वधू का पंजीकरण किया गया। वहीं अतिथि और मौजूद नागरिकों ने दोनों जोड़े को उपहार, नकद आदि देकर उनके मंगल जीवन की कामना की। इस मौके पर सुरेश बाजोरिया, मीना केशरी, आशुतोष शर्मा, सुधीर चंद्र साहा, सुनील कुमार साहा, कुमार अनुपम, वार्ड पार्षद सरिता केशरी, शुभम केशरी, सत्यम निराला, आर्यन राज, नीतेश मिश्रा, शैलब झा, स्मिता देवी, शैलबाला अग्रवाल, प्रतिमा भारती, शांति देवी, राधा देवी, बिपिन साह, विदेशी सिंह, परमेश्वर प्रसाद केशरी, हरेंद्र गुप्ता ।

## शिवरात्रि पर दिनेश्वरनाथ धाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, हजारों भक्तों ने किया जलाभिषेक



प्रात : किरण संवाददाता

आरा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जिले के कोइलवर स्थित प्रसिद्ध बाबा दिनेश्वरनाथ धाम मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के भोर से ही श्रद्धालु भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए मंदिर प्रांगण में पहुंचने लगे और देर शाम भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। सोन नदी के तट पर स्थित इस प्राचीन मंदिर में पूरा दिन भक्तिमय माहौल बना रहा। शिव भक्तों ने बेलपत्र, दूध, दही, गंगाजल और पुष्प से महादेव का अभिषेक किया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के नारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना दिनेश्वरनाथ धाम बाबा दिनेश्वरनाथ धाम मंदिर के मुख्य पुजारी बुधन बाबा ने बताया कि शिवरात्रि का विशेष महत्व है। यह दिन अत्यंत पवित्र माना जाता है। उन्होंने कहा, भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए किसी बड़े आयोजन की जरूरत नहीं होती। वे केवल एक लोटा जल से ही खुश हो जाते हैं। जो भी श्रद्धा और भक्ति से उन्हें जल अर्पित करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने आगे बताया कि विवाह में बाधा, संतान सुख की इच्छा और जीवन की अन्य समस्याओं से ग्रसित लोग यदि महाशिवरात्रि के दिन सच्चे मन से शिव का जलाभिषेक करें, तो उनकी सारी बाधाएं दूर होती हैं।

## एसबी कॉलेज में स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। शहर के एसबी कॉलेज में महाशिवरात्रि के अवसर पर स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई। मौके पर कॉलेज परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि भोजपुर जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष सह सीनेटर प्रो बलिराज ठाकुर और मुख्य वक्ता भोजपुरी विभागाध्यक्ष प्रो दिवाकरपाण्डेय थे। इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ।अध्यक्षता डॉ राधिका रमण सिंह, संचालन डॉ पंकज कुमार और धन्यवाद ज्ञापन डॉ धनंजय प्रसाद राय ने किया।मुख्य अतिथि प्रो.बलिराज ठाकुर ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती महान स्वतंत्रता सेनानी और भारत में किसान आंदोलन जनक थे।देश सेवा में अपने को लगाकर स्वामी जी ने संन्यास जीवन को सार्थक किया। प्रो.ठाकुर ने स्वामी जी को किसान-मजदूर व दलितों के मसीहा बताते हुए कहा कि स्वामी जी के भाषणों में क्रांति की चिंगारी और क्रियात्मक व्यवहार में विद्रोह छिपा था।नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने स्वामी जी के साहस और दृढ़ विश्वास की खुलकर प्रशंसा की थी।नेताजी सुभाष चंद्र बोस और सरदार पटेल ने स्वामी जी की नीतियों और कार्यक्रम के समर्थक थे।मुख्य वक्ता प्रो दिवाकर पाण्डेय ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती एक सर्वमान्य संत थे। स्वामी सहजानंद सरस्वती एक महान क्रांतिकारी औरकिसानआंदोलन के प्रखर नेता थे। उन्होंने एक सशक्त राष्ट्र की कल्पना की थी। उन्होंने समाज में किसानों की दशा कोसुधारने पर कार्य किया।उन्होंने अपने नेतृत्व क्षमता से किसानो को जागृत किया और देश में सबसे बड़ेकिसानआंदोलन के नेता बने।प्रो पांडेय ने स्वामी जी के जीवनकाल में विभिन्न आयामों में हुए क्रांतिकारी परिवर्तन की चर्चा की। डॉ आदित्य कुमार आनन्द ने कहा कि राष्ट्रसेवा और किसानो के हित में ही वह अपने जीवन को समर्पित किया है ।कार्यक्रम में उपस्थित थे डॉ राकेश कुमार,डॉ मुन्ना कुमार ज्योति, रमेश राय,विकास कुमार, अनिल कुमार,कृष्णा यादव, विमल कुमार,राजीव कुमार,सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## 24 घंटे का अखंड रामधुन शुरू, 121 कन्याओं ने निकाली कलश यात्रा



प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर(मुंगेर)। प्रखंड के मुरादे पंचायत अंतर्गत चुनाकोठी गांव में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री श्री 108 अखंड रामधुन कमेटी के तत्वावधान में 24 घंटे का अखंड रामधुन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। आयोजन से पूर्व रविवार को 121 कन्याओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा चुनाकोठी -कठौतिया स्थित शिव मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई। सिर पर कलश धारण किए 121 कन्याएं खड़गपुर झील पहुंचीं, जहां पंडित मृत्युंजय मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरवाया। इसके पश्चात कन्याएं जल से भरे कलश लेकर गांव लौटीं। कलश यात्रा खड़गपुर झील, गोड़धोवा, रारोडीह और हथिया समदा होते हुए रामधुन स्थल पहुंची। पूरे मार्ग में ह्यजय श्रीरामह्न और ह्यहर-हर महादेवह्न के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर नींबू शर्बत एवं पेयजल की व्यवस्था की गई थी। रामधुन कार्यक्रम का उद्घाटन रविवार शाम चार बजे पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नरेश बिन्द ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पंचानंद ओम प्रकाश, शिवनाथ सुमन सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्सव का माहौल बना हुआ है।

## राष्ट्रीय एकीकरण शिविर का उद्घाटन आज,तैयारी पूरी रविवार की देर रात तक तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की मेजबानी में रोहतास के एसपी जैन कॉलेज सासाराम में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकीकरण शिविर की सफलता को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। शनिवार से ही विभिन्न राज्यों की टीमों का आना शुरू हो गया। रविवार की देर रात और सोमवार की सुबह तक राज्यों की टीम पहुंची। इधर क्षेत्रीय पदाधिकारी विनय कुमार प्राचार्य प्रो नवीन कुमार और एनएसएस समन्वयक डॉ साधना रावत ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया।इस दौरान स्वयंसेवकों के रहने के स्थल मंच मैदान आदि जगहों का निरीक्षण कर आवश्यक गाइड लाइन जारी किया गया। डॉ साधना रावत ने कहा कि इस शिविर में बिहार समेत 16 राज्यों के 180 से अधिक युवा जुट रहे है। उद्घाटन कार्यक्रम में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा शामिल होंगे।राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में गुजरात ओडिशा छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश हिमाचलप्रदेश असम,हरियाणा,तेलंगाना,राजस्थान, पश्चिम बंगाल उत्तराखंड,उत्तरप्रदेश महाराष्ट्र,केरल,बिहार,झारखंड केविश्वविद्यालयों के एनएसएस के स्वयंसेवक और कार्यक्रम पदाधिकारी भाग लेंगे।आगामी 22 फरवरी तक आयोजित है। एनएसएस सलाहकार समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के बाद युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय के निदेशक विनय कुमार द्वारा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय को यह मेजबानी सौंपी गई है। एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम पर हो रहा शिविर मालूम हो कि विश्वविद्यालयों की मेजबानी में राष्ट्रीय एकीकरण शिविर अक्सर आयोजित किए जाते हैं। इस बार वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय को मेजबानी मिली है।वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने आयोजन स्थल एसपी जैन कॉलेज सासाराम चयनित किया है। इसमें ढाई सौ से अधिक प्रतिभागी शिरकत करेंगे। शिविर का विषय एक भारत श्रेष्ठ भारत है। शिविर में 16 राज्यों के एनएसएस स्वयंसेवक सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देंगे। शिविर का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीयता, सांस्कृतिक समझ और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना, सांस्कृतिक आदान-प्रदान करना है।सात दिनों तक चलने वाले शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम (नृत्य, गायन, पेंटिंग), वाद-विवाद, व्याख्यान, सामुदायिक सेवा और प्रशिक्षण सत्र सहित कई गतिविधियां होगी।वहीं शिविर के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम (शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय वादन, लोकनृत्य एवं लोकगीत आदि) शैक्षणिक कार्यक्रम, भाषण एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन होना है।राष्ट्रीय एकता शिविर का मुख्य उद्देश्य एक-दूसरे राज्यों की संस्कृति का आदान प्रदान करना है। सभी राज्य के युवा शिविर में अपने राज्यों की संस्कृति की झलक पेश करेंगे और एक-दूसरे राज्यों की सांस्कृतिक परंपराओं को जानेंगे।

## पेरहाप में स्वर्ण अधिकार एकता संघ के तत्वाधान में समाजिक उत्थान के लिए बैठक

आरा। सहार प्रखंड के पेरहाप में स्वर्ण अधिकार एकता संघ के तत्वावधान मे स्वर्ण वर्ग के सामाजिक उत्थान के लिए बैठक आयोजित किया गया। जिसमे स्वर्ण वर्गों में सामाजिक स्तर पर हो रहे परेशानियां एवं समस्या के साथ समाधान और अन्य विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सहार प्रखंड के सभी गांवों से सैकड़ों की संख्या में लोग सम्मिलित हुए। बैठक में स्वर्ण अधिकार एकता संघ के विभिन्न पद के लिए निम्नलिखित



व्यक्तियों को चयन किया गया। जिसमे अध्यक्ष अविनाश कुमार, सचिव चंदन कुमार चांद, उपाध्यक्ष नारायण जी ,कोषाध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह, प्रवक्ता अमरेंद्र मिश्र, मीडिया प्रभारी विवेक कुमार, महामंत्री गया राय, मंत्री धीरज राय, सह मंत्री अनूप कुमार, उपेंद्र राय, सोशल मीडिया प्रमुख अक्षय राय , सूचना एवं संपर्क प्रभारी मनोज राय, कार्यकारी सदस्य पिंटू राय,प्रशांत कुमार, अभिषेक नारायण, शशिरंजन राय, उज्ज्वल कुमार, अनीश राय, चंद्रशेखर राय ,अजीत पांडे, मृत्युंजय कुमार, ऋषिकेश कुमार, अंकित कुमार, सुजीत कुमार, निर्भय राय , अनिल राय, बिट्टू राय त्रिपुरारी सिंह आदि सम्मिलित रहें।

## आरा में ही मिलेगा बेहतर इलाज




आरा। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, आरा भोजपुर के जीरो माइल क्षेत्र में बन रहा है। यह बिहार सरकार की सात निश्चय योजना के तहत विकसित हो रहा अत्याधुनिक मेडिकल कैंपस है, जिसमें मेडिकल कॉलेज और इ.रू. नर्सिंग कॉलेज शामिल हैं। निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।भोजपुर के लिए बड़े फायदेअब गंभीर मरीजों को पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल या अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान पटना नहीं जाना पड़ेगा।सस्ता और बेहतर इलाज घर के पास मिलेगा।स्थानीय छात्रों को टइइर की पढ़ाई का अवसर मिलेगा।हजारों रोजगार और व्यापार में बढ़ोतरी।यह मेडिकल कॉलेज आरा और पूरे शाहाबाद क्षेत्र के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

## पंचमुखी नाथ मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था



प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़कपुर। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हवेली खड़गपुर स्थित प्रसिद्ध पंचमुखी नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में देखी गईं। श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजा-अर्चना करने के लिए उत्साहपूर्वक पहुंचे। धश्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है तथा प्रवेश और निकास के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। हवेली खड़गपुर अनुमंडल के प्रशिक्षु डीएसपी मिथिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि भीड़ को नियंत्रित रखने के उद्देश्य से मंदिर के मुख्य द्वार तक साइकिल, मोटरसाइकिल और टोटो के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। श्रद्धालुओं को अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़े कर पैदल मंदिर तक पहुंचने की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग निर्धारित नियमों का पालन करें और शांतिपूर्वक पूजा-अर्चना करें। पुलिस प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ तैनात है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके। महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का विशेष माहौल बना रहा।

## 99 साल के बाद भी बरकरार है जमालपुर में जिमखाना का भव्य भवन

● जिमखाना में केक काटकर ईरमी महानिदेशक ने अधिकारी के साथ मनाया जश्न

प्रात : किरण संवाददाता

जमालपुर (मुंगेर) : ईरमी जमालपुर के 99 वां वर्षगांठ समारोह देर रात्रि जिमखाना परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं केक काटकर संपन्न किया गया।ईरमी के महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा नेतृत्व में जिमखाना डिजाइन का बनाया गया भव्य केक अतिथि रेल महाप्रबंधक चेन्नई यू सुब्बाराव, रेल महाप्रबंधक रायबरेली एवं कपूरथला के प्रशांत कुमार मिश्रा, ईस्टर्न रेलवे के पीसीएमई परमानंद शर्मा सहित तमाम अतिथि कांटा तो तालिया की गड़गड़ाहट से जिम खाना गूंज उठा। हालांकि इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए रेल के विभिन्न जोन से पहुंचे अधिकारी अपने पत्नी के साथ ईरमी एवं जिमखाना में बिताए गए पुरानी यादों को ताज भी किया। केक काटने के बाद अधिकारियों ने जहां एक दूसरे को ईरमी के उज्जवल भविष्य की बधाई भी दिए। इधर देर रात्रि तक चले ईरमी के दो दिवसीय वार्षिक उत्सव समारोह का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया गया। मौके पर पूर्व आईआरएसएमई ऋतुराज वर्मा,पीसीएमई अतुल प्रियदर्शी,पीसीएमई अनिल द्विवेदी, पूर्व जीएम संजीव किशोर, रेलवे बोर्ड के आर के मंगला,पीसीएमई एमके पोद्दार, डीआरएम हावड़ा विशाल कपूर, डीआरएम मालदा मनीष गुप्ता, डीआरएम उदय सिंह मीणा, पूर्व आईआरएसएमई ऋतुराज वर्मा,डीन प्रेम प्रकाश, सीनियर प्रोफेसर जनार्दन प्रसाद,सीडब्ल्यूएमक्ष विनय प्रसाद वर्णवाल,डिप्टी डीजी प्रसेनजीत कुमार, प्रोफेसर प्रोजेक्ट मो. अय्यूब खान,प्रोफेसर एडमिन पंकज कुमार,प्रोफेसर सुसरन तिरु,प्रोफेसर सिद्धार्थ शंकर सहित कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## सहार में महाशिवरात्रि को धूमधाम से पूजा किया गया



आरा। सहार में महाशिवरात्रि को धूमधाम से पूजा किया गया और कहा जाता हैं की महाशिवरात्रि को शिव जी और उनकी पत्नी पार्वती जी के मिलन का भी उत्सव है। महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का एक पवित्र त्योहार है, जो भगवान शिव को समर्पित है। उत्तर भारत में महाशिवरात्रि हिंदू पंचांग के अंतिम महीने (फाल्गुन) में मनाई जाती है, और महाशिवरात्रि का भगवान शिव से जुड़ा है, जिसमें मुख्य रूप से समुद्र मंथन के दौरान विष पीने और दुनिया को बचाने की कथा, भगवान शिव और पार्वती के विवाह की कथा, और शिव के लिंग स्वरूप में प्रकट होने की घटना शामिल है, और सहार में महाशिवरात्रि का पूजा धूम धाम से श्रद्धालु द्वार किया गया।

## विश्वविद्यालय अतिथि प्राध्यापको का धरना

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक संघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 17 फरवरी को पटना के गर्दनीबाग में एकदिवसीय धरना देने की घोषणा की है। संघ के अध्यक्ष डॉ आदित्य कुमार आनन्द ने रविवार को आयोजित बैठक में बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन और राज्य सरकार को कई बार ज्ञापन सौंपने के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिसके कारण उन्हें सड़क पर उतरने का निर्णय लेना पड़ा है।संघ के अध्यक्ष डॉ आनन्द ने कहा कि अतिथि प्राध्यापक वर्षों से नियमित शिक्षकों की तरह ही शैक्षणिक दायित्व निभार हैं,लेकिन उन्हें न तो समुचित मानदेय मिल रहा है और न ही सेवा सुरक्षा। संघ के संरक्षक डॉ अमर कुमार का कहना है कि समान कार्य के लिए समान वेतन, सेवा नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू करने, बकाया मानदेय के भुगतान और स्पष्ट सेवा शर्तों की अधिसूचना उनकी प्रमुख मांगें हैं।डॉ अनुज कुमार ने बताया कि 17 फरवरी के धरने में विश्वविद्यालय के विभिन्न अंगीभूत और संबद्ध महाविद्यालयों के सैकड़ों अतिथि प्राध्यापक भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यदि सरकार और प्रशासन ने शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से और तेज किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर राज्यव्यापी आंदोलन और कक्षाओं के बहिष्कार जैसे कदम भी उठाए जा सकते हैं।अतिथि प्राध्यापकों का तर्क है कि विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की कमी के कारण शिक्षण व्यवस्था काफी हद तक उनके भरोसे चल रही है। इसके बावजूद उन्हें स्थायी नियुक्ति से वंचित रखा गया है। डॉ पंकज कुमार ने कहा कि वे शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं, लेकिन अस्थायी व्यवस्था में काम करना उनके भविष्य के लिए चिंता का विषय है।धरने को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। डॉ सोमेश शशि और डॉ मुकेश कुमार ने बताया कि शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को रखने के लिए प्रशासन को पूर्व सूचना दे दी गई है। साथ ही अन्य विश्वविद्यालयों और शिक्षक संगठनों से भी समर्थन की अपील की गई है। सोशल मीडिया और विभिन्न संचार माध्यमों के जरिए अतिथि प्राध्यापकों से अधिक से अधिक संख्या में पटना पहुंचने का आह्वान किया गया है।17 फरवरी को गर्दनीबाग में होने वाला यह धरना राज्य सरकार के लिए भी एक महत्वपूर्ण परीक्षा माना जा रहा है। अब देखना यह होगा कि अतिथि प्राध्यापकों की मांगों पर सरकार और प्रशासन क्या रुख अपनाते है। इस मौके पर डॉ धनंजय राय, डॉ अशोक तिवारी, राकेश चौधरी, डॉ जुगल किशोर, डॉ कंचन कुमारी, डॉ अमरेश कुमार, डॉ रंजीत कुमार, डॉ शिवकांत, डॉ छाया कुमारी, डॉ मधु कुमारी, डॉ संगीता कुमारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### महाशिवरात्रि पर देवकली शिवालय में उमड़ी भीड़

ओबारा (औरंगाबाद)। महाशिवरात्रि के मौके पर पूजा अर्चना को लेकर सुबह से ही श्रद्धालु उत्साहित दिखे। विभिन्न क्षेत्रों मे शिवालय में श्रद्धालुओं मे पहुंचकर मौर पहनाकर पूजा अर्चना किया। विशेष तौर पर देवकली शिव मंदिर मे श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। करीब दस बजे से इतनी भीड़ हो गई कि शाम तक चलता रहा। जय भोला भंडारी शिवहर जय भोला भंडारी के गीतों से परिसर गूंज उठा। मंदिर परिसर मे मेला का भी दृश्य देखा गया जो बच्चों को लुभावने झूले के साथ आकर्षक सबों का केंद्र बना रहा । बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। ओबरा मुख्यालय के विभिन्न शिव मंदिर प्रखंड के सोनवर्षा गांव मे भी भगवान भोले की पूजा अर्चना धूम धाम से की गई। श्रद्धालुओं ने मंदिरों को आकर्षण ढंग से सजाएं गया जो काफी मनमोहक दिखा। सोनवर्षा के सामाजिक कार्यकर्ता सुमित कुमार प्रधानाध्यापक नवल सिंह ने बताया कि सोनवर्षा शिवालय मे प्रति वर्ष धूम धाम से पूजा अर्चना की जाती है और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाता है। वहीं अन्य विभिन्न क्षेत्रों में भी भगवान भोले बाबा का पूजा अर्चना को लेकर शिवालयों मे भीड़ दिखी गई।

### फ्लैक्स प्रिंटिंग डिजिटल का शुभारंभ

औरंगाबाद। जिले के ओबरा मुख्यालय मेट्रो फ्लैक्स प्रिंटिंग एंड प्रेस का शुभारंभ वरीय भाजपा नेता अश्विनी तिवारी ने फीता काटकर किया। उन्होंने प्रिंटिंग एंड प्रेस की सुविधा होने से लोग बाहर जाने से बचेंगे ओबरा मे सेवा ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे उद्योग जगत को बढ़ावा मिलेगी। संचालक डब्लू तिवारी एवम देवेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से मेट्रो फ्लैक्स प्रिंटिंग एंड प्रेस खोला गया है। इस अवसर पर गणेश भगवान की पूजा अर्चना शुभारंभ की और उपस्थित लोगो को नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने को आहवान किया। कहा कि आज महाशिवरात्रि के मौके पर संकल्प ले कि हम सभी नशा मुक्ति समाज का निर्माण करे और एक दूसरे को प्रेरित करे। मौके पर कमल कुमार, इंद्रजीत कुमार, नवल कुमार, अजीत कुमार समेत बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

### युवती की हत्या, आरोपी ने थाने में किया आत्मसमर्पण

शेरघाटी। थाना क्षेत्र के कठार गांव में रविवार शाम करीब 5:30 बजे एक युवती की हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान गीता देवी उर्फ गीता कुमारी के रूप में की गई है।

जानकारी के अनुसार, वीरेंद्र मांझी नामक व्यक्ति अपनी पत्नी के रहते गीता देवी के साथ रह रहा था। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई।

# महाशिवरात्रि पर अखंड संकीर्तन का आयोजन,भगवान शंकर के दर्शन में श्रद्धालुओं की भीड़

## आषाढ़ी गांव से निकला भगवान शिव की बारात



**प्रातः किरण संवाददाता**

शहर तेलपा थाना क्षेत्र के अषाढ़ी गांव में महाशिवरात्रि के अवसर पर 24 घंटे का अखंड संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसी क्षेत्र में स्थित च्यवन मुनि का आश्रम जिसे हम देवकुंड धाम के नाम से जानते हैं वहां भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु जिसमें स्त्री और पुरुष दोनों की संख्या काफी थी सुबह 4:00 बजे से ही भगवान शंकर के दर्शन के लिए लोग उमड पड़े। महाशिवरात्रि व्रत महिलाओं के लिए बड़ा पवित्र माना जाता है।

महिलाएं व्रत के माध्यम से भगवान शंकर की आराधना करती हैं और अपने पति के दीघार्यु जीवन की कामना करती है। देवकुंड के अलावा क्षेत्र के तमाम शिवालियों में भगवान शंकर की पूजा अर्चना की गई। महिलाएं सुबह से ही अपने-अपने थाल में अक्षत पुष्प बेलपत्र धतूरा भांग इत्यादि सामग्री लेकर भगवान शंकर की पूजा में मग्न दिखाई दी। भगवान शंकर की पूजा का जिक्र त्रेता युग में भी मां जानकी के द्वारा भगवान राम को अपने पति के रूप में देखने के लिए महादेव भगवान शंकर की पूजा अर्चना करने का प्रमाण मिलता है। आज देवकुंड धाम में पूरे दिन भक्ति का वातावरण बना रहा। गांव-गांव से होली गाने की टोली भी अलग-अलग जगह पर बैठकर गाते हुए नजर आए। होली के आयोजन में बाबा दूधेश्वर नाथ देवकुंड में रंग लूटे जैसे संगीत का भी आयोजन हो रहा था ।

आषाढी ग्राम में 24 घंटे अखंड के आयोजन के बाद लोग काफी लंबे जुलूस में ढोल बजा हाथी घोड़ा के साथ पंक्तिबद्ध होकर के देवकुंड धाम में लोग पहुंचे और हरे राम हरे राम राम हरे हरे का स्वर उनके मुख में गूंज रही थी ।वैसे भी देवकुंड धाम में मठ ओर से शाम में भगवान शंकर की शादी का आयोजन होता है ।उस अवसर पर हजारों नरनारी इस दृश्य को देखने के लिए काफी उतावला नजर आते हैं ।

मठ के मठाधीश कन्हैया नंदपुरी ने बताया कि हजारों वर्ष से भगवान शंकर की शादी के अवसर पर जो कार्यक्रम होता रहा है हम उसी का अनुकरण कर प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शंकर की शादी का उत्सव मनाते हैं।

## सत्यचंडी धाम रायपुरा में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाई गई



**प्रातः किरण संवाददाता**

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ एवं तीर्थ स्थल सत्यचंडी धाम रायपुरा के प्रांगण में सनातनी परंपरा का महान पर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह सवेरे श्रद्धालु भक्तों का तांता लगा रहा।माता सत्यचंडी के दरबार में भगवान शिव का मंदिर स्थापित है। वहां लोगों ने विशेष पूजा अर्चना की,जिस शक्तिपीठ में भगवान शंकर स्थापित होते हैं उस स्थल की महता और भी बढ़ जाती है। वहां किया गया पूजा पाठ विशेष फलदाई होता है। महाशिवरात्रि सनातनी परंपरा का महान पर्व है इस दिन भगवान शंकर का माता पार्वती जी।विवाह हुआ था। महाशिवरात्रि पूजा के सफल क्रियान्वयन में न्यास समिति के अध्यक्ष अमरेश सिंह सचिव राजेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सदस्य विकास कुमार सिंह भागीरथ कुमार गौतम कुमार रौशन कुमार,बाबू लालू कुमार श,नरेंद्र सिंह पृथ्वीराज ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश सिंह,नन्हकू सिंह, रणधीर सिंह शिक्षक सतीश कुमार सिंह सहित अन्य सदस्यों ने विशेष सहभागिता निभाई। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि शिवरात्रि के मौके पर शक्तिपीठ में शक्ति उपासना का विशेष महत्व है। शिवरात्रि के दिन ही शिव शक्ति का मिलन हुआ था।जो संतुलन सृजन और ऊर्जा का प्रतीक है। इस दिन शिव और शक्ति की पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है,दोनों की पूजा जीवन में स्थिरता और रचनात्मकता लाती है।शक्तिपीठ सत्यचंडी धाम में भगवान शिव के निमित्त किया गया पूजा पाठ विशेष फलदाई होता है।

## शेरघाटी में श्रद्धाभाव से मना महाशिवरात्रि, शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**प्रातः किरण संवाददाता**



शेरघाटी। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। भोर की पहली किरण के साथ ही शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा और पूजा सामग्री लेकर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए मंदिरों में पहुंचे।

शहर के प्रमुख मंदिरों में भारी भीड़ देखी गई। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं को अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। भक्तों ने विधि-विधान से शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। कई मंदिरों में श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक माहौल में डूबा रहा।

मान्यता है कि फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था, इसी उपलक्ष्य में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। इस दिन शिवभक्त व्रत रखकर रात्रि में विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। कई स्थानों पर शिव बारात भी निकाली गई। श्रद्धालुओं ने अगले दिन प्रातः व्रत का पारण किया।

## महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़

**प्रातः किरण संवाददाता**




औरंगाबाद। औरंगाबाद में महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। गोह प्रखंड के देवकुंड स्थित बाबा दुधेश्वरनाथ मंदिर में अब तक करीब 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। दूर-दराज के गांवों सहित पड़ोसी जिलों से भी श्रद्धालु यहां पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं। मंदिर प्रबंधन समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जलाभिषेक के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की है। ताकि भीड़ के बावजूद पूजा सुचारु रूप से संपन्न हो सके। लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मठ कमेटी के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष महाशिवरात्रि पर विशेष रूद्राभिषेक किया गया। पूरे मंदिर परिसर में ह्यहर-हर महादेवह्व और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो रहा है । श्रद्धालुओं के लिए भजन-कीर्तन और भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया है, जिसमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। महाशिवरात्रि की संध्या बेला में मठ परिसर से भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। शिव बारात में भगवान शिव की झांकी, देवी-देवताओं के स्वरूप और पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकार शामिल होंगे। ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजे के साथ निकाली जाने वाली इस बारात को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ते हैं। शिव बारात नगर भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंचेगी, जहां शिव-पार्वती विवाह की रस्में संपन्न की जाएंगी। यह विवाह समारोह श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र होता है। मठाधीश महंत कन्हैयानंद पुरी के नेतृत्व में शिव-पार्वती विवाह की पारंपरिक रस्म अदा की जाएगी। वैदिक विधि-विधान और मंत्रोच्चार के बीच इस आयोजन को संपन्न कराया जाएगा। श्रद्धालु इस पावन दृश्य के साक्षी बनकर स्वयं को धन्य महसूस करते हैं।

मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन सच्चे मन से भगवान शिव की आराधना करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

इधर, जिला प्रशासन भी महाशिवरात्रि को लेकर पूरी तरह सतर्क है। प्रशासनिक अधिकारियों के नेतृत्व में 16 और 17 फरवरी को देवकुंड खेल मैदान में दो दिवसीय ह्यदेवकुंड महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाहर से आए प्रसिद्ध कलाकार भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। लोकगीत, भक्ति संगीत और सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन होगा। महोत्सव को लेकर खेल मैदान में मंच, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, शौचालय, चिकित्सा शिविर तथा अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था की गई है। भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असामाजिक गतिविधि पर तत्काल नजर रखी जा सके। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष पुलिस बल की भी व्यवस्था रहेगी। स्थानीय प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

श्रद्धालुओं को कतारबद्ध होकर पूजा करने और अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी गई है। आपात स्थिति के लिए नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है, जहां से पूरे आयोजन की निगरानी की जाएगी। देवकुंड का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व भी इस अवसर पर विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

## बजट विकसित बिहार की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी दस्तावेज : त्रिविक्रम

**प्रातः किरण संवाददाता**



औरंगाबाद। सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि समावेशी और विकासपरक सोच वाला बिहार का बजट है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित बिहार की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी दस्तावेज है, जिसका सीधा फायदा औरंगाबाद सहित पूरे प्रदेश को मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि यह बजट सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और शिक्षा, किसान, युवा और रोजगार सृजन पर विशेष फोकस किया गया है। विधायक ने कहा कि बजट का बड़ा हिस्सा प्रशासनिक संचालन में जाता है, लेकिन इसके साथ ही सरकार ने भविष्य के विकसित बिहार की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत की है। उन्होंने कहा कि बिहार तेजी से विकासशील राज्यों की श्रेणी में आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में देश के टॉप-5 राज्यों में शामिल होने की क्षमता रखता है। उन्होंने केंद्र सरकार के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य मिलकर ह्लसाक्षर बिहार, स्वस्थ बिहार और आत्मनिर्भर बिहारह्व के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं।स्वास्थ्य सुविधाओं पर बोलते हुए विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था सामूहिक प्रयास से चलती है। उन्होंने दावा किया कि पहले बिहार में मेडिकल कॉलेजों की स्थिति बेहद सीमित थी, लेकिन पिछले दो दशकों में इसमें उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देव के पाताल गंगा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की मांग उठाई थी। विधायक ने उम्मीद जताई कि जल्द ही औरंगाबाद में मेडिकल कॉलेज खुलने का मार्ग प्रशस्त होगा। सड़क अवसंरचना पर उन्होंने कहा कि एनएच 139 औरंगाबाद के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह सड़क बिहार और झारखंड को जोड़ने वाली लाइफलाइन है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर सदन में भी मुद्दा उठाया गया है। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद अपार संभावनाओं वाला क्षेत्र है और बेहतर सड़क संपर्क से औद्योगिक व आर्थिक विकास को गति मिलेगी।नीट छात्रा प्रकरण पर विधायक ने कहा कि मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के संज्ञान में है और जांच जारी है। सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है और पीड़ित छात्रा के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि कानून पर विश्वास रखते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। विधायक ने यह भी बताया कि बजट में औरंगाबाद के लिए इंडस्ट्रियल जोन स्थापित करने की चर्चा चल रही है।

### स्वस्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन

गया जी।लॉयंस क्लब गया जी के द्वारा जरिएरट्रिक क्लीनिक का आयोजन आई. एम. ए. हॉल, गया में किया गया है। इस विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 52 मरीजों का ईलाज विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया गया है। लायन डॉ विजय करण के नेतृत्व में उपस्थित चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान किया है। डॉ विजय करण (शिशु रोग), डॉ गौतम कुमार( फिजिशियन), डॉ श्रेया कुमारी ( दंत चिकित्सक), डॉ के. के. कमर ( होम्योपैथिक), डॉ राजेश कुमार ( फिजियोथैरेपिस्ट )सहित पारा मेडिकल सहायकों का सराहनीय योगदान रहा है।

### शेखपुरा मोहल्ला में युवक ने लगाई आग, मौत, पुलिस जांच में जुटी

शेरघाटी। थाना क्षेत्र के शेखपुरा मोहल्ला में एक युवक द्वारा आग लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार युवक ने घर में ही खुद को आग लगा ली, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। आसपास के लोगों को घटना की भनक लगते ही वे मौके पर पहुंचे और आग बुझाकर उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।बताया जाता है कि युवक अपनी पत्नी के घर नहीं आने से नाराज था। इसी बात से आहत होकर उसने यह कदम उठाया। हालांकि पुलिस पूरे मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।घटना की सूचना मिलते ही शेरघाटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। शेरघाटी थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान प्रभु प्रसाद के पुत्र सत्येंद्र कुमार के रूप में की गई है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल मामले की छानबीन जारी है।

### शेखा बिगहा मे शिवलिंग मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

मानपुर । शिवभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। मानपुर प्रखंड के शेखा बिगहा ब्राह्मस्थान मे शिवलिंग मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जल, दूध, दही और बेलपत्र अर्पित किए। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।मान्यता है कि भगवान शिव के शिवलिंग पर जलाभिषेक और बेलपत्र चढ़ाने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-शांति आती है। कई श्रद्धालु अपने परिवार की खुशहाली और समृद्धि की कामना लेकर पहुंचे थे।मंदिरों में व्यवस्थाएं सुचारु रहीं और भक्तों ने शांतिपूर्वक दर्शन किए। जिसके बाद शेखा बिगहा गाँव ब्राम्हा स्थान मंदिर मे भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ो श्रद्धांलुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक आस्था और श्रद्धा से सराबोर यह माहौल पूरे दिन बना रहा। मानपुर में इस आयोजन ने आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक एकता का संदेश दिया। मौके पर उपस्थित मिथलेश, सूरजभान, बिगु, अजीत, मुकेश, संतोष, गौतम सुरज, राजा राकेश बिट्टू रविकांत पटेल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।।

### उमंगेश्वरी महोत्सव 2026 का आयोजन

औरंगाबाद। पर्यटन विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में औरंगाबाद के मदनपुर प्रखंड में उमंगेश्वरी महोत्सव 2026 का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन मंत्री लघु जल संसाधन, बिहार सरकार सह-औरंगाबाद के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा, विधायक कुटुंबा ललन राम, विधायक रफीगंज प्रमोद कुमार सिंह सहित जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि माँ उमंगेश्वरी का आशीर्वाद सदैव सभी पर रहेगा। उन्होंने कहा कि यहाँ पर्यटन का विकास होना जरूरी है।

## डायमंड हॉस्पिटल में गरिबों को हर संभव मदद करनी चाहिए :जीतन राम मांझी

- डायमंड हॉस्पिटल एंड सुपर स्पेशलिटी सेंटर का केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने फीता काटकर किया भव्य उद्घाटन

**प्रातः किरण संवाददाता**



गया। शहर के गेवाल बीघा स्थित डायमंड हॉस्पिटल एंड सुपर स्पेशलिटी सेंटर का भव्य उद्घाटन रविवार को केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया है। उद्घाटन समारोह में जदयू नेता राजू बरनवाल सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक, चिकित्सक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे हैं।

इस समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह अस्पताल गया और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस संस्थान के माध्यम से आम लोगों, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को बेहतर और सुलभ चिकित्सा सुविधा मिलेगी।

अस्पताल के जनरल फिजिशियन एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ नीरज लाल यादव ने बताया कि अस्पताल में मरीजों को कम लागत में गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। मैनेजिंग डायरेक्टर नौशाद डायमंड ने कहा कि यह अस्पताल अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है और यहाँ एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार की चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की जाएंगी।न्यूरोस्कोपी सर्जन डॉ सत्येंद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी सेवा, क्रिटिकल केयर, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता और आधुनिक जांच सुविधाएँ मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों को सही और समय पर उपचार उपलब्ध कराना संस्थान की प्राथमिकता होगी। उद्घाटन के मौके पर उपस्थित लोगों ने अस्पताल प्रबंधन को शुभकामनाएँ देते हुए उम्मीद जताई कि यह संस्थान क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा और जरूरतमंदों के लिए भरोसेमंद उपचार केंद्र के रूप में स्थापित होगा।

## औरंगाबाद में ब्रह्माकुमारीज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई 90वीं शिव जयंती

- नशा मुक्ति तथा सोशल मीडिया जागरूकता का दिया संदेश

**प्रातः किरण संवाददाता**

औरंगाबाद। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, औरंगाबाद सेवाकेंद्र पर 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती का महापर्व बड़े ही धूमधाम और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य प्रभात फेरी और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महिला थाना प्रभारी औरंगाबाद, हार्ट सर्जन डॉ बीके सिंह, नगर अध्यक्ष उदय गुप्ता, बीजेपी जिला प्रवक्ता जितेंद्र जी ब्रह्मा कुमारीज औरंगाबाद संचालिका बी. के. सविता दीदी, संगीता दीदी उपस्थित रहीं। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

सविता दीदी ने उपस्थित जनसमूह को शिवरात्रि के वास्तविक आध्यात्मिक रहस्य से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि परमात्मा शिव के अवतरण का उद्देश्य अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाना है। साथ ही उन्होंने सभी को काम, क्रोध और लोभ जैसे विकारों को त्यागने की प्रेरणा दी। बबली दीदी द्वारा विशेष आध्यात्मिक गतिविधियाँ (स्पिरिचुअल एक्टिविटीज) आयोजित की गईं, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान राजयोग मेडिटेशन के अभ्यास से होने वाले मानसिक और शारीरिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। नशा मुक्ति, सोशल मीडिया मुक्त के लिए विशेष रोड शो और नाटक ब्रह्माकुमारीज के मेडिकल विंग तथा सोशल मीडिया विंग के माध्यम से समाज को नशा मुक्त,सोशल मीडिया मुक्त बनाने का पुरजोर संदेश दिया गया। कलाकारों ने लघु नाटक के जरिए नशे, सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों को दर्शाया। शहर के प्रमुख मार्गों पर रोड शो कर लोगों को जागरूक किया गया और स्टेज शो के माध्यम से जन-जन तक नशा मुक्ति, सोशल मीडिया मुक्ति का संदेश पहुँचाया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी भाई-बहनों को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने और बुराइयों को छोड़ने की दृढ़ प्रतिज्ञा कराई गई।

## सदानंद शाही के काव्य संग्रह संगतराश का म.वि.वि. में हुआ लोकार्पण एवं काव्यपाठ

**प्रातः किरण संवाददाता**

बोधगया।मगध विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा अतिथि भवन में सुपरिचित कवि एवं आलोचक सदानंद शाही के नवीन काव्य संग्रह संगतराश का लोकार्पण, परिचर्चा एवं काव्यपाठ का आयोजन किया गया है। इस संग्रह को प्रतिष्ठित वाणी प्रकाशन समूह द्वारा प्रकाशित किया गया है।

प्रमुख वक्ताओं में मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम्, हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. आनन्द कुमार सिंह, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग से सहायक आचार्यगण डॉ. अनुज लुगुन एवं डॉ. योगेश प्रताप शेखर, एमयू हिन्दी विभाग के सहायक आचार्यगण डॉ. अनुज कुमार तरुण, डॉ. राकेश कुमार रंजन, गया कॉलेज के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. राम उदय कुमार तथा सुख्यात युवा कवयित्री डॉ. चाहत अन्वी की गरिमामयी उपस्थिति रही। मंच संचालन डॉ. परम प्रकाश राय ने किया है।प्रो. सदानंद शाही ने अपनी पुस्तक की भूमिका बताते हुए उसकी रचना प्रक्रिया को रेखांकित किया। संग्रह की कविताओं के समानांतर काव्यपाठ भी वे करते रहे। समकालीन उपभोक्तावादी समय पर गंभीर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि आज प्रेम भी प्रदर्शन का विषय बनता जा रहा है। वेलेंटाइन डे के संदर्भ में उन्होंने अपनी कविता की पंक्तियाँ उद्धृत कीं—घड़ियां अब समय नहीं बतातीं / उनकी महंगाई प्रेम की तीव्रता बताती है।संगतराश कविता का परिचय उन्होंने ह्लसंगतराश जो लगातार बेचैन रहता सुंदरता की तलाश में..ह्व के माध्यम से दिया। उन्होंने कहा कि सच्चाई की राह पर चलने वाले लोग प्रायः अल्पमत में होते हैं। उन्होंने कहा—जब ईसामसीह सलीब पर लटकाए गए/ अल्पमत में थे.../जब काशी छोड़नी पड़ी कबीर को / अल्पमत में थे। प्रो. शाही ने कहा कि गांधी की हत्या केवल एक दिन नहीं हुई; जब ब्रूनो की हत्या हुई, जब मंसूर और ईसामसीह को सूली पर चढ़ाया गया, तब भी सत्य और विचार की हत्या का प्रयास हुआ। किंतु इतिहास साक्षी है कि ऐसे महापुरुष अपने विचारों में जीवित रहते हैं, जबकि उनके हत्यारे समय के साथ विस्मृत हो जाते हैं। भारतीय समाज में परंपरागत स्त्रियों की दशा को ह्लमंझली मामीह्व नामक कविता के माध्यम से शाही जी ने बखूबी उकेरा।एमयू कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम ने कहा कि ह्यसंगतराश जैसी कृतियाँ हमें विचार, संवेदना और प्रतिरोध की शक्ति प्रदान करती(

## शब्दवीणा के तत्वावधान में आने वाली है अब होली विषय पर ऑनलाइन राष्ट्रीय कवि सम्मेलन

**प्रातः किरण संवाददाता**

औरंगाबाद। राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा के तत्वावधान में आने वाली है अब होली विषय पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शब्दवीणा कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष सुनीता सैनी गुड्डी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रश्मि प्रियदर्शनी द्वारा प्रस्तुत शब्दवीणा गीत की सुमधुर प्रस्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कवि सम्मेलन का संचालन प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सैनी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विजयेन्द्र सैनी ने संयुक्त रूप से किया; तथा अध्यक्षता वरिष्ठ कवयित्री विनीता लावणिया ने की। श्रीमती लावणिया ने प्रस्तुत सभी रचनाओं पर सारगर्भित समीक्षात्मक टिप्पणियाँ देकर कवि-कवयित्रियों का उत्साहवर्द्धन किया। विशिष्ट अतिथि




पुरुषोत्तम तिवारी ने होली को प्रेम, आनंद एवं सद्भावना का पर्व बताते हुए आमंत्रित सभी रचनाकारों के सुखद जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।कवि सम्मेलन में गया, बिहार से जैनेन्द्र कुमार मालवीय एवं डॉ रश्मि प्रियदर्शनी, देवघर, झारखंड से डॉ विजय शंकर एवं सोनम झा, पश्चिम बंगाल से हिमाद्रि मिश्रा एवं पुरुषोत्तम तिवारी, कर्नाटक से सुनीता सैनी गुड्डी, विजयेंद्र सैनी, निगम राज, संध्या निगम, आनंद दाधीच दधीचि, पूनम शर्मा, कुमार प्रवाल सिंह राणा, के. के. राजपूत, अरुणा राणा, विनीता लावणिया एवं फूलमाला वर्मा, हरियाणा से सरोज कुमार एवं अशोक जाखड़, मध्य प्रदेश से अरुण अपेक्षित, उत्तर प्रदेश से मधु श्रीवास्तव, उत्तराखंड से आशा साहनी ने आने वाली है अब होली एवं होली के रंग, कविताओं के संग विषयों पर एक से बढ़कर एक गीत, गजल, मुक्तक एवं दोहे पढ़े। डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने आमों की डाली पर झूला झूल-झूल कोयलिया बोली। कब तक घर में बंद रहोगे, आने वाली है अब होली गीत सुनाकर कवि सम्मेलन के मूल प्रतिपाद्य पर प्रकाश डाला।अरुण अपेक्षित की रचनाहमने भरकर रुमाल होली में, तुमको भेजा गुलाल होली में मधु श्रीवास्तव के होली गीत ह्लगोरी तेरे गालों पे, लाल, लाल लाली काहे, नंद जी के लाल संग खेली का होली है, हिमाद्रि मिश्रा के फाग गीतराधा प्यारी, प्यारी लगती न्यारी रे। जपे राधा-राधा कृष्ण-कन्हाई रे व फाग खेलत दशरथ लाल, फाग खेलत रे एवं जैनेन्द्र कुमार मालवीय के गीत ह्लसांस्कृतिक सद्भाव प्रेम का, पावन पर्व ही होली है सुनकर श्रोतागण झूम उठे। संध्या निगम की मेरी चुनरी में पड़ गयो दाग रे, श्याम कैसो चटक रंग डारो, फूलमाला वर्मा की मैं तो पी गई सजना भांग होली के हुड़दंग मेंह्व, के. के. राजपूत की काश ऐसा हो जाए, जीवन रंगी हो जाएह्व, प्रवाल प्रताप सिंह की आए कान्हा संग में ग्वाले, राधा जो मुस्काई, खेले होली कृष्ण प्रिया संग, आई होली आई, विनीता लावणिया की रंग मत डारे रे सांवरिया, रंग मत डारे रे एवं अरुणा राणा की ब्रज में मस्ती छाई रे, होली आई रे, आई रे, होली आई रे पंक्तियों पर खूब वाहवाहियाँ लगीं। आनंद दधीचि की फूलों पर भँवरों ने निगाहें बिछाई, होली आई, निगम राज की रंग डारो अपने रंग, मदन यों खेलो होली, आशा साहनी की उत्सव सुहाना देखकर बादल सदा विह्वल हुआ सरोज कुमार की होली के हुड़दंग में देखो, भींगी मेरी साड़ी, पूनम शर्मा की मुझे मिल गया(



# क्या अल्लू अर्जुन के साथ नेगेटिव रोल में नजर आएंगी रश्मिका मंदाना?

अल्लू अर्जुन और एटली एक फिल्म पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म के टाइटल का अभी एलान नहीं किया गया है। इसके बावजूद फिल्म ने काफी चर्चा बटोर ली है। फैंस इस बात को लेकर उत्साहित हैं कि इस प्रोजेक्ट में पहली बार एक पावरफुल स्टार और एक ब्लॉकबस्टर डायरेक्टर साथ काम कर रहे हैं। कई लोगों का मानना है कि यह फिल्म आने वाले वक्त में सबसे बड़ी फिल्मों में से एक होगी।

## कैसा होगा रश्मिका का किरदार?

लेट्स ओटीटी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट की खास बात यह है कि इसमें रश्मिका मंदाना नजर आएंगी। बताया जाता है कि रश्मिका मंदाना एक डार्क और चैलेंजिंग रोल में नेगेटिव शेड के साथ नजर आएंगी। फिल्म में रश्मिका का किरदार उन खुशमिजाज किरदारों से बहुत अलग है, जो वह आमतौर पर स्क्रीन पर निभाती हैं। यह भी कहा जा रहा है कि अल्लू अर्जुन ने पर्सनली इस रोल के लिए उनका नाम सजेस्ट किया था। फैंस को लगता है कि यह किरदार रश्मिका का बिल्कुल नया साइड सामने लाएगा।

## फीमेल लीड कौन है?

फिल्म में दीपिका पादुकोण लीड फीमेल रोल में हैं। दो मजबूत एक्ट्रेस के अहम रोल निभाने से फिल्म को लेकर उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं। कई फैंस यह देखने के लिए बेताब हैं कि फिल्म में उनके किरदार कैसे होंगे।

## कितनी शूट हुई फिल्म?

खबर है कि रश्मिका ने इस हफ्ते अपने हिस्से की शूटिंग शुरू कर दी है। वह फरवरी भर काम करती रहेंगी। इस महीने के आखिर में वह अपनी शादी के लिए छोटा ब्रेक ले सकती हैं। फिल्म का प्रोडक्शन आसानी से चल रहा है। करीब 25 से 30 प्रतिशत शूटिंग पहले ही पूरी हो चुकी है।



# 'रामायण' में रिप्लेस किए जाने पर विक्रांत मैसी ने तोड़ी चुप्पी

नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित फिल्म 'रामायण' इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म को काफी बड़े स्तर पर बनाया जा रहा है। इसे बॉलीवुड की सबसे महंगी फिल्म बताया जा रहा है। इस बीच यह भी चर्चा चल रही थी कि विक्रांत को मूवी में मेघनाद के किरदार के लिए अप्रोच किया गया है। लेकिन शुक्रवार को य खबर ट्रेंड करने लगी कि उनकी जगह फिल्म में दूसरे एक्टर को लिया गया है। फिल्म में खुद को रिप्लेस किए जाने पर विक्रांत ने क्या कहा?

## राघव जुयाल ने किया विक्रांत को रिप्लेस

वैरायटी इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक राघव जुयाल फिल्म 'रामायण' का हिस्सा बनने जा रहे हैं। राघव जुयाल इस फिल्म में मेघनाद का किरदार निभा सकते हैं। उनका किरदार 'रामायण पार्ट टू' में नजर आएगा, जो 2027 की दिवाली पर रिलीज होगी। पहले इस किरदार को विक्रांत मैसी निभाने वाले थे, ऐसी खबरें सामने आई थीं। लेकिन किन्हीं कारणों से वह फिल्म से दूर हो गए। इस पूरी स्थिति को लेकर विक्रांत मैसी ने एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया।

## फिल्म 'रामायण' को लेकर क्या बोले विक्रांत?

अपने इंस्टाग्राम पेज पर विक्रांत मैसी ने एक स्टोरी पोस्ट, जिसे बाद में डिलीट भी कर दिया। इसमें उन्होंने लिखा था, 'मैं इन खबरों पर विराम लगाता हूं। मैं कभी भी इस फिल्म का हिस्सा नहीं था।' उन्होंने आगे फिल्म को लेकर लिखा, 'बहरहाल, रामायण फिल्म की पूरी कास्ट को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। मैं जरूर टिकट खरीदकर ये मूवी देखने जाऊंगा।'

कब रिलीज होगी फिल्म 'रामायण'?

फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर, साउथ एक्टर यश, सनी देओल, रवि दुबे और साई पल्लवी जैसे एक्टर्स भी नजर आंएगे। फिल्म को पैन इंडिया स्तर पर रिलीज किया जाएगा। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान और हॉलीवुड कंपोजर हंस जिमर बना रहे हैं। फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी। पहला पार्ट इस दिवाली (2026) में सिनेमाघरों में रिलीज होगा। वहीं इस फिल्म का दूसरा भाग 2027 दिवाली पर रिलीज होगा।

# सामने आई कोंकणा सेन शर्मा की 'अक्यूज्ड' की रिलीज डेट



कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा अपनी अपकमिंग फिल्म 'अक्यूज्ड' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इसका टीजर रिलीज हुआ, जिसे दर्शकों ने पसंद किया है। अब इसकी रिलीज डेट सामने आ गई है। अनुभूति कश्यप के निर्देशन में बनी साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज 27 फरवरी 2026 को रिलीज होगी। मेकर्स ने 'अक्यूज्ड' की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। इसे 27 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा। इसकी कहानी सीमा अग्रवाल और यश केसवानी ने लिखी है। इसे करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्व मेहता, सोमेन मिश्रा ने धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। 'अक्यूज्ड' लंदन की एक इज्जतदार डॉक्टर की कहानी है। डॉक्टर की जिंदगी तब बिखरने लगती है जब उस पर यौन दुराचार का आरोप लगता है। जैसे-जैसे जांच तेज होती है वैसे-वैसे उसकी मुश्किलें बढ़ती हैं। जांच उसके रिश्तों और इज्जत पर असर डालती है। फिल्म में दिखाया गया है कि जब सच्चाई का पता न हो तो धारणाएं जल्दी हावी होने लगती हैं। एक महिला को आरोप के केंद्र में रखकर बनाई गई फिल्म 'अक्यूज्ड' बेचैनी और शक की कहानी दिखाती है।



### प्रतिभा की दूसरी फिल्म

फिल्म 'अक्यूज्ड' प्रतिभा रांटा की दूसरी फिल्म है। इससे पहले वह 2023 में किरण राव की फिल्म 'लापता लेडीज' में नजर आई थीं।



# साबुन की ब्रांड एंबेसडर बनकर विवादों में फंसी तमन्ना भाटिया

कर्नाटक का प्रसिद्ध मैसूर चंदन साबुन (मैसूर सैंडल सोप), जो 108 साल पुराना है, अब दोबारा लॉन्च हो रहा है। इसी साबुन के लिए अब तमन्ना भाटिया को इसका ब्रांड एंबेसडर चुना गया है। मैसूर चंदन साबुन की कंपनी ने अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। तमन्ना मुंबई में जन्मी हैं और मुख्य रूप से हिंदी-तेलुगु-तमिल फिल्मों में काम करती हैं। पिछले साल मई में उन्हें 6.2 करोड़ रुपये में दो साल के लिए यह कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था। अब फरवरी 2026 में साबुन का नया लुक और पैकेजिंग के साथ रीलॉन्च हुआ है।

## क्या है विवाद

तमन्ना को मैसूर चंदन साबुन का ब्रांड एंबेसडर बनाने के इस फैसले पर काफी विवाद हो रहा है। कई लोग, खासकर कन्नड़ समर्थक और राजनीतिक नेता कह रहे हैं कि कंपनी को कर्नाटक की किसी स्थानीय कन्नड़ अभिनेत्री को चुनना चाहिए था, जैसे रश्मिका मंदाना, पूजा हेगड़े, श्रीनिधि शेट्टी या राम्या। भाजपा के सांसद के. सुधाकर ने इसे कांग्रेस सरकार की 'कन्नड़ विरोधी सोच' बताया और कांग्रेस को 'गद्दार पार्टी' कहकर आलोचना की।



# वीर पहाड़िया से ब्रेकअप की अफवाहों के बीच दिमागी सुकून पर बोलीं सुतारिया

तारा सुतारिया इन दिनों वीर पहाड़िया के साथ कथित तौर पर ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि वीर पहाड़िया से उनका ब्रेकअप हो गया है। इस बीच उन्होंने बताया है कि वह अपने दिमागी सुकून पर ध्यान दे रही हैं। आइए जानते हैं उन्होंने और क्या कहा है।

## क्या है जिंदगी का मकसद?

इल्ले इंडिया से बातचीत में तारा सुतारिया ने कहा 'मैंने हमेशा से इस बात पर यकीन किया है कि असली कामयाबी दिमागी सुकून में है। मेरी जिंदगी का यह मकसद रहा है कि आपके पास जो मुट्ठी भर लोग हैं, वह आपको प्यार करें और आपको जानें।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जैसे-जैसे करियर आगे बढ़ा है, शांत रहना और भी जरूरी हो गया है।

## शांति की रक्षा करना सीखा

तारा सुतारिया ने बताया कि उन्हें यह समझने में समय लगा कि उन्हें अच्छा महसूस करने के लिए क्या चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैंने अपनी शांति की रक्षा करना सीख लिया है। सिर्फ हम जानते हैं कि अपने नर्वस सिस्टम को कैसे शांत करना है।'

## वायरल वीडियो के बाद फैली अफवाह

हाल ही में खबरें आईं कि तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया का ब्रेकअप हो गया है। हालांकि दोनों ने इस पर कुछ नहीं कहा है। एपी ढिल्लों के मुंबई कॉन्सर्ट के वायरल वीडियो के बाद उनके ब्रेकअप की अफवाहें फैलीं। इस वीडियो की सुतारिया ने आलोचना की और इसे पेड पीआर बताया। वहीं पहाड़िया ने कहा कि जो क्लिप सर्कुलेट हो रही थी, उसे एडिट किया गया था।

## ओरी ने शेयर किया वीडियो

इसके बाद, ओरी ने एक वीडियो शेयर किया जिसमें पहाड़िया, सुतारिया और एपी ढिल्लों को चीयर कर रहे थे। इस वीडियो को री-शेयर करते हुए पहाड़िया ने लिखा 'सच की हमेशा जीत होती है।' वर्क फ्रंट की बात करें तो सुतारिया अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी। यश स्टारर यह फिल्म 19 मार्च 2026 को रिलीज होगी।



# यश मुझसे बेहतर एक्टर बनेगा

# बेटे के डेब्यू पर गोविंदा का बड़ा बयान

**गोविंदा बीते दिनों से चर्चाओं का विषय बने हुए हैं। हाल ही में उनकी पत्नी ने उनपर एक्सट्रामैरिटल अफेयर के आरोप लगाए थे। हालांकि इन सभी आरोपों को गोविंदा ने खारिज कर दिया। अब उनके बेटे बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं। गोविंदा ने उनके बेटे की एक्टिंग पर भी खुलकर बात की है।**

## यश मुझसे भी बेहतर एक्टर बनेगा

गोविंदा ने कहा कि उन्हें अपने बेटे पर पूरा भरोसा है और यश आगे चलकर उनसे भी बेहतर एक्टर बनेगा। बातचीत में गोविंदा ने कहा, 'यश मुझसे बेहतर एक्टर बनेगा। वो टेक्निकली मुझसे ज्यादा मजबूत है।' अपने बेटे को सपोर्ट करने को लेकर गोविंदा ने बताया कि उनकी सिफारिश पर निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने यश को अपने ऑफिस में जगह दी, ताकि वह फिल्ममेकिंग के अलग-अलग पहलू सीख सके।

## करण जौहर पर कसा तंज

इस इंटरव्यू के दौरान गोविंदा ने बताया कि उनके नाम पर एक फिल्म बनाई गई थी। गोविंदा बोले, 'किसी ने मेरे नाम से पिक्चर बना दी थी। शायद उसका नाम 'गोविंदा मेरा नाम' था। मुझे पता नहीं, पर लगता है कि वो करण जौहर की फिल्म थी।' बता दें, साल 2022 में रिलीज हुई 'गोविंदा मेरा नाम' में विक्की कौशल, भूमि पेडनेकर और कियारा आडवाणी ने साथ काम किया था। इस फिल्म का निर्देशन शशांक खैतान ने किया था। वहीं इसके प्रोड्यूसर करण जौहर थे।

## गोविंदा ने क्यों छोड़ी राजनीति

वहीं राजनीति छोड़ने के फैसले पर गोविंदा ने कहा कि उन्होंने यह कदम अपने परिवार के लिए उठाया। उन्होंने कहा, 'मैं नहीं चाहता था कि राजनीति मेरी फैमिली लाइफ और बच्चों पर असर डाले।'

## न्यूकमर्स के साथ काम करना चाहते हैं गोविंदा

खबर है कि गोविंदा सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' में नजर आ सकते हैं। हालांकि इस बात को लेकर कोई जानकारी मेकर्स ने शेयर नहीं की है। हां, सलमान खान ने 'बिग बॉस 19' के मंच पर जरूर कहा था कि वह गोविंदा के साथ एक फिल्म में काम कर रहे हैं। गोविंदा ने आगे कहा कि वह नए कलाकारों के साथ काम करना चाहते हैं और नहीं चाहते कि कोई भी एक्टर उनके बारे में गलत डर बनाए। इसी वजह से उन्होंने सभी से माफी भी मांगी। वहीं, हाल ही में सुनीता आहूजा के भी बॉलीवुड में डेब्यू करने की बात सामने आई है।

यशवर्धन करने वाले हैं बॉलीवुड में डेब्यू

गोविंदा और सुनीता की शादी 1987 में हुई थी। उनके दो बच्चे भी हैं। बेटी टीना ने 2015 में फिल्म 'सेकंड हैंड हसबैंड' से डेब्यू किया था। बेटा यशवर्धन भी जल्द ही फिल्मों में कदम रखने वाले हैं।



**शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला रहेगा जारी : मुंबई।** आईटी कंपनियों पर दबाव से घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह गिरावट देखी गई और अब आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर ग्लोबल सेंटीमेंट पर ज्यादा रहेगी। घरेलू स्तर पर अगले सप्ताह आयात-निर्यात के आंकड़े जारी होने हैं। इससे भी बाजार में निवेश धारणा प्रभावित हो सकती है। निवेशक ग्लोबल फैक्टर्स से संकेत लेकर अपनी रणनीति तय कर सकते हैं।




**मुफ्त में एलपीजी सिलेंडर... : मुंबई।** होली का त्योहार आने वाला है। इस त्योहारी माहौल में करोड़ों लोगों को मुफ्त एलपीजी सिलेंडर दिया जाएगा। हालांकि, यह स्कीम दो राज्य- उत्तर प्रदेश और दिल्ली के लोगों के लिए है। इसका लाभ उन्हीं लोगों को मिलेगा जो इससे जुड़े सभी शर्तों को पूरा करते हैं। आइए इसके बारे में विस्तार से जान लेते हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएम-उज्ज्वला) के तहत उत्तर प्रदेश की महिला लाभार्थियों को मुफ्त एलपीजी रिफिल दिया जाएगा, जिससे राज्य भर की 1.86 करोड़ महिलाओं को त्योहारों के दौरान राहत मिलेगी।

### 20 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी

## भारतीय सॉफ्टवेयर कंपनी पर यूएई की कंपनी का आया दिल

**मुंबई, एजेंसी।** सॉफ्टवेयर और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी



सिल्वरलाइन टेक्नोलॉजीज करीब 80 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की आगामी 18 फरवरी को एक मीटिंग होगी। इसी मीटिंग में 80 करोड़ रुपये तक के स्ट्रेटेजिक इक्विटी इनवेस्टमेंट प्रोपोजल पर विचार किया जाएगा। कंपनी के अनुसार, इससे कंपनी का पोस्ट-मनी वैल्यूएशन लगभग 400 करोड़ रुपये हो सकता है। यूएई की कंपनी खरीदेगी हिस्सेदारी उल्लेखनीय है कि संयुक्त अरब अमीरात की कंपनी ट्रूलेजर टेक्नोलॉजीज एफजेडई ने सिल्वरलाइन टेक्नोलॉजीज में 20 प्रतिशत तक इक्विटी हिस्सेदारी खरीदने में रुचि दिखाई है। उन्होंने इसके लिए एक गैर-बाध्यकारी लेटर ऑफ इंटेंट भी भेजा है। उस कंपनी से मिली राशि का इस्तेमाल कंपनी की बैलेंस शीट को मजबूत करने, विकास की पहलों को तेज करने और टेक्नोलॉजी-आधारित विस्तार की रणनीति को समर्थन देने के लिए किया जाएगा। कंपनी इस 20 प्रतिशत हिस्सेदारी को प्रेफरेंशियल बेसिस पर ऑफर करने का विचार कर रही है। शेयर बाजार को दी गई सूचना के अनुसार कंपनी की अगली बोर्ड मीटिंग में एक स्वतंत्र - रजिस्टर्ड वैल्युअर और प्रोफेशनल एडवाइजर्स की नियुक्ति पर भी विचार किया जाएगा। यह सुनिश्चित करेगा कि कंपनी का सही मूल्यांकन हो। सिल्वरलाइन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और याकिन जोशी का कहना है कि कंपनी ट्रूलेजर टेक्नोलॉजीज एफजेडई से मिले एलओआई का मूल्यांकन कर रही है। उन्होंने कहा, यह प्रस्तावित लेनदेन शेयरधारकों के लिए लंबे समय तक वैल्यू बढ़ाने और कंपनी को स्केलेबल ग्रोथ के अगले चरण के लिए तैयार करने पर हमारे निरंतर फोकस को दर्शाता है। हाल ही में लॉन्च किए गए सिल्वर एआई को भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। पहले ही हफ्ते में इसके 24,000 से ज्यादा रजिस्टर्ड यूजर्स हो गए हैं। यह दिखाता है कि कंपनी की नई टेक्नोलॉजी लोगों को पसंद आ रही है। यह फंड जुटाने का कदम कंपनी को और मजबूत बनाएगा और भविष्य में और भी बड़ी सफलता दिलाने में मदद करेगा।

## यूएस डील ने बदला विदेशी निवेशकों का मूड, भारतीय बाजार में डाले 19675 करोड़

**मुंबई, एजेंसी।** एफपीआई ने जनवरी में भारतीय शेयर बाजार से 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये निकाले थे। कुल मिलाकर, 2025 में एफपीआई ने भारतीय शेयरों से 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी की है। अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजार की ओर रुझान बढ़ा है। ऐसे निवेशकों ने फरवरी के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार में 19,675 करोड़ रुपये डाले हैं। आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई का यह फ्लो लगातार तीन माह की भारी बिकवाली के बाद हुआ है। बता दें कि एफपीआई ने जनवरी में भारतीय शेयर बाजार से 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये निकाले थे। कुल मिलाकर, 2025 में एफपीआई ने भारतीय शेयरों से 1.66 लाख करोड़ रुपये (18.9 अरब डॉलर) की निकासी की है। यह एफपीआई के फ्लो की दृष्टि से सबसे खराब वर्षों में रहा है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि हाल की खरीदारी को वैश्विक वृहद चिंताओं में कमी, खासकर अमेरिका के नरम महंगाई आंकड़ों से समर्थन मिला है। इससे उन की भारत समेत उभरते बाजार में जोखिम लेने की क्षमता बेहतर हुई है। इसी तरह की राय जताते हुए एंजेल वन के विश्लेषक वकारजावेद खान ने कहा कि यह फ्लो अमेरिका-भारत व्यापार करार, समर्थन देने वाले 2026-27 के आम बजट और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं में कमी की वजह से देखने को मिला है।

**1374 करोड़ रुपये की बिकवाली**-एफपीआई फरवरी माह के 11 कारोबारी सत्रों में से सात में खरीद रहे और चार सत्रों में बिकवाल रहे। इसके बावजूद आंकड़ों से पता चलता है कि एफपीआई ने इस महीने शुद्ध रूप से 1,374 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। इसकी वजह यह है कि 13 फरवरी को निफ्टी में 336 अंक की गिरावट के दौरान एफपीआई ने 7,395 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इस सप्ताह एंथ्रोपिक झटके की वजह से आईटी शेयरों में भारी बिकवाली देखने को मिली।

# भाई से मिला तोहफा बेच लगाया ठेला, मां के हुनर का किया इस्तेमाल

● अपने भाई-बहनों में सबसे छोटे ● अब हनी अपने स्टॉल से रोजाना 5,000 रुपये से 6,000 रुपये की बिक्री करते हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी 18 साल के हनी खान की है। वह लखनऊ के रहने वाले हैं। उनकी अब एक अलग पहचान बन गई है। लखनऊ यूनिवर्सिटी के बाहर वह इडली और मेंडू वड़ा बेचते हैं। इसकी शुरुआत उन्होंने पिछले साल सितंबर से की थी। भाई से गिफ्ट में मिले प्लेस्टेशन को 14,000 रुपये में बेचकर उन्होंने इडली स्ट्रीट नाम का स्टॉल शुरू किया था। हनी की मां रजिया का हुनर इसमें बहुत काम आया। वह चेन्नई के रोयापुरम की रहने वाली हैं। दक्षिण भारतीय व्यंजन बहुत अच्छी तरह बनाती हैं। शादी के बाद वह 20 साल की उम्र में लखनऊ आ गई थीं। अब हनी अपने स्टॉल से रोजाना 5,000 रुपये से 6,000 रुपये की बिक्री करते हैं। उनकी इडली और मेंडू वड़ा हाथों-हाथ बिकते हैं। आइए, यहां हनी खान की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। चार भाइयों और एक बहन में शहजाद खान उर्फ हनी खान सबसे छोटे




हैं। ऐशबाग में एक साधारण दो बेडरूम के किराए के अपार्टमेंट में रहते हैं। उनके दूसरे भाई खाड़ी देशों में काम करते हैं। बहन हरियाणा में रहती है। लखनऊ विश्वविद्यालय के बाहर इडली और मेंडू वड़ा बेचकर हनी हर महीने चोखी कमाई कर रहे हैं। उन्होंने सितंबर 2025 में इडली स्ट्रीट की शुरुआत की थी। अपनी मां के दक्षिण भारतीय व्यंजनों को बनाने में महारत का फायदा उठाकर उन्होंने इस स्टॉल को शुरू किया था। हनी की मां रजिया खान शादी के बाद 20 साल की उम्र में लखनऊ आ गई थीं। वह मूल रूप से चेन्नई के रोयापुरम की रहने वाली हैं। वहीं उन्होंने दक्षिण भारतीय व्यंजन बनाने सीखे। हनी को अपने बड़े भाई से गिफ्ट में मिला था। इसे 14,000 रुपये में बेचकर उन्होंने 2,500 रुपये का एक मेटल बॉक्स खरीदा। उसमें इडली और मेदू वड़ा रखकर लखनऊ विश्वविद्यालय के बाहर बेचना शुरू किया।

# दुनिया के टॉप 10 रईसों में आए तीन भाई-बहन, देशों की जीडीपी से ज्यादा है परिवार की दौलत

### वॉरेन बफे और स्टीव बालमर जैसे दिग्गज टॉप 10 से बाहर हो चुके हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के टॉप रईसों की लिस्ट में हाल में काफी उलटफेर देखने को मिला है। वॉरेन बफे और स्टीव बालमर जैसे दिग्गज टॉप 10 से बाहर हो चुके हैं जबकि एक ही परिवार के तीन भाई-बहनों ने इसमें जगह बनाई है। इनमें जिम वॉल्टन, उनके भाई बॉब वॉल्टन और बहन एलिस वॉल्टन शामिल हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स में जिम आठवें, बॉब नौवें और एलिस दसवें नंबर पर शामिल हैं। एलिस दुनिया की सबसे रईस महिला अरबपति हैं। इन तीनों का संबंध वॉल्टन परिवार से है जो रेवेन्यू के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी वॉलमार्ट की प्रमोटर फैमिली है। इस परिवार के दो अन्य सदस्यों को भी दुनिया को टॉप 100 रईसों में जगह मिली है।

वॉल्टन फैमिली को दुनिया का सबसे रईस परिवार माना जाता है। वॉलमार्ट में वॉल्टन परिवार की 47 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस कंपनी की स्थापना साल 1962



में सैम वॉल्टन ने की थी। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक सैम वॉल्टन के बेटे जिम वॉल्टन 158 अरब की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में आठवें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 21.3 अरब डॉलर की तेजी आई है। उनके भाई रॉब वॉल्टन 154 अरब की नेटवर्थ के साथ नौवें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ 20.7 अरब डॉलर बढ़ी है। जिम और बॉब की बहन एलिस वॉल्टन 154 अरब की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 10वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 21 अरब डॉलर की तेजी आई है। सैम वॉल्टन के एक बेटे जॉन वॉल्टन की मौत हो चुकी है। उनके पुत्र लुकास वॉल्टन की नेटवर्थ 53.9 अरब है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 33वें नंबर पर हैं। जॉन वॉल्टन की विधवा क्रिस्टी वॉल्टन 25.4 अरब की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 100वें नंबर पर हैं। जॉन वॉल्टन की 2005 में एक हवाई हादसे में मौत हो गई थी। इससे क्रिस्टी वॉल्टन को वॉलमार्ट में करीब 2 प्रतिशत हिस्सेदारी मिली थी। टॉप 100 रईसों में शामिल वॉल्टन परिवार के पांच सदस्यों की कुल नेटवर्थ 545 अरब डॉलर है जो ग्रीस, हंगरी और ईरान जैसे कई देशों की जीडीपी से ज्यादा है। वॉलमार्ट के दुनिया के 19 देशों में 10,500 से अधिक स्टोर हैं। वॉल्टन का बिजनेस पूरी तरह डिस्काउंट कल्चर पर आधारित था और यही वजह है कि मंदी के दौरान भी इसका स्टॉक हमेशा तेजी में रहा।

## आत्मनिर्भर नहीं, डोनाल्ड ट्रंप पर निर्भर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने शनिवार को भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो सरकार देश को आत्मनिर्भर बनाने की बात करती है, वह अब ट्रंप पर निर्भर होती नजर आ रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिब्बल ने आरोप लगाया कि सरकार ने भारत की विदेश और आर्थिक नीतियों को अमेरिका के साथ संरेखित करने पर सहमति जताई है, जो देश के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अमेरिका के कार्यकारी आदेशों का हवाला देते हुए संकेत दिया गया है कि यदि भारत रूसी तेल की खरीद जारी रखता है तो 25 प्रतिशत का दंडात्मक टैरिफ फिर से लगाया जा सकता है। सेवा तीर्थ पर क्या बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन-1 और 2 के



उद्घाटन का जिक्र करते हुए सिब्बल ने सवाल किया कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री ने देश के प्रति कौन सा कर्तव्य निभाया है। उन्होंने कहा कि इमारतें बनाना अच्छी बात है, लेकिन शासन और नीतियों पर जवाबदेही भी जरूरी है। सिब्बल ने यह भी दावा किया कि सरकार ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर के सामान और सेवाएं खरीदने पर सहमति जताई है और इस पूरे समझौते पर प्रधानमंत्री को संसद में आकर स्पष्ट बयान देना चाहिए। साथ ही उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी चुनाव जीतना जानती है।

## प्राइमरी मार्केट में इस हफ्ते आ रहे हैं 3 कंपनियों के आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइमरी मार्केट में इस हफ्ते तीन कंपनियों के आईपीओ खुल रहे हैं। इन तीन कंपनियों के आईपीओ में दो एसएमई सेगमेंट के हैं। वहीं, एक आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट का है। आइए एक-एक करके जानते हैं इन कंपनियों के विषय में ...

कंपनी के आईपीओ का साइज 49 करोड़ रुपये का है। आईपीओ के जरिए कंपनी 23 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी। यह इश्यू पूरी तरह से फ्रेश शेयरों पर आधारित है। आईपीओ 16 फरवरी से 18 फरवरी तक खुला रहेगा। कंपनी ने 205 रुपये से 216 रुपये का प्राइस बैंड तय किया है। वहीं, लॉट साइज 600 शेयरों का बनाया है। रिटेल निवेशकों को कम से कम 1200 शेयरों पर दांव लगाना होगा। जिसकी वजह से मिनिमम इन्वेस्टमेंट वैल्यू 259200 रुपये है।

ग्रे मार्केट में यह आईपीओ 4 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। इन्वेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में कंपनी के आईपीओ का सबसे अधिक जीएमपी 6 रुपये प्रति शेयर है। वहीं, सबसे कम जीएमपी जीरो रुपये है। यह आईपीओ 18 फरवरी को खुलेगा। कंपनी का आईपीओ 20 फरवरी तक ओपन रहेगा। कंपनी ने 110 रुपये का प्राइस बैंड तय किया है। वहीं,




लॉट साइज 1200 शेयरों का बनाया गया है। रिटेल निवेशकों को कम से कम 2400 शेयरों पर दांव लगाना होगा। मिनिमम इन्वेस्टमेंट वैल्यू 264000 रुपये है। इस आईपीओ का साइज 88.88 करोड़ रुपये का है। कंपनी आईपीओ के जरिए 81 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी।

### गौडियम आईवीएफ और महिला स्वास्थ्य आईपीओ

इस हफ्ते के आखिरी में यह आईपीओ खुलेगा। निवेशकों के पास 20 फरवरी से 24 फरवरी तक आईपीओ पर दांव लगाने का मौका रहेगा। यह मेनबोर्ड सेगमेंट का आईपीओ है। आईपीओ के जरिए कंपनी 2.09 करोड़ शेयर जारी करेगी। इसमें 1.14 करोड़ शेयर फ्रेश इश्यू के जरिए जारी होंगे।

## इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बाजार में स्टार्टअप्स के दिन लद गए

### पुरानी कंपनियों ने जमाया कब्जा, लगातार अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक टूव्हीलर को भारत में लोकप्रिय करने का श्रेय भले ही स्टार्टअप्स को जाता हो। लेकिन अब वे ग्राहकों की चित्त से उतर रहे हैं। जी हां, भारत के ई 2व्हीलर बाज़ार में एक बड़ा बदलाव आया है। इस साल से पहले तक स्टार्टअप्स का भले ही दबदबा रहा हो, लेकिन अब पुरानी और जानी-मानी कंपनियां इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट में आगे बढ़ रही हैं।

हमारे सहयोगी ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी 2026 तक, टीवीएस मोटर, बजाज ऑटो और हीरो मोटोकॉर्प जैसी बड़ी कंपनियों ने इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार का 60 प्रतिशत हिस्सा अपने कब्ज़े में ले लिया है। यह आंकड़ा 2023 में सिर्फ 34 प्रतिशत था। ऑटोमोटिव मार्केट रिसर्च फर्म जाटो डायनेमिक्स के मुताबिक, यह एक बड़ा बदलाव है। इस रिपोर्ट के मुताबिक यह बदलाव पिछले एक साल में तेजी से हुआ है। स्टार्टअप्स ने भले ही इस बाज़ार की शुरुआत की और शुरुआती खरीदारों को आकर्षित किया। लेकिन अब पुरानी कंपनियां अपने बड़े डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, बिक्री के बाद की सर्विस और सही समय पर नए मॉडल लॉन्च करके आम ग्राहकों को जीत रही हैं। पहले से जमा-जमाया नाम भी है इन कंपनियों का। तभी तो इनका भरोसा ईवी में भी सामने



आ रहा है ऐसा क्यों हुआ, इस पर एक इंडस्ट्री एग्जीक्यूटिव ने कहा, शुरुआती दौर में सबसे पहले आना मायने रखता था। अब लगातार अच्छा प्रदर्शन करना ज़्यादा ज़रूरी है। उन्होंने आगे कहा, पुरानी कंपनियों ने इंतज़ार किया, अपनी सप्लाई चेन और डीलरों को तैयार किया, और अब वे सही समय पर अपने प्रोडक्शन को बढ़ा रही हैं। बड़ा फायदा किस कंपनी को

रिपोर्ट के मुताबिक टीवीएस मोटर इस बदलाव का एक बड़ा फायदा उठाने वाली कंपनी बनकर उभरी है। उनकी इलेक्ट्रिक व्हीकल की रणनीति में शामिल है- लगातार प्रोडक्शन बढ़ाना और प्रोडक्ट्स की रेंज को वाइड करना शामिल है। इससे वे अलग-अलग तरह के ग्राहकों को आकर्षित कर पा रहे हैं। कंपनी के क्यू3 एफवाय26 नतीजों के बाद, टीवीएस मोटर ह के सीईओ और डायरेक्टर, के.एन. राधाकृष्णन ने बताया कि उनके फ्लैगशिप आईक्यूब और नए लॉन्च हुए ऑर्बिटर , जो अलग तरह के खरीदारों को टारगेट करता है, दोनों की मांग बहुत अच्छी है। तभी तो दिसंबर 2025 की तिमाही में, कंपनी ने पहली बार एक लाख (100,000) से ज़्यादा इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचे। यह तब हुआ जब साल की शुरुआत में प्रोडक्शन में कुछ दिक्कतें थीं। विश्लेषकों का कहना है कि यह टीवीएस की डिस्ट्रीब्यूशन पहुंच का फायदा दिखाता है, जब प्रोडक्शन बड़े पैमाने पर होता है।

बजाज ऑटो बजाज ऑटो ने भी बैटरी पैक की सप्लाई की शुरुआती दिक्कतों को दूर करने के बाद ज़बरदस्त वापसी की है। इससे पहले तो बैटरी पैक की वजह से प्रोडक्शन को धीमा कर रही थीं। प्रोडक्शन बढ़ने के साथ, दिसंबर की तिमाही में बिक्री तेज़ी से बढ़ी। तभी तो बजाज ऑटो ने इलेक्ट्रिक स्कूटर बाज़ार में दूसरा स्थान फिर से हासिल कर लिया। कंपनी ने रेंज को एक नए एंट्री-लेवल वेरिएंट के साथ बढ़ाया है, जो युवा खरीदारों और महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इससे इसकी पहुंच बढ़ी है और विश्वसनीयता और वैल्यू पर इसका ज़ोर और मज़बूत हुआ है। इस समय स्टार्टअप्स के लिए ग्रोथ की राहें अब ज़्यादा अलग-अलग हो रही हैं। हालांकि, एथर एनर्जी ने अपना रिज़्टा स्कूटर की बढ़ती मांग और बेहतर ऑपरेटिंग परफॉरमेंस के कारण दिसंबर की तिमाही में काफी अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन ओला इलेक्ट्रिक के मार्केट शेयर में बड़ी गिरावट आई है। ज़्यादा प्रतिस्पर्धी बाज़ार में बढ़ती हुई मुश्किलों से अब कंपनी को दो-चार होना पड़ रहा है।

# भारतीय पर्यटकों पर दुनिया की नजर डेस्टिनेशन वेडिंग से एडवेंचर टूरिज्म तक बना रहे रणनीति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत वैश्विक पर्यटन के लिए भविष्य के ग्रोथ इंजन के तौर पर उभर रहा है। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय पर्यटकों ने विदेशी यात्राओं में अब तक 3.17 अरब डॉलर खर्च किए हैं। यह देखते हुए कि केवल 92 मिलियन भारतीयों के पास पासपोर्ट है और भारत अभी भी पूरे साउट ईस्ट एशिया से अधिक आउटबाउंड यात्रा करता है। इससे यह दुनिया में विशेषकर एशियाई देशों के लिए एक आवश्यक बाजार बन गया है।

**भारतीय पर्यटकों को अन्य देश कैसे कर रहे हैं आकर्षित:** अनुमान है कि 2040 तक भारतीय ट्रैवलर्स हर साल 80 से 90 मिलियन ट्रिप करेंगे, जिससे भारत आउटबाउंड ट्रैवल के लिए सबसे बड़ा सोर्स मार्केट बन जाएगा। इस बाजार का लाभ उठाने के लिए मलेशिया, श्रीलंका, सिंगापुर व अन्य एशियाई देश भारतीय पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। इसमें स्पोर्ट और एडवेंचर टूरिजम के साथ डेस्टिनेंशन वेडिंग, बॉलीवुड और टॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग के साथ फ्लाइंग और क्रूज पर्यटनों के लिए इकोसिस्टम तैयार कर रहे हैं।

**भारतीयों के डेस्टिनेशन वेडिंग पर एशियाई देशों की नजर:** विदेशी स्तर पर पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए मुंबई वन वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट (ओटिएम) सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 60 देशों ने हिस्सा लिया। मलेशिया पर्यटन विभाग के चैयरमैन मनोहरन पेरियासामी ने बताया कि वर्मतान समय में भारत हमारे लिए एक आवश्यक पर्यटन बाजार है और हम इस बाजार में अपनी स्थिति को और मजबूत बनाने पर जोर दे रहे हैं। हम भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नए पर्यटन स्थानों, स्पोर्ट और एडवेंचर टूरिजम के साथ डेस्टिनेंशन वेडिंग के लिए विशेष ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। क्योंकि भारतीय शादियां लगभग पांच दिन लंबी होती हैं और उनमें अधिक पैसा खर्च होता है। इसके लिए हम मलेशिया में ऐसे सुंदर और नए स्थानों का विस्तार कर रहे हैं, जो डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए उपयुक्त हैं। हम एक इकोसिस्टम तैयार कर रहे हैं, जो भारतीयों की शादी ब्याह की आवश्कताओं को पूरा करता है। इसमें मलेशिया पर्यटन विभाग और श्रीलंका पर्यटन विभाग दोनों ही भारतीय शादियों को संभालने के लिए एक इकोसिस्टम तैयार कर रहे हैं। जिसमें डेस्टिनेश वेडिंग के लिए मोहक जगहों का विस्तार किया जा रहा तो दूसरी ओर भारतीय पर्यटकों के लिए शुद्ध शाकाहारी खानों के लिए केटरिंग सर्विस तक शामिल है।



## संक्षिप्त समाचार

### पिता ने ढाई साल के बेटे को 1 लाख रुपये में बेचा

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा पुलिस ने शनिवार को ढाई साल के एक बच्चे को बचाया, जिसे उसके पिता ने एक व्यक्ति को 1 लाख रुपये में बेच दिया था। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि आरोपी पिता और खरीदने वाले व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। नीलगिरी अधिसूचित क्षेत्र परिषद के अंतर्गत बारिसाही गांव की यह घटना तब सामने आई, जब एक वायरल वीडियो में पिता को संभावित खरीदार के साथ सौदेबाजी करते हुए दिखाया गया है। इसके बाद एक स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता ने नीलगिरी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। वायरल वीडियो की प्रामाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। नीलगिरी के उपमंडल पुलिस अधिकारी प्रमोद कुमार मलिक ने कहा, 'बच्चे को चिमिनीभाटी क्षेत्र से बचाया गया और उसे बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया। आगे की जांच जारी है।' उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में दो लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने पिता की पहचान पेशे से राजमिस्त्री राकेश कुमार बेहेरा उर्फ कुआ के रूप में की है जिसने कथित तौर पर पहली किस्त के रूप में 50,000 रुपये प्राप्त किए थे। राकेश कुमार बेहेरा ने आर्थिक तंगी को इस कदम का कारण बताया। उसने पत्रकारों को बताया, 'हमारे चार बच्चे हैं और हमें उनका पालन-पोषण करने में कठिनाई हो रही है। एक परिचित व्यक्ति ने खरीदार का इंतजाम किया और मैंने बच्चे को उसे सौंप दिया।' पुलिस सूत्रों के अनुसार, बेहेरा ने दो बार शादी की थी और जिस बच्चे को कथित तौर पर बेचा गया था वह उससे अलग रह रही उसकी दूसरी पत्नी का है। ओडिशा के गंजाम जिले में शनिवार को चोरी के संदेह में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना जिले के भंजनगर पुलिस थाना क्षेत्र के सरदुला गांव में हुई। मृतक की पहचान 37 वर्षीय बनधर प्रधान के रूप में हुई है, जो कंधमाल जिले के जी. उदयगिरि पुलिस थाना क्षेत्र के कुरुमिंगिया गांव का निवासी था। अपर पुलिस अधीक्षक रंजन कुमार डे ने बताया, 'प्रधान को शनिवार तड़के बचाया गया और भंजनगर के उप-मंडल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।' प्रधान और दो अन्य लोग सरदुला निवासी सुशांत गौड़ा के बंद घर में लूटपाट में शामिल थे। उसने बताया कि भागते समय प्रधान गिर गया और उसका पैर टूट गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने उसकी बिजली के खंभे से बांधकर पिटाई की।

### बीएलओ ने अपनी प्रेमिका के पति की कर दी हत्या

**परगना, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) ने अपनी प्रेमिका के पति की हत्या कर दी। आरोपी रिजवान हसन मंडल का 30 वर्षीय नासिर अली की पत्नी से अवैध संबंध था। नासिर अली बदुरिया क्षेत्र के निवासी थे। रिजवान ने विशेष गहन संशोधन (स्ढ्ढक्र) के बहाने नासिर को सोमवार शाम को एक सुनसान जगह पर बुलाया। उसने नासिर को स्ढ्ढक्रसे संबंधित चर्चा के लिए आमंत्रित किया, लेकिन यह सब एक सुनियोजित साजिश थी। पुलिस जांच में पता चला कि रिजवान ने प्रेम संबंध को छिपाने और बाधा हटाने के लिए यह कदम उठाया। घटना के अनुसार, सुनसान स्थान पर पहुंचते ही रिजवान ने नासिर की हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपने साथी सागर की मदद ली। दोनों ने मिलकर शव को टुकड़ों में काटा और उसे तीन अलग-अलग हिस्सों में बांटकर बदुरिया की नहर में फेंक दिया। शव के सिर सहित कई हिस्से अभी भी बरामद नहीं हुए हैं, जिससे जांच में जटिलता आई। मंगलवार को नासिर के परिवार ने उनकी गुमशुदगी की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और रिजवान के फोन कॉल रिकॉर्ड्स, लोकेशन डेटा तथा अन्य सबूतों का विश्लेषण किया। जांच के दौरान रिजवान और सागर पर शक हुआ, क्योंकि रिजवान ने ही नासिर को बुलाया था। नहर से शव के कई अंग बरामद शुक्रवार को पुलिस ने नहर से शव के कई अंग बरामद किए, जिसके बाद मामला सुलझने लगा। पूछताछ में रिजवान ने अपराध कबूल कर लिया। पुलिस ने उसे हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया, जबकि सागर को हत्या में सहायता, शव को काटने और निपटाने के आरोप में पकड़ा गया। दोनों आरोपी अब न्यायिक हिरासत में हैं। पुलिस ने घटनास्थल से अन्य सबूत भी जुटाए हैं, जैसे हथियार और अन्य सामग्री। इस क्रूर हत्या ने इलाके में भय और आक्रोश फैला दिया है।

# टीपू सुल्तान की अंगूठी पर लिखा था राम: ओवैसी

**हैदराबाद, एजेंसी।** महाराष्ट्र में कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने 18वीं सदी के सुल्तान टीपू सुल्तान की तुलना छत्रपति शिवाजी महाराज से कर दी थी। इसको लेकर विवाद गहराता ही जा रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सपकाल की टिप्पणी को शर्मनाक करार दिया तो वहीं एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने बीजेपी पर करारा हमला किया है। उन्होंने कहा कि टीपू सुल्तान हिंदू-मुस्लिम एकता के मिसाल थे। ओवैसी ने कहा, 1799 में टीपू सुल्तान की शहादत हुई। अंग्रेजों से लड़कर टीपू की शहादत हुई। टीपू ने जेल में बैठकर तुम्हारे वीर (वीर सावरकर) की तरह अंग्रेजों को लव लेचर नहीं लिखा। टीपू सुल्तान अपने मुल्क को अंग्रेजों से आजाद कराने के लिए शहीद हो गया। अंग्रेजों को टीपू से इतना डर था कि डेढ़ घंटे तक टीपू की लाश पड़ी रही, अंग्रेजों के फौज के घेरों में लाश थी लेकिन डर रहे थे कि शेर उठ गया तो क्या होगा। जाकर देखा तो टीपू का शरीर गर्म था।



**अंगूठी पर लिखा था राम:** उन्होंने कहा, देवेंद्र फडणवीस साहब, क्या यह बात सच नहीं है कि टीपू के पास से जो अंगूठी निकली उसपर राम लिखा हुआ था। 2014 में बर्सानिया में इसकी नीलामी हुई थी। क्या यह बात झूठ है कि एपीजे अब्दुल कलाम ने अपनी किताब विंग्स ऑफ फायर ने लिखा, कि रॉकेट टेक्नॉलजी के जरिए टीपू के ख्वाबों को पूरा कर रहे हैं। एपीजे अब्दुल कलाम तो आपके लिए ज्यादा आदर्श हैं। ओवैसी ने कहा, यह भी ना मानो तो गांधी को तो मानते होगे। उन्होंने अपनी मैगजीन 'यंग एज' में लिखा कि टीपू सुल्तान हिंदू मुस्लिम एकता के समर्थक थे। श्रृंगेरी मठ से फौज ने सोने की मूर्ति उठा ली तब टीपू सुल्तान ने इसका निर्माण करवाया। टीपू सुल्तान बादशाह था। हर बादशाह को सिर्फ अपनी ताकत से मतलब रहता था। लेकिन तथ्यों को गलत तरीके से पेश नहीं कनरा चाहिए। टीपू सुल्तान की फौज के कमांडर अप्पाजी राम थे। उनके सलाहकार कृष्णा राव थे। बीजेपी केवल नफरत पैदा करना चाहती है। भारत की पहली संविधान की किताब में टीपू की फोटो है।

बता दें कि बुलढाणा में संवाददाताओं से मुखातिब सपकाल ने मालेगांव महानगरपालिका की उप-महापौर शान-ए-हिंद निहाल अहमद के कार्यालय में टीपू सुल्तान का चित्र लगाए जाने को लेकर हुए विवाद पर बात की, जिसका क्षेत्र के शिवसेना पार्षदों और हिंदू संगठनों ने विरोध किया था। इसके बाद देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि यह तुलना निंदनीय है और कांग्रेस नेता को खुद पर शर्म आनी चाहिए।

उन्होंने नागपुर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, 'महाराष्ट्र इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। सपकाल को छत्रपति शिवाजी महाराज की तुलना टीपू सुल्तान से करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को इस मामले का संज्ञान लेना चाहिए और उसके सहयोगी दलों को सपकाल की टिप्पणी पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए।'

## महाराष्ट्र कांग्रेस चीफ ने शिवाजी महाराज से की टीपू सुल्तान की तुलना, भाजपा भड़की

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में मैसूर के टीपू सुल्तान और छत्रपति शिवाजी महाराज की तुलना को लेकर बवाल हो गया है। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल की मैसूर के 18वीं शताब्दी के शासक टीपू सुल्तान को छत्रपति शिवाजी महाराज के 'समकक्ष' बताया, जिस पर सत्ताधारी भाजपा भड़क गई है। पुणे में इसे लेकर सपकाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। इस मामले में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी सकपाल को आड़े हाथों लिया, उन्होंने कहा कि यह तुलना निंदनीय है और कांग्रेस नेता को खुद पर शर्म आनी चाहिए। महाराष्ट्र की राजनीति में टीपू सुल्तान की चर्चा हाल में तब शुरू हो गई थी, जब मालेगांव के डिप्टी मेयर निहाल अहमद ने अपने कार्यालय में टीपू सुल्तान की तस्वीर लगाई थी। इस तस्वीर को लेकर शिवसेना पार्षदों और स्थानीय हिंदूवादी संगठनों ने जमकर विरोध किया था। इस पर जब मीडिया सकपाल से उनका जवाब मांगने पहुंची और तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता और 'स्वराज' के विचार को पेश करने के उनके तरीके का जिक्र करते हुए



टीपू सुल्तान के अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध का आह्वान करने का उदाहरण दिया और दावा किया कि यह लड़ाई शिवाजी महाराज के आदर्श की तर्ज पर थी। सपकाल ने कहा, 'इस तरह टीपू सुल्तान एक योद्धा और भारत के भूमिपुत्र के रूप में उभरे। उन्होंने कभी भी जहरीली विचारधाराओं को नहीं अपनाया। हमें टीपू सुल्तान को वीरता के प्रतीक के रूप में शिवाजी महाराज के समकक्ष मानना चाहिए।' सकपाल के इस बयान के बाद राज्य में राजनैतिक विवाद शुरू हो गया।

फ्लाईओवर के पास हादसा

# बस से टकराई तेज रफ्तार कार, 5 लोगों की मौत



**बेंगलुरु , एजेंसी।** बेंगलुरु के जिंदल फ्लाईओवर के पास शनिवार देर रात भयानक सड़क दुर्घटना में 5 लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार से आ रही कार अनियंत्रित होकर पहले रोड डिवाइडर से टकराई और फिर पलटते हुए सामने से आ रही कर्नाटक स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन बस से जोरदार भिड़ंत कर दी। यह दुर्घटना लगभग 11:30 बजे के करीब हुई, जब रात का ट्रैफिक थोड़ा कम था, लेकिन तेज रफ्तार के चलते हादसा हो गया। दुर्घटना स्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारियों के अनुसार, विपरीत दिशा में आ रही बस में कुल लगभग 40 से अधिक यात्री सवार थे, लेकिन कार की गंभीर टक्कर के कारण मौके पर पांच लोगों की मौत हुई और कई बस सवार यात्रियों को मामूली चोटें आईं। मृतकों की पहचान अभी तक पूरी तरह से नहीं हो पाई है, लेकिन शुरुआती घटनाओं के अनुसार उनमें से कुछ डोड्डाबल्लापुर के निवासी युवा थे। पुलिस ने बताया कि हादसे की प्राथमिक वजह तेज गति और नियंत्रण खो देना माना जा रहा है। कर्नाटक पुलिस ने घटनास्थल पर फैली तबाही को देखकर कहा कि यह दुर्घटना एक चेतावनी है कि सड़कों पर और वाहन चालकों के लिए गति नियंत्रण कितना महत्वपूर्ण है। बेंगलुरु पुलिस और आपातकालीन सेवाएं तेजी से मौके पर पहुंचीं और घायल यात्रियों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया। साथ ही मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की पहचान व परिवार को सूचना देने का कार्य जारी है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कार चालक ने डिवाइडर से टकराने के बाद नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन पलट गया।

# आगरा में टला बड़ा हादसा; मेट्रो की क्रेन गिरी, मकान और दुकान ध्वस्त, बाल-बाल बचा परिवार

**आगरा, एजेंसी।** ताजनगरी आगरा में मेट्रो निर्माण के दौरान शनिवार तड़के बड़ा हादसा होने से टल गया। प्रतापपुरा चौराहे के पास खुदाई कर रही मेट्रो की 25 फीट ऊंची पाइलिंग रिग (क्रेन) अचानक जमीन धंसने से एक ओर जा गिरी। बीयर शाप क्षतिग्रस्त हो गई, उसके ऊपर बना कमरा ध्वस्त हो गया। पुलिस और मेट्रो के अधिकारियों ने तत्काल इस रास्ते को बंद करा दिया। थाना सदर में प्रतापपुरा चौराहे के पास देवीराम स्वीट्स की दुकान है। यहां मेट्रो का एलीवेटेड ट्रैक बनाने का काम चल रहा है। पिलर के लिए जमीन खोदने को पाइलिंग रिंग का प्रयोग हो रहा है। अचानक सड़क का हिस्सा धंस गया।

अचानक गिर गई मेट्रो की क्रेन

जमीन धंसते ही वहां खड़ी करीब 25 फीट की ड्रिल मशीन का संतुलन बिगड़ गया। उसकी शाफ्ट बेकाबू होकर करीब स्थित बीयर शान की छत पर बन कमरे पर गिर गई। छत पर बना कमरा पूरी तरह मलबे में बदल गया। साथ ही बीयर दुकान की छत भी क्षतिग्रस्त हो गई। छत पर रखी पानी की टंकी टूट गई। अचानक हुए धमाके से आसपास के घरों में सो रहे लोग जाग गए। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और मेट्रो के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। एहतियात के तौर पर इलाके की घेराबंदी कर दी गई। मशीन को क्रेन से भी हटाया गया। प्रशासन और दूसरी एजेंसियां जमीन धंसने के कारणों की जांच कर रही हैं। फिलहाल हालात काबू में हैं और निर्माण स्थल पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

पाइलिंग रिग (क्रेन) दरअसल युद्ध में प्रयोग होने वाले टैंक की तरह होती है। इसकी निचला हिस्सा बेहद भारी होता है। मशीन के आगे लगा ड्रिल बट मिट्टी को काटता है। यह लोहे की चेन से ऊपर-नीचे जाता है। आम तौर पर मेट्रो के पिलर के लिए 15 से 40 मीटर




गहराई तक खुदाई की जाती है। दूसरे शब्दों में जब तक जमीन के नीचे मजबूत चट्टानी परत न मिल जाए, खुदाई होती रहती है। इसी चट्टानी परत पर मेट्रो के पिलर को टिकाया जाता है। बेस के लिए करीब 100 फुट चौड़ा गहरा गड्ढा बनाया बनाया जाता है। इसी तल पर लोहे की सरिया, कांक्रीट से मजबूत जाल बनाया जाता है। इसके ऊपर पिलर खड़ा किया जाता है।

मशीन प्रभुकांत नागर के मकान पर गिरी थी। उनके घर में आगे की तरफ शराब का ठेका और पीछे की ओर परिवार रहता है। मशीन ठेके की छत पर गिरी। मकान के पिछले हिस्से में सोते हुए लोग तेज धमाके और कंपन से जागकर बाहर आ गए। बाहर देखा तो होश उड़ गए। ठेके पर बना कमरा ध्वस्त हो चुका था। दुकान की छत भी टूट गई थी। मशीन की ऊंचाई ज्यादा होती तो बड़ा नुकसान हो सकता था। एमजी रोड, माल रोड, फतेहाबाद रोड, सिकंदरा रोड, रामबाग से कालिंदी विहार रोड पर इसी तरह की तमाम मशीनें लगी हैं। सड़कों के बीचोंबीच काम चल रहा है। दोनों ओर से ट्रैफिक भी आता-जाता है। इनमें बसें, कारें, दोपहिया, आटो जैसे वाहन चल रहे हैं। सोचिए कि दिन में अगर ऐसे स्थानों पर मशीन गिर जाए तो क्या होगा। मेट्रो कार्पोरेशन के सुरक्षा संबंधी दावों पर फिर सवाल लगा दिए हैं। मेट्रो रेल कार्पोरेशन का कहना है कि सड़क के नीचे छोटे-छोटे गड्डे हैं। जब जांच कराई गई तो सड़क के नीचे मलबा और राख निकली है। सड़क की भराई ठीक नहीं की गई। मेट्रो का कहना है कि कानपुर, लखनऊ में इस तरह की दिक्कत नहीं आई है। यह पहला मामला है जबकि सड़क धंस गई। हालांकि अब पाइलिंग पूरी हो गई है। पिलर के लिए गहरे गड्ढों की खुदाई करने के लिए पूरे शहर में 17 पाइलिंग रिग लगाई गई हैं। जहां निर्माण तेजी से करना होता है वहां इनकी संख्या बढ़ा दी जाती है। काम करने वाली कंपनी मशीन को किराए पर लेती रहती हैं। इस समय सभी निर्माण स्थलों पर कुल 12 मशीन काम कर रही हैं। मेट्रो के मुताबिक पिलर खुदाई का काम लगभग खत्म हो गया है।

# बांग्लादेश में नए पीएम का शपथ ग्रहण, भारत के अलावा12 देशों को भेजा गया है न्योता



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के आम चुनवाों में बीएनपी को बड़ी जीत मिलने के बाद प्रधानमंत्री समेत पूरे मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण 17 फरवरी को होने जा रहा है। इस समारोह का दिलचस्प पहलू यह है कि यह राष्ट्रीय संसद परिसर के साउथ प्लाजा में आयोजित किया जा रहा है जबकि अभी तक शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित होते रहे हैं। समाचारपत्र 'प्रोथोम आलो' और 'इत्तेफाक' में प्रकाशित खबर के अनुसार, समारोह के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन नव-निर्वाचित सांसदों को पद की शपथ दिलाएंगे, जबकि संविधान के अनुसार यह शपथ अध्यक्ष शिरीन शरमिन चौधरी द्वारा दिलाई जानी चाहिए। बांग्लादेश में प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत-पाकिस्तान समेत 13 देशों को न्योता भेजा गया है। इनमें चीन, सऊदी अरब, तुर्की, यूएई, कतर, मलेशिया, ब्रुनेई, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव और भूटान शामिल हैं। बीएनपी चीफ तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। बता दें कि बांग्लादेश ने भारत को न्योता भेजा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ढाका जाना असंभव ही है। 17 तारीख को ही प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पूर्व निर्धारित बैठक होने वाली है। ऐसे में किसी प्रतिनिधि को ढाका भेजा जा सकता है। बीएनपी ने कहा, 'बांग्लादेश अपने सभी नागरिकों के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों, समावेशिता और प्रगतिशील विकास को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम आपसी सम्मान, एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता और अपने क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के प्रति साझा प्रतिबद्धता के मार्गदर्शन में, भारत के साथ रचनात्मक रूप से जुड़कर अपने बहुआयामी संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।' तारिक रहमान के एक प्रमुख सहयोगी ने नाम न उजागर की शर्त पर बताया कि मौजूदा परिस्थितियों ने मामलों को थोड़ा जटिल बना दिया है।

● अर्धसैनिक बल ने किए अत्याचार: यूएन की रिपोर्ट

# अल-फाशेर में तीन दिन तक हिंसा में मारे गए 6000 से अधिक लोग

**काहिरा, एजेंसी।** सूडान के दारफुर क्षेत्र में एक अर्धसैनिक समूह ने अक्तूबर के अंत में तीन दिनों तक अत्यधिक हिंसा की। इसकी भयावहता और क्रूरता हैरान करने वाली थी। इस हिंसा में छह हजार से अधिक लोग मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने यह जानकारी दी है। यूएन का कहना है कि सूडान के अल-फाशेर में रैपिड सपोर्ट फोर्सेस (आरएसएफ) के हमले में तीन दिनों में कम से कम छह हजार लोग मारे गए। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने शुक्रवार को रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में कहा गया कि अल-फाशेर शहर पर कब्जा करने के लिए हमले में आरएसएफ बड़े पैमाने पर ऐसे अत्याचारों में



शामिल था, जो युद्ध और मानवता के खिलाफ अपराधों की श्रेणी में आते हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने कहा, अल-फाशेर पर आखिरी हमले में आरएसएफ और उसके सहयोगी अरब मिलिशिया की ओर से किए गए मनमाने अपरा दिखाते हैं कि अपराध के लिए सजा न देने से हिंसा के निरंतर चक्र को बढ़ावा मिलता है। आरएसएफ और उसके सहयोगी अरब समूहों ने 26 अक्तूबर को अल-फाशेर पर कब्जा कर लिया था। इन अरब समूहों को जनजावीद कहा जाता है। अल-फाशेर दारफुर में सूडानी सेना का आखिरी किला था। 18 महीनों की घेराबंदी के बाद आरएसएफ ने शहर और आसपास के इलाकों में लूटपाट की और जमकर हिंसा फैलाई।

# आरोप- पुतिन ने अपने विरोधी को एपिबैटिडीन जहर देकर मारा, इससे पहले लकवा फिर दर्दनाक मौत होती है

**मॉस्को, एजेंसी।** यूरोप के पांच देशों ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर उनके विरोधी एलेक्सी नवलनी को 'एपिबैटिडीन जहर' देकर मारने का आरोप लगाया है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन और नीदरलैंड ने कहा है कि यूरोप की लैब में नवलनी के शरीर के नमूनों की जांच में एपिबैटिडीन पाया गया। ये जहर रूस में प्राकृतिक रूप से नहीं मिलता।

इन देशों ने कहा कि रूस के पास यह जहर देने के साधन, मकसद और मौका तीनों थे। उन्होंने रूस के खिलाफ केमिकल वेपन्स कन्वेंशन के उल्लंघन की शिकायत करने की बात कही है।

नेशनल ज्योग्राफिक के मुताबिक, ये जहर दक्षिण अमेरिका में पाए जाने वाले जहरीले डार्ट मेंढकों की त्वचा में मिलता है। यह जहर पहले शरीर को लकवाग्रस्त करता है, फिर सांस लेने में दिक्कत पैदा करता है और आखिर में दर्दनाक मौत हो सकती है। डार्ट मेंढक करीब दो इंच लंबे होते हैं, लेकिन उनके शरीर में इतना जहर होता है कि वह लगभग 10 वयस्क लोगों को मार सकता है। इन मेंढकों की त्वचा से निकाले जाने वाले जहर को एपिबैटिडीन कहा जाता है। यह एक न्यूरोटॉक्सिन है, यानी ऐसा जहर जो सीधे नर्व सिस्टम पर असर करता है। इसे एक रासायनिक हथियार के रूप में भी जाना जाता है। डार्ट मेंढक का जहर धरती के सबसे घातक जहरों में गिना जाता है।

यह मॉर्फीन से लगभग 200 गुना ज्यादा ताकतवर है। इससे शरीर को लकवा मार सकता है, सांस लेने में गंभीर दिक्कत पैदा हो सकती है और दर्दनाक मौत होती है। वैसे तो एपिबैटिडीन मेंढकों में प्राकृतिक रूप से मिलता है, लेकिन इसे लैब में भी बनाया जा सकता है। यूरोपीय वैज्ञानिकों को शक है कि इस मामले में इसे लैब में तैयार किया गया था। नवलनी की



16 फरवरी 2024 को आर्कटिक की एक जेल में मौत हो गई थी, वो यहां 19 साल की सजा काट रहे थे। वे सरकारी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते थे और विरोध प्रदर्शन करते थे। ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर ने कहा कि रूस नवलनी को खतरे के रूप में देखता था और इस तरह का जहर इस्तेमाल कर उसने दिखाया कि वह राजनीतिक विरोध से कितना डरता है। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरो ने कहा कि यह घटना दिखाती है कि पुतिन सत्ता में बने रहने के लिए बायोलॉजिकल हथियार तक इस्तेमाल करने को तैयार हैं। नवलनी की पत्नी यूलिया नवलनाया ने कहा कि उन्हें पहले दिन से यकीन था कि उनके पति को जहर दिया गया था और अब इसका सबूत मिल गया है। उन्होंने पुतिन को हत्यारा बताते हुए जवाबदेह ठहराने की मांग की। वहीं रूसी अधिकारियों का कहना है कि नवलनी टहलने के बाद बीमार पड़े और उनकी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भी इन आरोपों को खारिज किया है। नवलनी पहले भी 2020 में जहर देने की कोशिश की गई थी। उस वक्त उन्हें 'नोविचोक' नाम का नर्व एजेंट दिया गया था। उन्होंने इसका आरोप क्रेमलिन पर लगाया था, लेकिन रूस ने इससे इनकार किया था।

इलाज के लिए उन्हें जर्मनी ले जाया गया था। ठीक होने के बाद जब वे रूस लौटे तो उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और अपनी जिंदगी के आखिरी तीन साल जेल में बिताए। ब्रिटेन पहले भी रूस पर ऐसे हमलों का आरोप लगाता रहा है। 2018 में इंग्लैंड के सैलिस्बरी शहर में पूर्व रूसी एजेंट सर्गेई स्क्रिपल पर 'नोविचोक' नर्व एजेंट से हमला हुआ था। वे और उनकी बेटी गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। एक ब्रिटिश महिला डॉन स्टर्जेस की भी मौत हो गई थी। ब्रिटेन की जांच में कहा गया था कि इस हमले को हाई लेवल से मंजूरी मिली होगी। इसी तरह 2006 में लंदन में पूर्व रूसी एजेंट अलेक्जेंडर लिट्विनेंको की रेडियोएक्टिव पदार्थ पोलोनियम-210 से मौत हुई थी। ब्रिटिश जांच में कहा गया था कि दो रूसी एजेंटों ने उन्हें जहर दिया और संभव है कि इस ऑपरेशन को मंजूरी दी गई हो। हालांकि रूस ने इन सभी मामलों में अपनी भूमिका से इनकार किया है। पुतिन पहली बार साल 2000 में रूस के राष्ट्रपति बने थे।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216, (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496